


- पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट सेंसेक्स 252 अंक फिसला -12




- जीडीपी वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से नीचे ला सकता है पश्चिम एशिया संकट -12



- रूस ने युद्धविराम की घोषणा कर कीव पर किया हमला, पांच लोगों की मौत -13



- होर्मुज को जबरन खोलने के अमेरिकी प्रयास से फिर युद्ध भड़कने का खतरा -14


आज का मौसम
32.0⁰ अधिकतम तापमान
23.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.28
सूर्यास्त 06.42

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
- लखनऊ - बरेली - कानपुर
- मुरादाबाद - अयोध्या - हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 07:51 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 6 मई 2026, वर्ष 36, अंक 88, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


### बर्फबारी में भी उत्साह बरकरार



केदारनाथ धाम में तीन दिन से बारिश और बर्फबारी जारी है। इसके बाद भी भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं है। मंगलवार को 17 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

## ममता बोलीं- नहीं दूंगी इस्तीफा, चुनाव परिणाम जनादेश नहीं बल्कि साजिश

कोलकाता, एजेंसी

**टीएमसी प्रमुख ने कहा- हम हारे नहीं हराया गया है, 100 सीट पर जनादेश लूटा गया**

टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार किया और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का परिणाम जनादेश नहीं बल्कि एक साजिश है। साथ ही उन्होंने सड़कों पर उतरकर लड़ाई लड़ने और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ा, बल्कि उसकी लड़ाई निर्वाचन आयोग से थी, जिसने भाजपा के लिए काम किया। भाजपा की प्रचंड जीत के एक दिन बाद बनर्जी ने यहां



एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि हमारी हार जनता के जनादेश से नहीं, बल्कि एक साजिश के तहत हुई है। मैं हारी नहीं हूं, मैं लोक भवन नहीं जाऊंगी। बनर्जी ने कहा, मुझे इस्तीफा क्यों देना चाहिए? हम हारे नहीं हैं। मतों की लूट हुई है। इस्तीफे का सवाल ही कहां उठता है? बनर्जी ने मतगणना प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दावा किया कि लगभग 100 सीट पर जनादेश को लूट लिया गया और उनकी पार्टी का मनोबल गिराने के लिए जानबूझकर मतगणना धीमी की गई। मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में ऐसा चुनाव कभी नहीं देखा। इतिहास में एक काला अध्याय जुड़ गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त खलनायक बन गए हैं।

### भाजपा ने बंगाल में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक किया नामित



**नई दिल्ली।** भाजपा ने बंगाल में अपने विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पार्टी का केंद्रीय पर्यवेक्षक नामित किया। पार्टी ने असम में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को भी केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया। पार्टी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को असम में भाजपा के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है। अधिसूचना के अनुसार, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को पश्चिम बंगाल में भाजपा के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सह-पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### इस्तीफा देने से मना करना संवैधानिक अपमान: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने ममता बनर्जी के इस्तीफा देने से इनकार करने को संवैधानिक अपमान करार दिया और उन पर शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरण की अवधारणा को कमजोर करने का आरोप लगाया। शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि बनर्जी हिंसा के माध्यम से संवैधानिक व्यवस्था को क्षतिग्रस्त करने का सुझाव दे रही हैं।

### एक सीट और भाजपा के खाते में, कुल संख्या 207 हुई

**कोलकाता।** बंगाल में ऐतिहासिक जनादेश प्राप्त करने के एक दिन बाद मंगलवार को भाजपा की सीटों की संख्या बढ़कर 207 हो गई। 294 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा की सीटों की यह संख्या राजारहाट-न्यू टाउन सीट पर वोटों की दोबारा गिनती होने के बाद पार्टी को मिली जीत के कारण हुई।

### न्यूज ब्रीफ

#### अचल संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए मसौदा नियम जारी

**मुंबई।** आरबीआई ने मसौदा दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि बैंक और एनबीएफसी ऋण वसूली की प्रक्रिया में केवल अपवादस्वरूप ही अचल संपत्तियों का अधिग्रहण कर सकेंगी। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि विनियमित इकाइयों (आरई) से सामान्य परिस्थितियों में अपेक्षा नहीं की जाती कि वे अपनी नियमित ऋण गतिविधियों के बदले गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों पर कब्जा करें। हालांकि, अपवाद की स्थितियों में, जब ऋण एनपीए बन जाता है और कानूनी या संविदात्मक उपाय लागू किए जा चुके हों, तो विनियमित इकाइयां वसूली रणनीति के तहत गिरवी रखी गई अचल संपत्ति का स्वामित्व ले सकती हैं।

#### डेढ़ करोड़ के हाथी दांत के साथ दो गिरफ्तार

**देहरादून।** स्पेशल टास्क फोर्स और वन विभाग की संयुक्त टीम ने उधमसिंह नगर जिले में डेढ़ करोड़ रु मूल्य का हाथी दांत बरामद करते हुए दो संदिग्ध वन्यजीव तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए संदिग्ध तस्करों की पहचान सितारगंज के रहने वाले मृत्युंजय हलदार (32) और माणिक मंडल (35) के रूप में हुई है। बरामद हाथी दांत का वजन सात किलो 820 ग्राम तथा उसकी लंबाई तीन फीट तीन इंच और गोलाई 13 इंच है।

# पिछली सरकारों की गलती से गई शिक्षामित्रों की नौकरी : मुख्यमंत्री

### गोरखपुर से सीएम योगी ने डेढ़ लाख शिक्षामित्रों-अनुदेशकों को बढ़ा हुआ मानदेय देने की शुरुआत की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों ने बिना नियम-कानून के सहायक शिक्षक के रूप में मान्यता देने का कुत्सित प्रयास किया। जिसके चलते सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा और सेवाएं समाप्त करनी पड़ीं। लेकिन, मेरी सरकार ने संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेते हुए शिक्षामित्रों की सेवाएं समाप्त नहीं होने दीं, बल्कि उन्हें नई व्यवस्था के तहत जोड़कर अब पांच गुना से अधिक मानदेय दे रही है।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को गोरखपुर में आयोजित राज्यस्तरीय शिक्षामित्र सम्मान समारोह में शिक्षामित्र और अनुदेशकों को 8 हजार बढ़े हुए मानदेय देने की शुरुआत करते हुए बोल रहे थे। योगी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद हमारे सामने बड़ी चुनौती थी। डेढ़ लाख परिवार सड़कों पर भूखों मरने की नौबत पर आ सकते थे। ये लोग 18-19 वर्षों से सेवाएं दे रहे थे। उम्र के इस पड़ाव में वे कहां जाते? तब हमने मंत्रिमंडल में फैसला किया कि इनकी सेवाएं समाप्त नहीं करेंगे, बल्कि इनका सहयोग लेंगे। योगी ने बताया कि वर्ष 2017 में शिक्षामित्रों का मानदेय 3,500 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये किया गया था, जिसे अब बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। यह बढ़ा हुआ मानदेय अप्रैल 2026 से प्रभावी हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। 'ऑपरेशन कायाकल्प' के तहत विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं 30-36 प्रतिशत से बढ़कर 96-99 प्रतिशत तक पहुंच गई हैं। ड्रॉपआउट दर 19 प्रतिशत से घटकर 3 प्रतिशत रह गई है।




समारोह में महिला शिक्षामित्र को प्रतीकात्मक चेक देते मुख्यमंत्री योगी।

- योगी बोले- पिछली सरकारों ने बिना नियम-कानून के सहायक शिक्षक के रूप में मान्यता देने का किया कुत्सित प्रयास

#### योगी ने कहा- संवाद और सहयोग से निकला समाधान

मुख्यमंत्री ने शिक्षामित्रों से सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि केवल मांगों और विरोध की राजनीति से शिक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती। पहले देश, फिर हम के मंत्र के साथ काम करने पर ही बेहतर पीढ़ी तैयार होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने टकराव नहीं, बल्कि संवाद और सहयोग के माध्यम से समाधान निकाला है।

#### शिक्षा मित्रों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा

योगी ने शिक्षामित्रों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें 5 लाख रुपये तक की वार्षिक कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ने की घोषणा की। कहा कि पात्रों को यह सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, उनके बैंक खाते खुलवाकर मानदेय सीधे खाते में भेजने की व्यवस्था की जा रही है। शिक्षामित्रों को उनके जिले या निकटतम विद्यालय में तैनाती देने और महिला शिक्षामित्रों को परिस्थितियों के अनुसार म्यूचुअल ट्रांसफर सुविधा भी मिलेगी।

## केंद्र की कई योजनाओं को झंडी, शीर्ष कोर्ट में 34 की जगह 38 जज होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

पांच राज्यों के चुनावी नतीजे आने के ठीक एक दिन बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ताबड़तोड़ फैसले लिए गए। इस दौरान केंद्र सरकार ने कई हजार करोड़ की कई योजनाओं को हरी झंडी दी। बैठक में उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की संख्या को वर्तमान 34 से बढ़ाकर 38 करने के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी।

इसके अलावा एमएसएमई और एविएशन सेक्टर के लिए 18,100 करोड़ रुपये की इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम शुरू की है। गन्ना किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने चीनी सीजन 2026-27 (अक्टूबर - सितंबर) के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल मंजूर किया है। वहीं, भारत के कपास क्षेत्र में आने वाली बाधाओं, घटती ग्रोथ और क्वालिटी संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए कपास उत्पादकता मिशन (2026-27 से 2030-31) के लिए 5659.22 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में 33 न्यायाधीश और प्रधान न्यायाधीश हैं। इस संख्या को चार और बढ़ाने के लिए संसद के अगले सत्र में एक विधेयक लाया जाएगा। संसद द्वारा विधेयक पारित होने के बाद, उच्चतम न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या 38 हो जाएगी। इससे पहले उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अधिनियम, 2019 पारित होने के साथ शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या आखिरी बार 30 से बढ़ाकर 33 (प्रधान न्यायाधीश को छोड़कर) की गई थी।



- सरकार ने गन्ने का लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल किया

#### एमएसएमई, विमानन कंपनियों के लिए आपातकालीन ऋण गारंटी योजना

सरकार ने मंगलवार को एमएसएमई, एयरलाइन और अन्य कंपनियों की कार्यशील पूंजी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की घोषणा की। पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बीच यह कदम उठाया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी। इससे 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण प्रवाह उपलब्ध होने की उम्मीद है। वैष्णव ने कहा कि यह योजना इन क्षेत्रों को बैंक और वित्तीय संस्थानों से अतिरिक्त कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने में मदद करेगी।

## अधिकारियों को गृह जिले में नहीं मिलेगी तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने नई तबादला नीति को लेकर जारी किया शासनादेश
- तीन साल जिला व सात साल मंडल की सीमा से बढ़ेगी पारदर्शिता

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव ने एसपी गोयल ने मंगलवार को नई तबादला नीति 2026-27 लागू करने का शासनादेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि समूह 'क' और 'ख' के अधिकारियों को उनके गृह जिले में तैनाती नहीं दी जाएगी। साथ ही, मंडल स्तर के पदों पर कार्यरत अधिकारियों को उनके गृह मंडल में भी तैनाती से वंचित रखा जाएगा। तीन साल जिला और सात साल मंडल में सेवा पूरी कर चुके अधिकारियों का स्थानांतरण अनिवार्य होगा।

सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से स्थानीय प्रभाव, दबाव और पक्षपात की संभावनाएं कम होंगी तथा प्रशासनिक निर्णय अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बनेंगे। यह प्रावधान लंबे समय से एक ही क्षेत्र में जमे अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी प्रभाव डालेगा और सिस्टम में जवाबदेही बढ़ाएगा। इस प्रक्रिया में सबसे अधिक समय से तैनात अधिकारियों के तबादले को प्राथमिकता दी जाएगी। शासनादेश में तबादलों में मनमानी पर रोक लगाने के लिए स्पष्ट प्रतिशत सीमा तय की है। समूह 'क' और 'ख' के अधिकतम 20 प्रतिशत तथा समूह 'ग' और 'घ' के 10 प्रतिशत तक ही तबादले किए जा सकेंगे। इससे अधिक तबादलों के लिए उच्च स्तर की अनुमति आवश्यक होगी। इसके साथ ही, पूरी प्रक्रिया को मेरिट आधारित और ऑनलाइन बनाने पर जोर दिया गया है। मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही तबादला आदेश, कार्यमुक्ति और कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। 31 मई 2026 तक सभी तबादले पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

#### आदेश न माने तो कार्रवाई

- तय समय में कार्यभार न छोड़ना अनुशासनहीनता माना जाएगा
- वेतन रोकने और विभागीय कार्रवाई का प्रावधान
- सिफारिश या दबाव डालने पर भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

#### सख्ती के साथ राहत भी, नीति में संतुलन

नई तबादला नीति में जहां एक ओर सख्ती बढ़ाई गई है, वहीं मानवीय पहलुओं का भी ध्यान रखा गया है। दिव्यांग कर्मचारियों और उनके आश्रितों को सामान्य तबादलों से छूट दी गई है। पति-पत्नी दोनों सरकारी सेवा में होने पर उन्हें एक ही स्थान पर तैनाती देने को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, आकांक्षी जिलों में सभी पदों को भरने के निर्देश दिए गए हैं और वहां तैनात कर्मचारियों को न्यूनतम दो वर्ष बाद ही स्थानांतरण का विकल्प मिलेगा।

## इंडिगो विमान में पावर बैंक फटा, 3 घायल

चंडीगढ़, एजेंसी

- चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर हुआ बड़ा हादसा, आपातकालीन निकासी कराई गई

चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर इंडिगो की उड़ान में एक यात्री का पावर बैंक फट गया। जिसके बाद यात्रियों की आपातकालीन निकासी कराई गई। हादमें में तीन यात्री घायल हो गए हैं। एक यात्री ने मीडिया को बताया कि आग लगने के कारण विमान का केबिन धुएं से भर गया था।

विमानन कंपनी के अनुसार, हैदराबाद से चंडीगढ़ पहुंची इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई108 जब हवाई अड्डे पर खड़ी थी, तब एक यात्री के निजी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में आग लगने की घटना सामने आई। विमानन कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, सुरक्षा के मद्देनजर तुरंत निकासी कराई गई और संबंधित सभी अधिकारियों को फौरन सूचित किया गया।

सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से टर्मिनल तक पहुंचा दिया गया है और टीम उनकी देखभाल कर रही है। उन्होंने कहा, विमान के दोबारा संचालन शुरू करने से पहले आवश्यक जांच की जाएगी। इंडिगो में हमारे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमेशा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहती है।



## मोदी ने फुजैरा में हुए हमलों की निंदा की कहा- यूएई के साथ खड़ा है भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यूएई के शहर फुजैरा के एक प्रमुख तेल उद्योग क्षेत्र पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की और कहा कि भारत खाड़ी देश के साथ पूरी तरह से एकजुटता से खड़ा है। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। संयुक्त अरब अमीरात ने इस हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है।

मोदी ने कहा कि आम नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। भारत यूएई के साथ पूरी तरह एकजुट है और सभी मुद्दों के संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपना समर्थन दोहराता है। फुजैरा शहर पर हमला ऐसे समय में हुआ है जब होर्मुज में अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि होर्मुज से सुरक्षित व निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



- हमले में तीन भारतीय नागरिक हो गए थे घायल

**सुप्रीम सुनवाई** | नौ जजों की संविधान पीठ ने सबरीमाला मामले से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

## जनहित याचिका का हो रहा दुरुपयोग, यह 'पैसा हित याचिका' बन गई है

नई दिल्ली, एजेंसी

जनहित याचिकाओं के दुरुपयोग पर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि जनहित याचिका (पीआईएल) अब निजी (प्राइवेट) हित याचिका, प्रचार (पब्लिसिटी) हित याचिका, पैसा हित याचिका और राजनीतिक (पॉलिटिकल) हित याचिका बन गई है। यह टिप्पणी नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने उस वक्त की जब वे केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रहे थे।



शीर्ष अदालत ने केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली ''इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन'' की 2006 की जनहित याचिका के उद्देश्य पर सवाल उठाया। ''इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन'' का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता रवि प्रकाश गुप्ता ने दलील दी कि जनहित याचिका जून 2006 में प्रकाशित चार समाचार पत्रों के लेखों पर आधारित थी। इस पर प्रधान न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि जनहित याचिका को सीधे खारिज कर देना चाहिए था। पीठ ने कहा, यह लेख जनहित याचिका दायर करने का आधार कैसे देता है? जनहित याचिकाएं दायर करवाने के लिए लेख लिखवाना आसान है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, हम उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट में आम जनता के लिए जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते रहे हैं, न कि अखबारों में छपे लेखों के लिए। उन्होंने कहा, जनहित याचिका अब निजी हित याचिका, प्रचार हित याचिका, पैसा हित याचिका और राजनीतिक हित याचिका बन गई है। इन सभी को जनहित याचिका कहा जाता है, लेकिन हम केवल वास्तविक और प्रामाणिक जनहित याचिकाओं पर ही सुनवाई करते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि सीजेआई को हर दिन सैकड़ों पत्र प्राप्त होते हैं। उन्होंने सवाल किया कि तो क्या इन सभी पत्रों को जनहित याचिकाओं में बदला जा सकता है। सितंबर 2018 में पांच जजों की संविधान पीठ ने चार अनुपात एक के बहुमत से फैसला सुनाते हुए अयप्पा मंदिर में 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया था।

- महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली 'इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन' की 2006 की जनहित याचिका के उद्देश्य पर सवाल उठाया

#### न्यायालय ने इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन से पूछा- क्या आप देश के मुख्य पुजारी हैं

सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन की 2006 की जनहित याचिका पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा क्या आप देश के मुख्य पुजारी हैं? सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि जनहित याचिका कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग थी और एसोसिएशन को इस तरह की जनहित याचिकाएं दायर करने के बजाय बार और अपने युवा सदस्यों के कल्याण के लिए काम करना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### दो अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन द्वारा मंगलवार को अलग-अलग स्थानों से दो अधिकारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। पहला मामला सहारनपुर से, जबकि दूसरा मामला लखीमपुर खीरी से जुड़ा हुआ है। सहारनपुर पवन बिहार नियर जैन डिग्री कॉलेज निवासी विनय कुमार छाबड़ा के नवनिर्मित मकान का सील हटाने के एवज में रिश्वत की मांग सहारनपुर विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता आशीष सक्सेना द्वारा की गई थी। इस दौरान निरीक्षक मुकेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने ट्रैप करना शुरू किया। निरीक्षक ने अवर अभियंता द्वारा 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। उधर, लखनऊ इकाई द्वारा की गई कार्रवाई में इन्दल सिंह निवासी चन्दौख, बिजनौर से स्थानान्तरण के एवज में रिश्वत मांगी गई थी। निरीक्षक अरूणेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ सहायक प्रभागीय वन अधिकारी उत्तर खीरी विक्रान्त सिंह नेगी को 12 हजार रूपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।

### प्रीपेड सिस्टम खत्म होना आंदोलन की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था समाप्त किए जाने के फैसले को अपनी प्रदेशव्यापी जनआंदोलन की जीत बताया है। पार्टी के वरिष्ठ



नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह 25 करोड़ जनता के संघर्ष का परिणाम है, जिसने सरकार को बैकफुट पर आने के लिए मजबूर किया। संजय ने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर "स्मार्ट चीटर" बनकर आम लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां पहले 1500 रुपये का बिजली बिल आता था, वहीं स्मार्ट मीटर लगने के बाद यह 6000-7000 रुपये तक पहुंच गया। साथ ही रिचार्ज के बावजूद घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रहने की शिकायतें भी सामने आईं। उन्होंने बताया कि पार्टी ने 28 अप्रैल से इस मुद्दे पर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया था, जिसके तहत 3 मई को प्रदेशभर में प्रदर्शन किए गए। कई जगहों पर कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई के बावजूद विरोध जारी रहा।

### आयुष्मान योजना में बागपत नंबर वन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रभाव से प्रदेश में स्वास्थ्य सुरक्षा का दायरा तेजी से बढ़ा है। बागपत जिले ने इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है, जहां लक्ष्य के सापेक्ष 94 प्रतिशत से अधिक परिवारों को योजना से जोड़ा जा चुका है।जिलाधिकारी अस्मिता लाल के अनुसार, आयुष्मान कार्ड अब लोगों के लिए सुरक्षा और उम्मीद का प्रतीक बन चुका है। इसके तहत पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज सरकारी और निजी अस्पतालों में उपलब्ध हो रहा है। बागपत में अब तक 123 करोड़ रुपये से अधिक का क्लेम दर्ज किया जा चुका है, जो योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाता है। इससे पहले जहां लोग इलाज के लिए कर्ज लेने को मजबूर होते थे, वहीं अब उन्हें बड़ी राहत मिली है। योजना का लाभ आम लोगों के जीवन में बदलाव ला रहा है।

### नियामक आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से 24 घंटे में मांगा जवाब

**अमृत विचार,लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की याचिका पर विद्युत नियामक आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से 16 अप्रैल को विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। इसे लापरवाही मानते हुए यूपीपीसीएल के चेयरमैन और एमडी को 24 घंटे में जवाब देने के निर्देश के साथ दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। परिषद ने कहा कि यह स्थिति साफ करती है कि पावर कॉरपोरेशन पारदर्शिता से बच रहा है और उपभोक्ताओं के हितों की अनदेखी कर रहा है। परिषद का आरोप है कि नए बिजली कनेक्शन केवल प्रीपेड मोड में दिए जा रहे हैं और मौजूदा पोस्टपेड कनेक्शन उपभोक्ताओं की सहमति के बिना प्रीपेड में बदल दिए जा रहे हैं, जो नियमों के खिलाफ है। आयोग की ओर से जारी कॉस्ट डेटा बुक के अनुरूप कार्यवाही भी नहीं हो रही। प्रदेश में हाल ही में मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपीपीसीएल ने 75 लाख से अधिक प्रीपेड कनेक्शनों को पोस्टपेड में बदलने का ऐलान किया था। पावर कॉरपोरेशन ने इस संबंध में प्रेस नोट जारी किया, लेकिन अब तक कोई लिखित आदेश नहीं दिखा।

# विकास कार्यों का संरक्षण करना नागरिकों की भी जिम्मेदारी

- टू-लेन ब्रिज के लोकार्पण समारोह में योगी ने याद दिलाई जिम्मेदारी
- तारामंडल क्षेत्र में 14.33 करोड़ की लागत से बनाया गया है ब्रिज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तेजी से आगे बढ़ते देश और प्रदेश के साथ गोरखपुर भी विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि विकास कार्यों का संरक्षण करना भी उनकी जिम्मेदारी है, ताकि इनका लाभ लंबे समय तक मिलता रहे।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को गोरखपुर के तारामंडल क्षेत्र में वाटर बॉडी पर 14.33 करोड़ रुपये की लागत से बने टू-लेन ब्रिज का लोकार्पण किया।

फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर उन्होंने पुल को जनता को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले गोरखपुर की छवि असुरक्षा और अव्यवस्था से जुड़ी थी, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। आज यहां निवेश बढ़ा है, नौजवानों को रोजगार मिल रहा है और शहर आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहा है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र गीडा में ही 50 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है।

शहर में फोर-लेन और सिक्स-लेन कनेक्टिविटी, एम्स, खाद कारखाना, पुनर्जीवित चीनी मिल, पर्यटन स्थल रामगढ़ ताल और अन्य परियोजनाएं गोरखपुर को नई पहचान दे रही हैं। लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को बुलाकर उनके साथ फोटो खिंचवाई और उनका सम्मान किया। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद बच्चों से मिलकर उन्हें स्नेह दिया।

### तारामंडल क्षेत्र बना समृद्धि का केंद्र

- सीएम योगी ने कहा कि कभी बाढ़ और अव्यवस्था के कारण उपेक्षित रहा तारामंडल क्षेत्र आज शहर की सबसे प्रमुख और महंगी लोकेशन में शामिल हो गया है। वाटर बॉडी पर बने इस नए पुल से क्षेत्र की आंतरिक कनेक्टिविटी मजबूत होगी और लोगों को लंबा रास्ता तय करने से राहत मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वाटर बॉडी को रामगढ़ ताल से जोड़ते हुए इसे पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए, ताकि लोग यहां नौकायन और मनोरंजन का आनंद ले सकें।

### ब्रिज से आवागमन आसान, जाम से राहत

- योगी ने कहा कि 112 मीटर लंबे इस पुल के दोनों ओर 1.5 मीटर चौड़ा फुटपाथ बनाया गया है। इससे वसुंधरा एंक्लेव और आसपास के कई आवासीय क्षेत्रों के बीच सीधा संपर्क स्थापित हो गया है। पहले लंबा रास्ता तय करना पड़ता था, अब जाम की समस्या से भी राहत मिलेगी।

### जनता की उपेक्षा करने वालों का सूपड़ा साफ होना तय : मुख्यमंत्री

- **अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों को जनता की निर्णायक चेतावनी बताते हुए कहा कि जो दल जनता की उपेक्षा करेंगे, विकास के धन का दुरुपयोग करेंगे और सामाजिक मूल्यों का अपमान करेंगे, उनका सूपड़ा साफ होना तय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पश्चिम बंगाल अब 'सोनार बांग्ला' की दिशा में आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री मंगलवार को जंगल बेनी माधव क्षेत्र में कल्याण मंडपम (कन्वेंशन सेंटर) के लोकार्पण और 612.32 करोड़ रुपये की लागत से 71 विकास परियोजनाओं के शिलान्यास/लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि अच्छी नीयत, स्पष्ट नीति और मजबूत संकल्प से ही विकास संभव होता है। उन्होंने गोरखपुर और प्रदेश में 2017 के बाद हुए बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले जहां अव्यवस्था और भय का माहौल था, वहीं अब विकास, सुरक्षा और सुविधाओं का विस्तार हुआ है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि बंद पड़ा खाद कारखाना भ्रष्टाचार का प्रतीक बन चुका था, जिसे अब फिर से चालू कर क्षेत्र में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गोरखपुर की पहचान माफिया और अव्यवस्था से थी, लेकिन अब यह शहर सुरक्षा, स्वच्छता, मजबूत सड़कों और विकास का प्रतीक बन गया है।

## स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम की मेरठ से शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश के 18 मंडलों पर ''स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम'' आयोजित करने की मेरठ से शुरुआत की गई है। अपर मुख्य सचिव पशुधन मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि डेयरी क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए मंडल स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि मेरठ में मंगलवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अटल सभागार में ''स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम'' आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य दुग्ध विकास विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देना है।

# 24 घंटे में मिले मुआवजा, घायलों के इलाज में न हो लापरवाही

## योगी ने कहा- आंधी, बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं पर अलर्ट रहे प्रशासन

- डीएम को फील्ड में रहकर राहत कार्यों की निगरानी के निर्देश
- आपात स्थिति से निपटने के लिए संसाधन तत्काल उपलब्ध कराएं
- खराब मौसम होने पर लोगों से घरों से न निकलने की अपील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी, वर्षा और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई ही प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि राहत वितरण में देरी या लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे स्वयं फील्ड में मौजूद रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी करें। साथ ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीमों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित सहायता पहुंचाई जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन तत्काल उपलब्ध कराए जाएं और शासन स्तर से निरंतर संपर्क बनाए रखा जाए।



गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## हर समस्या का कराएंगे समाधान: मुख्यमंत्री

- योगी ने जनता दर्शन में करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार हर समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेगी, इसलिए किसी को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री करीब 200 फरियादियों से रूबरू हुए। लोगों तक स्वयं पहुंचकर उन्होंने प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर शिकायत का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से किया जाए। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग जबरन जमीन पर कब्जा करता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रशासन और पुलिस को ऐसे मामलों में संयुक्त रूप से कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाने को कहा। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के इलाज का एस्टीमेट शीघ्र तैयार कर शासन को भेजा जाए, ताकि तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

कार्यक्रम के दौरा मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारते हुए उन्हें चॉकलेट दी और आशीर्वाद दिया, जिससे कार्यक्रम का माहौल आत्मीय बन गया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री की दिनचर्या पूर्ववत रही।

## कई जिलों में आंधी बारिश और बिजली की संभावना

**अमृत विचार, लखनऊ:** मौसम विभाग द्वारा अगले 24 घंटों में कई जिलों में तेज आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली की संभावना जताई गई है।

इसे देखते हुए प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान घरों में सुरक्षित रहें और खुले स्थानों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों से दूर रहें। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव टीमें सक्रिय हैं और लगातार हालात पर नजर रखी जा रही है।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जनहानि, पशुहानि और अन्य नुकसान का त्वरित आकलन कर राहत कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।

## बदमाशों ने युवक को अगवा कर मांगी 5 लाख की फिरौती

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** बाघराय थाना क्षेत्र के काशीपुर डुबकी लौहरौटी गांव निवासी युवक के अगवा होने से इलाके में खलबली मच गई। युवक के पिता ने बाघराय थाने में तहरीर देकर अज्ञात बदमाशों पर बेटे को अगवा कर पांच लाख रुपये फिरौती मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बाघराय थाना क्षेत्र के काशीपुर डुबकी लौहरौटी गांव निवासी हरिशंकर विश्वकर्मा पुत्र गयापाल विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका 23 वर्षीय पुत्र रिशु विश्वकर्मा तीन मई को अपने मित्र पंकज के साथ बरात में शामिल होने के लिए लाला का पुरवा थाना महेशगंज होते हुए लीलापुर गया था। चार मई को बरात से लौटने के बाद वह अपने दोस्त को घर छोड़ने के लिए निकला था। आरोप है कि दोस्त को छोड़ने के बाद जब वह वापस अपने घर लौट रहा था, कि तभी परियावां नहर थाना महेशगंज के पास वह अचानक लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला,तो घर वाले चिंतित हो उठे। अगले दिन सुबह करीब 4:30 बजे रिशु ने घर वालों को फोन कर बताया कि उसे कुछ अज्ञात लोगों ने अगवा कर लिया है। फोन पर उसने यह भी कहा कि अपहरणकर्ता उसे छोड़ने के लिए पांच लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। इस पर परिवार में हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस सक्रिय हो गई है।

# टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्तर प्रदेश बना अग्रणी मॉडल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में चल रहे 100 दिवसीय 'टीबी मुक्त भारत अभियान' ने शुरुआती 42 दिनों में ही उल्लेखनीय प्रगति दर्ज करते हुए देश के सामने एक प्रभावी मॉडल पेश किया है। बड़े पैमाने पर स्क्रीनिंग, जांच, उपचार और जन-जागरूकता गतिविधियों के जरिए प्रदेश में टीबी उन्मूलन को लेकर मजबूत आधार तैयार किया गया है।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित कुमार घोष ने अभियान की समीक्षा करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के 'टीबी मुक्त भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और अब तक के परिणाम उत्साहजनक हैं। प्रदेश में 24 मार्च को शुरू किए गए इस अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविरों के माध्यम से व्यापक स्क्रीनिंग की जा रही है। अब तक 15,03,112 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

### तकनीक और मॉनिटरिंग से मिली रफ्तार

- जांच सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में 989 एक्स-रे मशीनों और 578 एनएएटी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। अब तक 10,17,992 एक्स-रे और 2,76,446 मॉलिक्यूलर जांचें की गई हैं, जिनमें 2,21,698 प्रभावी जांच दर्ज हुई हैं। सभी आंकड़ों को निक्षय पोर्टल पर रियल-टाइम अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे पारदर्शिता और निगरानी बेहतर हो सके।

### मरीज पहचान और उपचार में तेजी

- अभियान के दौरान 68,273 टीबी मरीजों की पहचान की गई है, जबकि 28,763 मरीजों का ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी के लिए आकलन किया गया। वहीं 1,24,633 संपर्कों की पहचान कर 72,285 लोगों को टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट दिया गया है, जो रोकथाम के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# मिट गये सनातन को मिटाने का सपना देखने वाले : राजा भैया

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सभी राजनीतिक दल अपने अंदाज में प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बंगाल, असम और पुंडुचेरी में भाजपा ने भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। केरल में कांग्रेस और तमिलनाडु में विजय थलापति की टीवीके ने स्टालिन की डीएमके को हराकर कांग्रेस के साथ सरकार बनाने जा रही है। तमिलनाडु के चुनाव के नतीजों ने दक्षिण भारत ही नहीं उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी हलचल शुरू कर दी है।

कुंडा विधायक और जनसत्ता दल।लोकतांत्रिक के प्रमुख रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भैया' ने इन नतीजों पर तीखी।प्रतिक्रिया दी है। राजा भैया ने डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन और उनके बेटे। उदयनिधि स्टालिन की हार को 'सनातन धर्म' के अपमान का नतीजा करार दिया है। राजा भैया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, "मिट गये सनातन को मिटाने का सपना देखने वाले।" इसके साथ ही उन्होंने अपना 3 सितंबर 2023 का

**नतीजों पर प्रतिक्रिया**



कार्यकर्ताओं से मिलते हुए जनसत्ता लोकतांत्रिक अध्यक्ष राजा भैया।

वह पुराना ट्वीट भी रिट्वीट किया, जिसमें उन्होंने उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना बीमारियों से करने वाले बयान का कड़ा विरोध किया था।

**2023 में उदयनिधि स्टालिन ने दिया था विवादित बयान:** गौरतलब है कि साल 2023 में एक सम्मेलन के दौरान उदयनिधि स्टालिन ने कहा था कि "सनातन धर्म मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों की तरह है, जिसे केवल विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि जड़ से मिटा देना चाहिए।" उस समय राजा भैया ने कहा था कि यह बयान हिंदुओं के प्रति डीएमके की घृणा को दर्शाता है। उन्होंने तत्कालीन आईएनडीआईए गठबंधन से भी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की थी।

**सनातन धर्म के मुद्दों पर अधिक मुखर हुए हैं राजा भैया:** राजा भैया का यह ट्वीट ऐसे समय में आया है जब उत्तर प्रदेश में भी हिंदुत्व और सनातन के मुद्दों पर सियासी पारा चढ़ा हुआ है। राजा भैया हाल के वर्षों में हिंदू हितों और सनातन धर्म के मुद्दों पर अधिक मुखर हुए हैं। जानकारों का मानना है कि नतीजों को सनातन की जीत बताकर राजा भैया यूपी में अपने राजनीतिक आधार को और अधिक मजबूती देना चाहते हैं।

## विधायक ने डिजिटल लाइब्रेरी का किया उद्घाटन



लाइब्रेरी का उद्घाटन करते विधायक राजेंद्र मौर्य। अमृत विचार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** सदर विकास खंड की ग्राम पंचायत भंगवा में मंगलवार को डिजिटल लाइब्रेरी का की शुरुआत सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने फीता काटकर की। उन्होंने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी गांव के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, ऑनलाइन शिक्षा एवं ज्ञान-विज्ञान से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम साबित होगी। इस दौरान एडीओ पंचायत चंद्रभूषण यादव, ग्राम प्रधान रोहित कुमार,पंचायत सचिव संजना सरोज, पंचायत सहायक संजू कुमारी, प्रमोद दुबे, राम सजीवन गुप्ता,डॉ. राम सागर, शनि कुमार, तौहीद, शफीक आदि मौजूद रहे।

## कार्यकर्ता की दुकान पर रुके विधायक राजा भैया, व्यापारियों का जाना हाल

**कुंडा (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया सोमवार की शाम क्षेत्र भ्रमण से लौटते समय अचानक हीरागंज बाजार पहुंचे। हीरागंज बाजार स्थित व्यापार मंडल अध्यक्ष व गोगहर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव की दुकान पर रुके। वहां उन्होंने जायकेदार समोसों का स्वाद लिया। जानकारी मिलते ही उत्साहित व्यापारी और समर्थक बड़ी संख्या में पहुंच गए। राजा भैया ने सभी का हाल जाना और बाजार की गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। दुकान पर राजा भैया के रुकने के बाद लोगों ने विनोद को बधाई देते हुए उनके बढ़ते कद का संकेत बताया। इस दौरान बाबागंज विधायक विनोद सरोज,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, पंकज सिंह,काशी राणा सहित गणमान्य आदि मौजूद रहे।



अभिनव स्वीट हाउस पर नाश्ता करते जनसत्ता दल लोकतांत्रिक प्रमुख राजा भैया। अमृत विचार

**खेती-बाड़ी** | गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने किसानों को बताए बचाव के उपाय

# गन्ने की फसल को चूसक कीटों से खतरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में बढ़ते तापमान के बीच गन्ने की फसल पर चूसक कीटों का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है।

अपर गन्ना आयुक्त वीके शुक्ला के अनुसार वर्तमान मौसम में गन्ने की पौध और पेड़ी फसल में चूसक कीटों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ सकता है। गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर ने किसानों को कीटों की पहचान, उनके प्रभाव और नियंत्रण के उपायों की विस्तृत जानकारी साझा की है, ताकि समय रहते फसल को नुकसान से बचाया जा सके।

### इन कीटों से सबसे ज्यादा खतरा

- गन्ना शोध परिषद के अनुसार इस समय मुख्य रूप से तीन प्रकार के कीट काला चिकटा (ब्लैक बग), थ्रिप्स और सैनिक कीट सक्रिय हैं। काला चिकटा (ब्लैक बग) काले रंग का चूसक कीट होता है, जो पत्तियों का रस चूसकर उन्हें पीला और धब्बेदार बना देता है। इससे गन्ने की बढ़वार रुक जाती है। थ्रिप्स कीट यह बेहद छोटे आकार का होता है, जो पत्तियों के अंदर अंडे देकर रस चूसता है। इससे पत्तियां सफेद या पीली पड़ जाती हैं और उनका आकार विकृत हो जाता है। सैनिक कीट पत्तियों को कुतरकर खाता है और विशेष रूप से पेड़ी फसल में अधिक नुकसान पहुंचाता है।



### बचाव के प्रमुख उपाय

- खेत की नियमित सिंचाई करें, ताकि नमी बनी रहे
- खरपतवार और सूखी पत्तियों को खेत से हटाएं
- संतुलित उर्वरकों का उपयोग करें
- सुबह या शाम के समय कीटनाशक का छिड़काव करें
- प्रोफेनोफॉस 40% साइपरमेन्थिन 4% (750 मि.ली./हेक्टेयर)
- या इमिडाक्लोप्रिड 17.8% (200 मि.ली./हेक्टेयर) का 625 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें

## बेकाबू बाइक पेड़ से भिड़ी, युवक की मौत

**कुंडा (प्रतापगढ़):** मानिकपुर थाना क्षेत्र के बारहबीघा रामपुर गड़ौली गांव निवासी 25 वर्षीय शिवराम प्रजापति पुत्र राधेश्याम सोमवार रात चौरही गांव में निमंत्रण पर गया था। उसके साथ गांव के विजय यादव का बेटा सूरज (18), जगदीश का बेटा रामजी (30) भी दावत गए थे। तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह लोग मानिकपुर सलोन रोड पर बजहा भीट गांव के सामने पहुंचे बाइक अनियंत्रित होकर महुवा के पेड़ से टकरा गई। टक्कर से तीनों बाइक समेत गिरे तो घायल हो गए। पुलिस पहुंची। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजवाया। सीएचसी में चिकित्सक ने शिवराम प्रजापति को मृत घोषित कर दिया। जबकि सूरज को जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया।



धनोखर स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



फतेहपुर नगर में निकली श्री हनुमंत प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# पहले बड़े मंगल पर हनुमान मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

## जिले के कई स्थानों पर किया गया भंडारों का आयोजन, प्रसाद लेने के लिए उमड़े श्रद्धालु, निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

**आस्था**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर जनपद भर में हनुमान भक्ति का उत्साह देखने को मिला। भक्तिगीतों से वातावरण गूंजता रहा और बजरंग बली के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। धनोखर मंदिर, श्रीरामलीला दशहरा मंदिर, नागेश्वरनाथ, कैलाश आश्रम, लखपेड़ाबाग स्थित बालाजी मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर (कोतवाली मोड़), ब्रह्मचारी आश्रम छाया, बड़ेल, हड़ियाकोल के रोगहरण हनुमान मंदिर, जरौली, देवा के वृंदावन आश्रम और हैदरगढ़ के विजयी हनुमान मंदिर समेत विभिन्न स्थानों पर दर्शन-पूजन का क्रम दिनभर चलता रहा।

इस बार ज्येष्ठ माह में अधिक मास (मलमास) का दुर्लभ संयोग बन रहा है। 19 साल बाद बने इस संयोग के चलते इस बार 29 जून तक आठ बड़े मंगल होंगे। पहले बड़े मंगल पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। शहर के घंटाघर, लाजपत नगर, छाया चौराहा, पुलिस लाइन चौराहा, देवा रोड, कोतवाली रोड, लखपेड़ाबाग, बस अड्डा और आवास विकास सहित कई स्थानों पर भंडारे आयोजित हुए। पैसार नाका स्थित व्यापारी सुशील गुप्ता के प्रतिष्ठान पर आयोजित भंडारे में राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरित किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र वर्मा, प्रदीप जैन टीटू, भूपेंद्र सिंह, सुजीत चतुर्वेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। भाजपा नेता पंकज गुप्ता 'पंकी' ने भी विभिन्न स्थानों पर आयोजित भंडारों में सहभागिता की। लखनऊ-अयोध्या हाईवे स्थित रसौली के महावीर नगर में विशाल ढाबा के सौजन्य से भंडारे का आयोजन हुआ। देवा स्थित वृंदावन आश्रम में महंत अनमोल दास के नेतृत्व में विशेष पूजन के साथ 85 किलोग्राम का विशाल लड्डू अर्पित किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं रामनगर क्षेत्र में पक्का तालाब व लखरौरा के पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। मोहल्ला रानी में अवनीश मिश्रा द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जबकि अमरीश मिश्रा ने साथियों के साथ घर-घर बूंदी का प्रसाद वितरित किया। रामसनेहीघाट तहसील के देवीगंज, सुमेरगंज, भिटरिया और गाजीपुर स्थित हनुमान वाटिका आश्रम में भी बड़े मंगल पर विशेष आयोजन हुए। फतेहपुर नगर में सुबह श्री हनुमंत प्रभात फेरी धूमधाम से निकाली गई। जिसमें केसरिया ध्वज लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। फूलों से सजे वाहन पर विराजमान प्रभु हनुमान की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। अंत में आरती व प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन का नेतृत्व पुजारी रामचन्द्र शुक्ल ने किया। हैदरगढ़ के रानीपुर स्थित सती माता मंदिर पर ग्राम प्रधान शिव दिनेश सिंह 'राजू' के नेतृत्व में पांचवें वर्ष भी भंडारा आयोजित हुआ। सिद्धौर, सिरौलीगौसपुर और हैदरगढ़ समेत अन्य क्षेत्रों में सुंदरकांड व रामचरितमानस पाठ के साथ भंडारे आयोजित कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



देवा स्थित वृंदावन आश्रम में हनुमानजी को लगाया गया 85 किलो विशाल लड्डू का भोग।



पैसार नाके पर आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। ● अमृत विचार



शोभायात्रा में जयकारे लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### बड़े मंगल पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** बड़े मंगल पर सुमेरगंज स्थित बूढ़े हनुमान मंदिर से छोटी हनुमान गढ़ी तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ निकाली गई। जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु भगवा ध्वज लेकर नाचते-गाते चल रहे थे, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बन गया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कई स्थानों पर जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इस मौके पर प्रमोद गुप्ता मुन्ना, मनीष गुप्ता, अरविंद गुप्ता उर्फ लालजी, सुरेंद्र कौशल, मोंटी जैन, चंदन गुप्ता, पंकज कसौधन, अनुज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हादसे में प्रधान के भतीजे की मौत और बेटा गंभीर

निन्दूरा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों में से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। मृतक ग्राम प्रधान का भतीजा जबकि घायल उनका पुत्र है।

जानकारी के अनुसार हादसा लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर ग्राम बहरौली स्थित पेट्रोल पंप के सामने सोमवार देर रात हुआ। घुंघटेर कोतवाली क्षेत्र के पिण्डसावा गांव निवासी जुनैद (20) पुत्र शहाबुद्दीन और नावेद आलम पुत्र मिराज चचेरे भाई हैं।

दोनों भाई 9 मई को होने वाले टूर्नामेंट की तैयारी के लिए लखनऊ से खेल सामग्री खरीदकर बाइक से सोमवार रात घर लौट रहे थे। इसी दौरान बहरौली गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाफ डाला ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें स्थानीय चिकित्सक के पास पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने जुनैद को मृत घोषित कर दिया। घायल नावेद की हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। बता दें कि मृत युवक प्रधान मेराज का भतीजा जबकि घायल नावेद उनका पुत्र है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं मृतक के घर में कोहराम मच गया।

# ड्रेन में मिला कई दिन पुराना शव

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में निगोहा मार्ग पर नहर की सीपेज ड्रेन में सड़ा हुआ आधा शव बरामद हुआ।शव की पहचान करना मुश्किल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

क्षेत्र के कुर्सी नहर पुल से करीब 500 मीटर दूर ड्रेन में सोमवार देर रात आधा शव पड़ा देखा गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आधा शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंदाजा है कि शव काफी पुराना है। कमर से ऊपर का हिस्सा पूरी तरह गायब था, जिससे पहचान पर रहस्य और गहरा गया है। लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि इतने व्यस्त मार्ग पर शव का इस तरह सड़ते रहना न केवल अनदेखी दर्शाता है, बल्कि सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर गया।

# शिकायत निस्तारण में बर्दाश्त नहीं की जाएगी लापरवाही

**समीक्षा बैठक**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 1912 हेल्पलाइन पर प्राप्त विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों का त्वरित एवं निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मौसम को देखते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सतर्क रहकर अवरुद्ध विद्युत आपूर्ति को शीघ्र बहाल करें।
उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा बिलिंग प्रतिशत को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने पर भी जोर दिया। डीएम ने विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से शिफ्ट करने के निर्देश दिए, ताकि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। साथ ही जनपद में चल रही महत्वाकांक्षी निर्माणाधीन परियोजनाओं में विद्युत संबंधी कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता इ. राजबाला, अधिशासी अभियंता विद्युत बाराबंकी सहित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# घर से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर के वार्ड नालापार दक्षिणी में सोमवार रात चोरों ने एक घर में घुसकर करीब छह लाख रुपये मूल्य जेवर व नकदी साफ कर दी। सुबह चोरी का पता चलते ही घर में कोहराम मच गया।

वार्ड निवासी राकेश व उनका परिवार घर से कुछ दूर विपणन गोदाम में पल्लेदारी का काम करते है। घर पर पत्नी रजनी के साथ पुत्र रवि, मोहित व उनकी पत्नियां तथा बड़ी पुत्री सोनी व उसका पति राका रहते हैं। अधिकतर लोग घर के ऊपरी हिस्से में रह रहे। वहीं निचले हिस्से में पीछे की ओर बने कमरे में अलमारी, बक्सा व अन्य सामान रखा हुआ है। राकेश बताते हैं कि सुबह पुत्री सोनी सोकर उठी तो नीचे कमरे का सामान बिखरा देखा। घरवाले पहुंचे तो कमरे का नजारा देख सभी के होश उड़ गए।

**कार्यक्रम** | मानदेय वृद्धि पर शिक्षामित्रों का सम्मान, 18 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक वितरित

# शिक्षामित्रों के हित में आगे भी जारी रहेंगे कार्य

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जीआईसी ऑडिटोरियम में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षामित्रों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा रहे। उनके साथ एमएलसी एवं जिला प्रभारी अवनीश कुमार सिंह, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह 'भुल्लन' वर्मा, जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन और जॉइंट मजिस्ट्रेट जिता अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षामित्रों को 10 हजार से बढ़े हुए मानदेय 18 हजार के प्रतीकात्मक चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षामित्रों के सम्मान और मानदेय वृद्धि को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने इसे सरकार की पहल का एक पड़ाव बताते हुए कहा कि आगे भी शिक्षामित्रों के हित में कार्य जारी रहेंगे।
अवनीश कुमार सिंह ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया, जबकि अंगद कुमार सिंह और दिनेश रावत ने सरकार के इस निर्णय को सराहनीय बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। इस दौरान गोरखपुर में आयोजित शिक्षामित्र सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री ने शिक्षामित्रों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षामित्रों के समर्पण को सम्मानित करने का अवसर है, जो समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में शिक्षामित्र संगठन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया।
कार्यक्रम का समापन बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी, उपायुक्त स्वतः रोजगार सुनील कौशल, परियोजना निदेशक राकेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी जैनेन्द्र कुमार, रमेश चंद्रा, फिजा मिर्जा, राम नारायण, प्रमोद उपाध्याय, संजय राय, धर्मेंद्र प्रसाद, अश्वनी प्रताप सिंह, चंद्रशेखर यादव, मनीराम वर्मा, डीसी प्रशिक्षण विनीता मिश्रा, डीसी निपुण अमित कुमार, डीसी पीएम पोषण डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, आशीष पाठक, सुभाष चंद तिवारी, ऋषि टंडन, रितु पाठक, आलोक वर्मा, लक्ष्मी सिंह, देशराज पांडे, चंद्रमौली द्विवेदी, रामसरन मौर्य सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# बिना दस्तावेज अनाज भंडारण पर प्रशासन सख्त

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने मंगलवार को क्षेत्र के आधा दर्जन निजी बाड़ों और गोदामों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खरीद से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर उन्होंने बाड़ा संचालकों के प्रति नाराजगी जताई और सभी प्रोपराइटरों को कार्यालय पर तलब किया।
निरीक्षण के दौरान एसडीएम के साथ नायब तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय, मार्केटिंग इंस्पेक्टर प्रमोद द्विवेदी, सप्लाई इंस्पेक्टर सुनील कुमार तथा पुलिस बल मौजूद रहा। टीम ने बदोसराय, मरकामऊ और रसूलपुर स्थित निजी बाड़ों एवं गोदामों की जांच की तथा अनाज की बोरियों की गिनती कराई। निरीक्षण में किसी भी प्रोपराइटर द्वारा अनाज खरीद से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर एसडीएम ने सभी को दस्तावेजों सहित बुधवार तक कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए। एसडीएम अनिल कुमार सरोज ने स्पष्ट किया कि बिना वैध दस्तावेज के अनाज का भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि नियम विरुद्ध खरीद और भंडारण में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के बाड़ा संचालकों में हड़कंप मच गया है।

## टीआरसी लॉ कॉलेज ने राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में जीता खिताब



विजेता टीम के साथ डा. सुजीत चतुर्वेदी। ● अमृत विचार

**बााराबंकी, अमृत विचार :** टीआरसी लॉ कॉलेज की टीम ने तृतीय प्रो. शिव सहाय सिंह मेमोरियल राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता 2 एवं 3 मई 2026 को सी.बी. सिंह लॉ कॉलेज अम्बेडकर नगर में आयोजित हुई थी, जिसमें देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं विधि संस्थानों की 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। टीआरसी लॉ कॉलेज की टीम में सक्षम मिश्रा, मो. हनफी और अणिमा मिश्रा शामिल रहे, जिन्होंने अपने प्रभावशाली विधिक तर्क, शोध कौशल एवं उत्कृष्ट मौखिक प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मो. हनफी को उनकी प्रभावशाली अधिवक्ता शैली, तार्किक प्रस्तुति और वाद-विवाद कौशल के लिए बेस्ट स्पीकर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विधि महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डा. सुजीत चतुर्वेदी, प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार गुप्ता, टीम मेंटर डा. वीर विक्रम सिंह सहित सभी प्रवक्ताओं एवं विद्यार्थियों ने विजेता टीम को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रतिमान केंद्र की स्थापना को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर




एमओयू हस्ताक्षर के दौरान मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शिक्षा, कौशल विकास, सांस्कृतिक उन्नयन और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल करते हुए शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली और श्री रामस्वरूप वैदिक विज्ञान एवं नवाचार केंद्र, एसआरएम यूनिवर्सिटी, बाराबंकी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यक्रम बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पेलियो बॉटनी लखनऊ के सभागार में सम्पन्न हुआ। समझौते के तहत 'प्रतिमान केंद्र (मॉडल सेंटर)' की स्थापना की जाएगी, जो शिक्षा, कौशल विकास, सांस्कृतिक उत्थान और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में आदर्श केंद्र के रूप में कार्य करेगा। यह केंद्र विशेष रूप से युवाओं एवं शोधार्थियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एमओयू पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सह-संयोजक संजय स्वामी और श्री रामस्वरूप वैदिक विज्ञान एवं नवाचार केंद्र के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) वी. एन. पाठक ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर समन्वयक वैदिक विज्ञान एवं नवाचार केंद्र प्रो. (डॉ.) कुलभूषण सिंह और प्रो. (डॉ.) अमर पाल सिंह साक्षी के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने भी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। दोनों संस्थानों ने इसे शिक्षा और संस्कृति के समन्वय का सशक्त मॉडल बताया।

## सभासद उपचुनाव में 54.11 प्रतिशत मतदान



एक पोलिंग बूथ पर मतदान करने पहुंचे मतदाता। ● अमृत विचार

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत सुबेहा के पलिहारन का पुरवा वार्ड में सभासद पद के उपचुनाव में कुल 54.11 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पीठासीन अधिकारी संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि कुल 924 मतदाताओं में से 500 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नगर पंचायत सुबेहा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरेजबर में मंगलवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला। प्रशासन द्वारा पूरे मतदान प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस उपचुनाव में गंगाराम रावत और छेदन रावत के बीच सीधा मुकाबला रहा। दोनों प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 7 मई को होने वाली मतगणना के बाद होगा।

## राज्यमंत्री ने परियोजनाओं का किया शिलान्यास



परियोजनाओं का शिलान्यास करते राज्यमंत्री। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** बड़े मंगलवार पर प्रदेश के राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने श्री बूढ़े हनुमान जी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु टिन शेड निर्माण सहित कुल 1.01 करोड़ की लागत से 4 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि सरकार आस्था स्थलों के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, जिला मंत्री रुपेश प्रताप सिंह, उमाशंकर गुप्ता, चेयरमैन डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव, रितेश शंकर गुप्ता, दीपक वर्मा, दीपक कसौधन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## थाना स्तर पर ही निस्तारित करें समस्या : एसपी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार देर रात पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी आयोजित हुई। एक बार फिर एसपी ने आने वाले फरियादी की समस्या थाना स्तर पर ही निस्तारित करने के निर्देश दिए। एसपी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा समस्त थानों द्वारा माल निस्तारण के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही, विवेचनाओं के निस्तारण कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा की गई, साथ ही गम्भीर अपराधों, महिला सम्बन्धी अपराध के घटित होने पर तत्काल मौके पर जाने एवं आवश्यक कार्यवाही करने, एफआईआर का शत-प्रतिशत पंजीकरण करने व संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्यवाही करने, गौ तस्करी व अन्य अपराध जैसे- चोरी, नकबजनी, लूट, हत्या व आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों तथा अन्य लम्बित शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने आदि के निर्देश दिए गए।

न्यूज ब्रीफ

### अभिलेखों का सत्यापन कल

**उन्नाव, अमृत विचार :** अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक भर्ती सूची में शामिल अभ्यर्थियों को विद्यालय आवंटन करने के बाद सत्यापन प्रक्रिया पूरी की जानी है। अंतिम सूची में जिले में सहायक अध्यापक पद के लिए 2 अभ्यर्थियों सुधीर यादव (हिंदी) व हिमांशु पटेल (विज्ञान, गणित) के लिए चयनित हुए हैं। जिन्हें क्रमशः हाजी रमजान खां जूनियर हाईस्कूल पुरवा व शहर का बजरंग शिक्षा निकेतन गांधी नगर स्कूल आवंटित किया गया है। बीएसए शैलेश पांडेय ने कहा कि 7 मई को 11 बजे कार्यालय में उपस्थित होकर वे अपने सभी शैक्षिक, प्रशिक्षण अभिलेख, निवास व जाति प्रमाणपत्र दो सेट में जमा करा दें। ताकि उनका सत्यापन कराया जा सके।

### भटकते मिले मासूम को परिजनों से मिलाया

**शुक्लागंज-उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड में मंगलवार दोपहर 3 वर्षीय बच्चा भटकता मिला। क्षेत्रीय लोगों ने उससे पूछताछ की लेकिन वह परिजनों का नाम-पता नहीं बता सका। इसके बाद उसे गंगाघाट कोतवाली लाया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे की पहचान कराने का प्रयास शुरू किया और आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई। कुछ ही समय में बच्चे के परिजनों का पता चल गया। सूचना पर इंद्रानगर निवासी पिता सुनील कुमार कोतवाली पहुंचे और बताया कि उनका बेटा प्रियांश खेलते-खेलते लापता हो गया था। पुलिस ने जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर बच्चे को सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया, जिससे परिवार ने राहत की सांस ली।

# हे दु:ख भंजन, मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार पवन सुत

## ज्येष्ठ के पहले मंगल पर हनुमान मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, जगह-जगह हुआ भंडारों का आयोजन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार यानी बुढ़वा मंगल पर जिले के सभी हनुमान मंदिरों में श्रद्धा व भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। भोरपहर से ही मंदिरों में बजरंगबली के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। जहां श्रद्धालुओं ने कतारों में लगकर पवन पुत्र के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। शहर के प्रसिद्ध बड़े हनुमान मंदिर व चकलवंशी स्थित भिनकीपुर के प्राचीन हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। बजरंगबली का सिंदूरी चोला चढ़ाकर भव्य श्रृंगार किया गया और विशेष आरती हुई। भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। पूजा-अर्चना के बाद सेवा का दौर शुरू हुआ। जो देरशाम तक जारी रहा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक भक्तों ने दर्जनों स्थानों पर स्टॉल लगाकर राहगीरों को प्रसाद बांटा। शहर के जगन्नाथगंज, छोटा चौराहा, हरदोई पुल, आवास विकास आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल, कढ़ी-चावल व हलवे का वितरण किया। भीषण गर्मी को देखते हुए कई जगह शरबत व ठंडे पानी का भी वितरण किया गया। केवल शहरी इलाके ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी बुढ़वा मंगल का उत्साह चरम पर रहा। गावों के छोटे-बड़े मंदिरों में सुंदरकांड पाठ व कीर्तन हुआ।



बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए लगी भक्तों की भीड़।



बाबूगंज में पूड़ी, सब्जी व कढ़ी चावल का वितरण करते भक्त।



बांगरमऊ में कन्याभोज कराते आयोजक।

### ज्येष्ठ के प्रथम मंगलवार पर हुआ कन्याभोज

**बांगरमऊ, उन्नाव :** नगर के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर ज्येष्ठ के प्रथम मंगलवार पर सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी रमेशचंद्र शर्मा व उनके पुत्रों, अमन व रोहित शर्मा द्वारा भंडारा आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजन व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। इसके बाद शर्मा परिवार ने 50 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया। भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने श्रद्धापूर्वक पूड़ी-सब्जी, बूंदी व शरबत का प्रसाद ग्रहण किया। इस सेवा कार्य में सभासद प्रतिनिधि अनिल कुशवाहा, सभासद कृष्ण कुमार गुप्ता, संतोष विश्वकर्मा व पप्पू आदि मौजूद रहे।

### शुक्लागंज में जगह-जगह हुआ सुंदरकांड का पाठ और श्रद्धालुओं में बांटा गया शरबत



राजमार्ग पर लोगों को बांटा गया मैंगो शेक। ● अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव :** ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को नगर के राजमार्ग स्थित ब्रह्मसभा कार्यालय में हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं व राहगीरों को शरबत बांटा गया। इसमें आशुतोष शुक्ला, अंजनीकांत मिश्रा, अनुज तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा व राजीव मिश्रा आदि रहे। मिश्रा कॉलोनी में भी भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शरबत बांटा। यहां मयंक बाजपेई, सतीश सिंह, निर्मल वर्मा व कोमल मिश्रा रहे। अशोक वाटिका स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप शरबत बांटा गया। बालूघाट के आनंदेश्वर महादेव मंदिर में भी हनुमान चालीसा पाठ व रामनाम संकीर्तन के साथ शरबत वितरण हुआ। वहीं अंबिकापुरम में पूर्व पालिकाध्यक्ष रंजना गुप्ता के कैंप कार्यालय में पूजा अर्चना के बाद मैंगो शेक का वितरण हुआ। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुरेश शुक्ला आदि रहे। इसी तरह ऋषि आश्रम में योगेश यादव, उत्कर्ष द्विवेदी, हर्ष वर्मा, सूर्य प्रकाश मिश्रा, वरुणेश सिंह आदि ने शर्बत बांटा।

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हसनगंज-उन्नाव, अमृत विचार :** मोहान नगर पंचायत क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी किशोरी के पिता ने बताया कि 2 मई की सुबह 8 बजे उनकी 14 साल की बेटी स्कूल जा रही थी। तभी रास्ते में युवक ने उसे रोककर कहा कि तुम्हारे पिता का एक्सीडेंट भोगला गांव मोड़ पर हो गया है। यह सुनकर बेटी घबरा गई। युवक ने अपने पास से बोतल देकर पानी पिलाया। आरोप है कि पानी पीने के बाद बेटी बेहोश हो गई तो युवक ने उससे दुष्कर्म किया और बेहोशी हालत में छोड़कर भाग गया। होश में आने पर बेटी ने आपबीती परिजनों को बताई। इस पर युवक से बात की गई तो उसने कहीं भी बताने पर आपत्तिजनक फोटो वायरल करने व जान से मारने की धमकी दी। सीओ के निर्देश पर मंगलवार को पुलिस ने आरोपी आदिल पर दुष्कर्म, अपहरण, एससीएसटी एक्ट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर युवक पर अपहरण, दुष्कर्म, पास्को आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर उसे सई नदी पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### आबकारी टीम पर हमले के 4 आरोपी कोर्ट से हुए बरी

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** आबकारी टीम पर हमला किए जाने के एक मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए 4 आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया है। कोर्ट ने सभी के जमानतनामे व बंधपत्र निरस्त करने के आदेश दिए। इस मामले में 8 लोग नामजद थे। जिसमें 4 की मौत हो चुकी है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवम सिंह ने बताया कि सफीपुर के तत्कालीन आबकारी निरीक्षक आनंद प्रकाश ने 8 मई-2002 को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि उन्हें क्षेत्र के दहन गांव में अवैध रूप से ताड़ी निकाले जाने की सूचना मिली थी। इस पर वह हमराह उदय कुमार, प्रधान सिपाही चतुर्भुगुण के साथ दोपहर 3 बजे ताड़ के पेड़ों के हत्थे काटने वाले कारीगर मुन्ना को लेकर गांव पहुंचे। मुन्ना पेड़ पर चढ़कर हत्था काटने के समय उसमें टंगी एक-एक मिट्टी की मटकी नीचे फेंकी जो वहां खड़े एक किशोर के सिर पर लग गई। किशोर के घायल होने पर वहां मौजूद गांव के कमलेश, मथुरा, रूपलाल, मुन्ना, चुन्नीलाल, रामभरोसे, लालराम, मंटू समेत अन्य ग्रामीण आक्रोशित होकर मुन्ना से मारपीट करने लगे थे। आबकारी टीम के विरोध करने पर आरोपियों ने घर में रखे असलहे मंगवा लिए। मामला बढ़ता देख वह लोग मौके से जाने लगे तो आरोपियों ने फायरिंग भी की थी। पुलिस ने आबकारी निरीक्षक की तहरीर के आधार पर सभी के विरुद्ध दंगा, सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। मुकदमे के विवेचक ने आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। करीब 24 साल से मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन था। मुकदमे की अंतिम सुनवाई में अभियोजन पक्ष पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर न्यायाधीश पवन सिंह ने बचाव पक्ष से अधिवक्ता शिवम सिंह की दलील व साक्ष्यों के आधार पर मथुरा, लालराम, रूपलाल व रामभरोसे को दोषमुक्त करार दिया है। वहीं अन्य 4 आरोपियों कमलेश, मंटू, मुन्ना व चुन्नीलाल की ट्रायल के दौरान मौत हो चुकी है।

### कृषकों को दी गई फसल क्षति पूर्ति बीमा की चेक



डेमो चेक देते सदर विधायक पंकज गुप्ता व सीडीओ।

**उन्नाव, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत क्षतिपूर्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता सदर विधायक पंकज गुप्ता ने की। सीडीओ कृति राज की उपस्थिति में खरीफ 2025 व रबी 2025-26 मौसम के तहत जिले के बीमित कृषकों को मिलने वाली क्षतिपूर्ति के संबंध में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को क्षतिपूर्ति की धनराशि पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में भेजी गई है। सदर विधायक ने लाभान्वित कृषकों को प्रतीकात्मक (डमी) चेक देते हुए कहा कि सरकार किसानों की सुरक्षा व आर्थिक मजबूती के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक रवि चंद्र प्रकाश, जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी, कृषि रक्षा अधिकारी भीम सेन, यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के जिला प्रबंधक शिवम अवस्थी व बीमा योजना से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी व कृषक मौजूद रहे।

### जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं जन शिकायतें

**उन्नाव, अमृत विचार :** कलक्ट्रेट स्थिति कार्यालय में जिलाधिकारी घनशयाम मीना ने जनता दर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबन्धित अधिकारी को फोन कर प्रकरणों की जांच कर समय बद्ध व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने शिव प्रसाद निवासी खोखापुर थाना व तहसील सफीपुर के जमीन के बंटवारे संबंधी प्रार्थनापत्र, राम अवतार निवासी सैदपुर थाना सफीपुर के जॉबकार्ड हड़पने संबंधी, गुड्डी पत्नी चन्ना थाना व तहसील उन्नाव के कृषक दुर्घटना संबंधी, शासी फरहान निवासी दलेल पुरवा इफ्तिकारा बाद कानपुर के कब्जा दिलाने संबंधी प्रार्थनापत्र व विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों के प्रार्थनापत्रों को गंभीरता से सुना। 35 शिकायतों में 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एडीएम सुशील कुमार गोंड, एसडीएम आंनद नायक आदि मौजूद रहे।

# हाईवे किनारे पड़ा मिला साधु का शव, सड़क हादसे की आशंका

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार:** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर 10 नंबर गुमटी के पास करीब 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा देख लोगों की भीड़ लग गई। पहनावे से उसके साधु होने के कयास लगाए गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद उम्मीद जताई कि किसी वाहन की टक्कर से उसकी मौत हुई है। लेकिन उस समय वहां मौजूद लोग उसे पहचान नहीं सके। जामातलाशी में आधार मिलने पर पुलिस ने उसमें दर्ज मोबाइल नंबर से संपर्क किया। इस पर भतीजे संजीत दास ने उसकी पहचान बिहार प्रांत के मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत कटरा थानाक्षेत्र के सिद्धार्थपुर गांव निवासी सीताराम दास पुत्र बद्री के रूप में की। भतीजे के मुताबिक सीताराम करीब 10 साल पहले गृहस्थ जीवन छोड़कर साधु हो गया था। तभी से वह परिवार से मतलब नहीं रखता था। 4 माह पहले घर आया था। 2 माह रुककर फिर चला गया था। उसके घर में पत्नी मीना व 6 बच्चों में 3 बेटे हैं। जो चेन्नई में काम करते हैं। पुलिस ने उन्हें सूचना देने के साथ शव मोर्चरी भेजा है। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया सड़क हादसे में मौत होने की संभावना है। परिजनों के आने पर पोर्टमार्टम कराया जाएगा। पीएम रिपोर्ट में मौत के कारण की पुष्टि होगी।

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जंगपुर गांव निवासी गदा (70) पत्नी नन्हक्के सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के छतईखेड़ा गांव निवासी बहन कुसुमा के घर गई थी। लेकिन बहन किसी काम से लखनऊ गई थी। इस पर वह रात में वहीं एक रिश्तेदार के यहां रुक गई। मंगलवार सुबह वह घर लौटते समय वह लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पार कर रही थी। तभी कानपुर से लखनऊ जा रही किसी ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। प्वाइंट मैन राजकिशोर से मिली जानकारी पर अजगैन स्टेशन मास्टर ने पुलिस को मेमो भेजा। आरपीएफ व अजगैन पुलिस ने जांच के बाद शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंचे बेटे रमाकांत ने उसकी शिनाख्त की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आकर वृद्धा की मौत हुई है। शव की पहचान कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# तिरपाल फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा क्षेत्र में एक तिरपाल व धागा फैक्ट्री में आग लग गई। पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियों ने कई राउंड पानी भरकर आग पर काबू पाया। वहीं आग से हुआ नुकसान देख मालिक की हालत बिगड़ गई। इससे उसे इलाज के लिए भेजा गया।

कानपुर के रेलबाजार मोहल्ला निवासी अफजाल की सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा में यूनिक कैनवास के नाम से तिरपाल व धागा बनाने की फैक्ट्री है। मंगलवार को अचानक फैक्ट्री में आग लग गई। धुआं व लपटें देख कर्मियों ने वहां मौजूद संसाधनों से आग बुझाने प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। मगरवारा चौकी इंचार्ज रविकांत पांडेय व दमकल की 4 गाड़ियां पहुंची। जिन्होंने आग बुझाने की कवायद शुरू की। लेकिन अग्निशमन अधिकारी राम मिलन भारती के अनुसार आग टीन शेड में लगी थी। इससे पानी की बौछार उसमें पड़कर फर्श पर गिर रही थी। इससे कई राउंड पानी रिफिल कराना पड़ा। जेसीबी से टीन शेड तोड़ने के बाद करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया गया। प्रथम दृष्टया आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट वजह बताई जा रही है। वहीं आग लगने के बाद वहां मौजूद मालिक अफजाल की फैक्ट्री में हुए नुकसान को देख सदमे में हालत बिगड़ गई। अचेत होने पर उसे अस्पताल भेजा गया।

● दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद पाया काबू



फैक्ट्री में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### शिक्षकों की समस्याओं को लेकर महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



बीएसए को ज्ञापन देते महासंघ के पदाधिकारी।

**उन्नाव, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग) के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिले के शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर बीएसए व वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक शिक्षा) को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि जिले के 1500 से अधिक शिक्षकों के चयन वेतनमान के आदेश जारी होने के बावजूद 4 से 5 माह बाद भी कई विकासखंडों में शिक्षकों को इसका लाभ नहीं मिल सका है। इससे शिक्षकों में नाराजगी है। संगठन ने जल्द भुगतान कराने की मांग की। वहीं, शिक्षकों के उत्पीड़न, अनावश्यक ऑनलाइन उपस्थिति के दबाव, गैर शैक्षणिक कार्यों के बोझ, अवकाश व सेवा पुस्तिका से जुड़ी समस्याएं भी उठाई गईं। महासंघ ने चयन वेतनमान का शीघ्र भुगतान, मानसिक उत्पीड़न पर रोक, गैर जरूरी कार्यों से राहत, अवकाश स्वीकृति व सेवा पुस्तिकाओं को शीघ्र मंगाने की मांग की। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। ज्ञापन देने में जिलाध्यक्ष भरत चित्रांशी, संकल्प मिश्रा, सोनू बाजपेई, अजय प्रताप सिंह, सचिन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### डाउन लाइन पर डाले गये 40 एचबीम स्लीपर

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** रेलवे पुल की डाउन लाइन पर मरम्मत कार्य के तहत मंगलवार को आठ घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर 40 एचबीम स्लीपर बिछाए गए। सुबह 9 :15 बजे से शाम 5 :15 बजे तक चले कार्य में पहले जर्जर ट्रफ की लोहे की चादरों को गैस कटर से हटाया गया, फिर नई प्लेटें लगाई गईं। इसके बाद एचबीम स्लीपर डालने का काम तेजी से पूरा किया गया। कार्य के दौरान डाउन लाइन प्रभावित रही, जबकि अप लाइन से ट्रेनों का संचालन सामान्य रूप से जारी रहा।

# क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में जुटे 106 उत्पादक

हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** धौरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में मंगलवार को आम क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य आम उत्पादकों को बाजार की बारीकियों से रूबरू कराना व उन्हें व्यापारियों के साथ एक साझा मंच देना था। सम्मेलन में 106 आम उत्पादकों व व्यापारियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस दौरान आम की खेती से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें आम का उचित भंडारण व रखरखाव, विपणन व बिक्री की समस्याएं, गुणवत्ता सुधार व लाभकारी मूल्य प्राप्ति के उपाय जैसे मामले प्रमुख रहे। सीडीओ कृति राज ने किसानों से कहा कि प्रशासन आम उत्पादकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि उत्पादन से लेकर विपणन तक की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा। वहीं, कृषि वैज्ञानिक डॉ. जय यादव, रत्ना सहाय व अर्चना सिंह ने किसानों को आधुनिक खेती के गुर सिखाए। इस दौरान एके सिंह, रमेश मौर्य आदि मौजूद रहे।



सम्मेलन में आम उत्पादक को सम्मानित करतीं सीडीओ। ● अमृत विचार

● सीडीओ ने आम उत्पादकों को दिया सहयोग का भरोसा

### पैचवर्क से हाईवे पर रेंगते रहे वाहन, फोरलेन पर भी लगा जाम

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** मंगलवार को लखनऊ-कानपुर हाईवे पर जाजमऊ पुल के पास हो रहे पैचवर्क के चलते दिनभर यातायात प्रभावित रहा। सुबह से वाहनों की कतारें लग गईं और वाहन रेंगकर निकले। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बता दें कि एनएचआई द्वारा सुबह 10 बजे से पुल व आसपास के हिस्सों में मरम्मत शुरू कराई गई। इस दौरान आधी सड़क पर मशीनें व सामग्री खड़ी रहने से मार्ग संकरा हो गया। कर्मचारियों ने एक लेन पर संकेत लगाकर वाहनों को निकाला, जिससे ट्रैफिक का दबाव बढ़ता गया। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच यातायात का दबाव और बढ़ने से र कई बार जाम लगा। वहां तैनात पुलिस कर्मियों ने एक-एक कर वाहनों को निकलवाया। लेकिन फिर भी जाम पूरी तरह नहीं खुल सका।

# नये पुल को लेकर 80 फीसदी प्रभावितों ने जमा किए कागज

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** गंगाघाट क्षेत्र स्थित मिश्रा कॉलोनी के प्रभावित परिवारों द्वारा निर्माणाधीन नवीन फोरलेन गंगा सेतु परियोजना को लेकर मुआवजा व पुनर्वास की मांग उठाने के बाद प्रशासन ने प्रक्रिया तेज कर दी है।

पुल निर्माण की जद में आ रहे करीब 47 परिवारों व 37 मकानों को लेकर राजस्व विभाग द्वारा दस्तावेज जुटाने का कार्य जारी है। अब तक करीब 30 लोगों ने रजिस्ट्री, हाउस टैक्स की रसीद व बैंक पासबुक आदि जरूरी कागजात जमा कर दिए हैं। प्रशासन से आश्वासन दिया गया है कि प्रचलित सर्किल रेट के अनुसार ही भूमि का मुआवजा दिया जाएगा। जिससे प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके। इसे लेकर मंगलवार को क्षेत्रीय लेखपाल मिश्रा कॉलोनी पहुंचे और जद में आने वाले मकान मालिकों से बात की। लेखपाल प्रशांत अवस्थी ने बताया कि करीब 80 प्रतिशत लोग भुगतान संबंधी कागजात जमा कर चुके हैं। शेष लोगों से भी जल्द दस्तावेज लेने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कागजों के सत्यापन के बाद मुआवजा वितरण शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी मुआवजे को लेकर विवाद उत्पन्न होता है, तो उसका निस्तारण उच्च अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम | निराला प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया शिक्षामित्र सम्मान समारोह

# शिक्षामित्रों को मिली 18000 रुपए की चेक, हुए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** निराला प्रेक्षागृह में शिक्षामित्र सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें जिले के 2918 शिक्षामित्रों का मानदेय शासन द्वारा 10 हजार से 18 हजार होने पर उसकी डेमो चेक का वितरण मुख्य अतिथि ने किया। इसके पहले मुख्यमंत्री द्वारा गोरखपुर में आयोजित समारोह का सीधा प्रसारण भी देखा सुना गया। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों को दी जाने वाली वेतन बढ़ोतरी व कैशलेस मेडिकल सुविधा 5 लाख रुपए देने की घोषणा के संबंधित जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उद्घाटन सदस्य विधान परिषद राज बहादुर सिंह चंदेल, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक सफीपुर बंबालाल दिवाकर, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा, जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने फीता काटकर किया। इसके बाद बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एमडीएम, शिक्षा में गुणवत्ता व नवाचार आदि स्टॉलो का अवलोकन अतिथियों ने करते हुए शिक्षकों की प्रशंसा की। बीएसए शैलेश पाण्डेय ने बताया कि जिले के 2918 शिक्षामित्रों का मानदेय शासन द्वारा 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार किया गया है। जिसे उनके खातों में भेज दिया गया है। जिलाधिकारी ने कायाकल्प के माध्यम से 99 प्रतिशत विद्यालयों का संतृप्तीकरण होने पर बीएसए को बधाई देते हुए अतिथियों द्वारा दिए गए सुझावों को जिला योजना में शामिल करने के आश्वासन दिया। इस दौरान अतिथियों ने पूजा अवस्थी, आकांक्षा वर्मा, रजनी गुप्ता, सुनील चौधरी, राजन त्रिपाठी, अमर कुमार, सरोजी देवी, नन्दा देवी, अनु अवस्थी, सुभाष वर्मा, आलम अंसारी, नीतू सिंह, फराज सुल्तान, कुंदन सक्सेना, कविता नाग, मनीष, संध्या त्रिवेदी आदि शिक्षामित्रों को मानदेय प्रेषण का डेमो चेक व प्रशस्ति पत्र दिये। संचालन डॉ. रचना सिंह व विश्वनाथ तिवारी ने किया। इसमें एडीएम सुशील कुमार गोंड, शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (सेवानिवृत्त) संजय यादव, वित्त एवं लेखाधिकारी सतीश चंद्र पाण्डेय, संजय कुमार, मनींद्र कुमार, मुसर्रत फात्मा, अखिलेश चंद्र शुक्ला, सुधाकर तिवारी, वीरेंद्र सिंह, अजय प्रताप सिंह व शैलेन्द्र सिंह मौजूद रहे।



अतिथियों के साथ सम्मानित डेमो चेक लिए शिक्षामित्र। ● अमृत विचार

### गांधी चौक पर अवैध ई-रिक्शा स्टैंड हटाया

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर के मिश्रा कॉलोनी स्थित गांधी चौक पर अवैध रूप से खड़े हो रहे ई-रिक्शों के विरुद्ध मंगलवार को गंगाघाट पुलिस ने कार्रवाई की। सुबह से रात तक सड़क पर आड़े-तिरछे खड़े ई-रिक्शों के कारण पश्चिमी क्षेत्र आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कोतवाली प्रभारी अजय सिंह के निर्देश पर पश्चिमी चौकी इंचार्ज राजेन्द्र सिंह चौहान व दरोगा मुश्ताक पुलिस टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने देखा कि ई-रिक्शा चालकों ने आधी सड़क तक वाहन खड़े कर रखे थे। इससे यातायात बाधित था। पुलिस ने तुरंत सभी ई-रिक्शों को हटवाकर मार्ग को सुचारु कराया। साथ ही चालकों को सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में यहां वाहन खड़े न करें।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शैलेन्द्र प्रकाश पुत्र स्व0 अभिनन्दन प्रसाद निवासी मोहल्ला भटपुरी कस्बा, परगना व तहसील बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय में दिनांक 16-04-2026 को अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड हिबानामा,शपथ पत्र व आधार कार्ड की छायप्रति प्रस्तुत कर यह मांग की है कि प्रार्थी का एक किता भवन नम्बर 163/17 मोहल्ला क़िलाशाह जी बाँगरमऊ की पालिका कर पंजिका रजिस्टर में प्रार्थी व प्रार्थी के सभी भाईयो 1- श्री प्रदीप प्रकाश गुप्ता 2- सुधीर प्रकाश गुप्ता 3-अरुण प्रकाश गुप्ता 4- अनिल प्रकाश गुप्ता पुत्रगण स्व0 अभिनन्दन प्रसाद के नाम से दर्ज चला आ रहा था प्रार्थी व प्रार्थी के भाईयो ने आपसी सहमति के आधार पर भवन नम्बर 163 क को जरिये रजिस्टर्ड हिबानामा/दान पत्र दिनांक 09-01-2026 को प्रार्थी के नाम से लिख दिया है। प्रार्थी रजिस्टर्ड हिबानामा , शपथ पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर भवन नम्बर 163 क को नगर पालिका कर पंजिका अभिलेखों में कर की अदायगी के लिए अपने नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बाँगरमऊ उन्नाव

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल प्रकाश गुप्ता पुत्र स्व0 अभिनन्दन प्रसाद गुप्ता निवासी मोहल्ला भटपुरी कस्बा, परगना व तहसील बाँगरमऊ जिला ने पालिका कार्यालय में दिनांक 25-04-2026 को अपने आवेदन पत्र के साथ अपनी माता श्रीमती रामा देवी का मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र व आधार कार्ड की छायप्रति प्रस्तुत कर यह मांग की है कि प्रार्थी की माता श्रीमती रामा देवी पत्नी स्व0 अभिनन्दन प्रसाद गुप्ता के नाम से मोहल्ला भटपुरी बाँगरमऊ की नगर पालिका कर पंजिका रजिस्टर में भवन नम्बर 99/12 पर नाम दर्ज चला आ रहा है। प्रार्थी की माता श्रीमती रामा देवी की मृत्यु दिनांक 23-10-2018 को हो जाने के बाद प्रार्थी उक्त भवन को नगर पालिका कर पंजिका अभिलेखों में कर की अदायगी के लिए अपने नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य आवेदन पत्र,मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र,सहमति शपथ पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बाँगरमऊ उन्नाव

न्यूज ब्रीफ

## पांच दिन से लापता युवक का सुराग नहीं

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। बाइक से डीजल लेने निकला युवक लापता हो गया, पांच दिन बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने तहरीर देकर गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम मेहंदीखेड़ा निवासी कैलाश कुमार ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका लड़का शोभित कुमार 30 अप्रैल को बाइक से शाम 4 बजे मल्लावां डीजल लेने आया था, लेकिन तभी से लापता है।

## किशोरी से छेड़छाड़ में पांच साल की सजा

उन्नाव, अमृत विचार। किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में अभियुक्त को दोषी पाते हुए एडीजे-12 की कोर्ट ने पांच साल की कैद की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 43 हजार का जुर्माना भी लगाया। बता दें कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने 22 मई-2018 को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कोतवाली क्षेत्र के कुवरीखेड़ा गांव निवासी भारत पुत्र दयाराम ने घर में घुसकर उसकी नाबालिग बेटी से मारपीट व छेड़छाड़ की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पर पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा था।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के अल्लीपुर गांव में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह अल्लीपुर निवासी सूरज (35) पुत्र जगरूप ने अपने घर के कमरे में चारपाई के सहारे गमछे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। सूरज शराब के नशे का आदी था।

# स्टेशन पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता संदिग्ध

## ईंट की गुणवत्ता व सैंपलिंग प्रक्रिया पर उठे सवाल, हरदोई रेलवे निर्माण कार्य घिरा विवादों में

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन के जीर्णोद्धार का काम जारी है, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों और यात्रियों के बीच सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि कार्य में तय मानकों का पूरी तरह पालन नहीं किया जा रहा।



निर्माण कार्यों में लगाई जा रही मानक के विपरीत ईंटें।

सोमवार को सांसद जयप्रकाश रावत ने स्टेशन का निरीक्षण किया था और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार ही हों। उन्होंने यह भी कहा था कि सामग्री की सैंपलिंग कर गुणवत्ता की जांच की जाए, ताकि किसी प्रकार की लापरवाही न हो। बावजूद इसके, हालात में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन परिसर में बन रही नालियों और अन्य संरचनाओं में मानक सामग्री की जगह कमजोर ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। कुछ स्थानों पर पुरानी या मिश्रित गुणवत्ता की ईंटें लगाए जाने की बात भी सामने आई है, जिससे निर्माण की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि यदि यह स्थिति जारी रही तो भविष्य में निर्माण कार्य टिकाऊ नहीं रहेगा।

### मानकों की जांच करने की मांग

हरदोई। यात्रियों और आसपास के निवासियों ने यह भी आशंका जताई है कि कहीं यह मामला कमीशनखोरी या लापरवाही का नतीजा तो नहीं। उनका कहना है कि जब सरकार इतनी बड़ी राशि खर्च कर रही है, तो काम की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। सैंपलिंग प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों का मानना है कि यदि जांच केवल विभागीय अधिकारियों के बीच ही सीमित रही, तो पारदर्शिता पर संदेह बना रहेगा। इसको देखते हुए स्थानीय लोगों ने मांग की है कि निर्माण सामग्री की जांच जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कराई जाए। इसी क्रम में सांसद से यह आग्रह भी किया गया है कि सैंपलिंग की प्रक्रिया उनके प्रतिनिधि या विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी की उपस्थिति में कराई जाए, ताकि जांच निष्पक्ष और भरोसेमंद हो सके। फिलहाल, यह मुद्दा शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग अब आगे की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## डीएम ने जन सुनवाई में सुनीं 85 शिकायतें

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में 85 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का डीएम ने मौके पर ही समाधान किया। जनसुनवाई में ज्वाइंट मजिस्टेट सुश्री संस्कृति त्रिवेदी, अतिरिक्त मजिस्टेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, हरदोई**

संख्या/128/न0पा0परि0ह0/राज0अनु0-ठेका/2026-27 दिनांक:- 05.05.2026

**नीलाम सूचना**

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हरदोई के निम्न ठेको ठेका लाउडस्पीकर प्रचार, ठेका गल्ला मंडी/चारा मंडी, ठेका हड्डी चमड़ा, ठेका तरणताल स्थित शहीद उद्यान, ठेका मीट मार्केट/ मीट विक्रेता, ठेका विज्ञापन कर की वसूली, ठेका पार्किग स्टैंड दीवानी गेट, ठेका पार्किग स्टैंड जिला अस्पताल गेट के पास, ठेका पार्किग स्टैंड पुलिस अधीक्षक गेट के पास, ठेका दूध खोया मंडी की नीलामी वर्ष- 2026-27 के लिए दिनांक 18/04/2026, 20/04/2026, 22/04/2026 को लगायी गयी थी ठेको में किसी बोलीदाता द्वारा प्रतिभाग न करने से उक्त ठेको की नीलामी नहीं हो सकी थी। उपरोक्त ठेको की नीलामी पुनः दिनांक 07.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे से पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में की जायेगी। किसी कारण वंश नीलामी न हो पाने पर दिनांक 11.05.2026 को तथा इस तिथि पर भी नीलामी न होने पर दिनांक 13.05.2026 तथा इस तिथि पर भी नीलामी न होने पर दिनांक 15.05.2026 को पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर की जायेगी। इच्छुक/पात्र व्यक्ति उपरोक्त तिथि व समय पर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी की शर्ते पूर्ववत होंगी जो किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदोई


# इलाज में गड़बड़ी का लगाया आरोप

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। बिलग्राम-नेवादा मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की हालत बिगड़ने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही और अयोग्य कर्मियों से इलाज कराने के आरोप लगाए हैं।



डाक्टर से पूछताछ करती पुलिस व अस्पताल में भर्ती युवक।



पीड़ित शादाब के अनुसार, वह अपने 18 वर्षीय पुत्र रिहान को हाथ की हड्डी बढ़ने की शिकायत लेकर अयांस आर्थो हास्पिटल पहुंचे थे। वहां मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद ऑपरेशन की बात कही और ड्रिप (बोतल) चढ़ाने के निर्देश दिए। आरोप है कि एक कर्मचारी द्वारा ड्रिप लगाने के कुछ ही देर बाद रिहान को तेज बुखार और उल्टी शुरू हो गई, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों का कहना है कि स्थिति गंभीर होने पर अस्पताल ने उसे हरदोई रेफर कर दिया। शादाब ने आरोप लगाया कि अस्पताल में प्रशिक्षित व डिग्रीधारी डॉक्टरों की कमी है और कुछ लोग डॉक्टर बनकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले कम जागरूक लोगों से इलाज के नाम पर अधिक धन वसूले जाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत कर निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस पूरे मामले के बाद स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने युवक को सीएचसी में भर्ती कराया है जहां पर चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा है।

## पशु से क्रूरता का वीडियो वायरल, कार्रवाई की मांग

संडीला, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे से एक बेहद शर्मनाक और विचलित कर देने वाली घटना सामने आई है। एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा एक कुतिया के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना कस्बे के एक प्रसिद्ध मंदिर परिसर से जुड़ी है। वायरल वीडियो में आरोपी की हरकतें सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग की है। स्थानीय पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही वीडियो की सत्यता और स्थान की पुष्टि भी की जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रकार के कृत्य पशु क्रूरता कानूनों के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आते हैं और आरोपी पर सख्त धाराओं में कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही यह भी जरूरी है कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता बनाए रखते हुए अफवाहों से बचा जाए।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 30वां (वि0/ यॉ0) वृत्त, लो0नि0विभाग, लखनऊ**

पत्रांकः-957/54 सी0बी0-30/2026 दिनांकः -24/04/2026

**निरस्तीकरण**

इस कार्यालय के पत्रांक-822/54 सी0बी0-30/2026 दिनाँक 06.04.2026 द्वारा ई-निविदा सूचना आमंत्रित की गयी थी। अपरिहार्य कारणोंवष उक्त ई-निविदा सूचना एतद्वारा निरस्त की जाती है।

UP - -250819 दिनांकः 04/05/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(अभय कुमार गुप्ता), अधीक्षण अभियन्ता, 30वाँ (वि0 / यॉ0) वृत्त, लो0नि0वि0, लखनऊ।



अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें




विधायक प्रभाष कुमार स्मृति चिन्ह देते कार्यक्रम के आयोजक।

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ रही हैं स्वास्थ्य सेवाएं : प्रभाष कुमार

सांडी, हरदोई, अमृत विचार। ग्रामीण क्षेत्रों में ही अब लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आ रहा है। सरकारी के साथ-साथ निजी क्षेत्र भी विशेष स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान दे रहा है। यह बात विधायक प्रभाष कुमार ने मंगलवार को सांडी तिराहा पर आयोजित एक कार्यक्रम में कही। विधायक ने कहा कि सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में इजाफा कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही मिल रही हैं। वह डी.एस. हॉस्पिटल स्थित 'आरोग्य डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ कर रहे थे। विधायक ने सेंटर के डायरेक्टर अरविंद राजपूत व डा. विवेक मिश्रा को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को कहा।

# पिकअप और डीसीएम की टक्कर में युवक की मौत, चार लोग घायल

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। लच्छीपुर गांव में तिलक चढ़ाने गए युवक को वापस घर जाते समय डीसीएम ने टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। शव गांव में पहुंचते ही गांव में मातम छा गया।

गांव लच्छीपुर निवासी लालाराम की बेटी के तिलक में रविवार को शामिल होने गांव निवासी विजय कुमार व आशीष, देशराज, रोहित, राजू गए थे। सभी लोग देर रात पिकअप पर सवार होकर बांगरमऊ से घर आ रहे थे। बांगरमऊ कस्बे के बाहर निकल कर एक वाटर कूलर के पास पानी पीने लगे और कुछ लोग पिकअप के पास खड़े हो गए। तभी विपरीत दिशा में तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। जिसमें विजय की मौके पर मौत हो गई।

वहीं अन्य चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उनको जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया गया। विजय अपने पिता रज्जू का एकलौता पुत्र था।

## खेत में झोपड़ी के अंदर फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरदोई, अमृत विचार। रखवाली करने गए अधेड़ का शव खेत पर झोपड़ी के अंदर फांसी पर लटका मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। सुरसा थाने के से नयापुरवा मजरा सेमरा निवासी शिवमंगल (53) खेती-किसानी करता था। परिवार में पत्नी अन्नपुर्णा, बेटे सुधीर, संजय और एक बेटी है।


**आवश्यकता है**

**छेदालाल महाविद्यालय**
गौसगंज, हरदोई
संबद्ध-लखनऊ विश्वविद्यालय (लखनऊ)

बी0ए0-कला वर्ग में- इतिहास,गृह विज्ञान, चित्रकला
परास्नातक विज्ञान वर्ग में-रसायन विज्ञान
परास्नातक कला वर्ग में-समाजशास्त्र
इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रपत्रों के साथ 15 दिन के अन्दर महाविद्यालय में संपर्क करें।

प्रबंधक -श्री बाबू सिंह
संपर्क सूत्र- 9794642021



**आवश्यकता है**

**नूर जहां डिग्री कॉलेज**
गोपामऊ, हरदोई

में प्रवक्ताओं की विषय-भौतिक विज्ञान, गणित,रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान,
योग्यता-नेट क्वालीफाई, पीएचडी,
वेतनमान योग्यता अनुसार

संपर्क सूत्र-
9918827024 ,8299318105



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**
**NER-LJN-2026-87**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:-

(1) ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2026-87, कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे - लखनऊ डिवीजन में वरिष्ठ मण्डल इंजी०/द्वितीय के अनुभाग में हार्मोनाइज्ड गाइडलाइन के तहत एफ०ओ०बी दिव्यांगजन सुविधाए के लिए रैंप का प्रावधान 08 स्टेशनों पर (GADM, CLW, BEU, BGAN, PDR, AA, KMP & BNKJ) (कुल - 16 रैम्प)। अनुमानित लागत (रू) : 139109630.39, अग्रिम धन (रू) : 2782200.00, समापन अवधि - 12 माह 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2026-87 के लिये ई-निविदा दिनांक 28/05/2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ
मुजाधि/डब्ल्यू-72

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के अटवा गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार पटरी दुकानदार की मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया है।



जाने आलम का फाइल फोटो।

कोतवाली क्षेत्र के अटवा गांव निवासी जाने आलम (40) पुत्र मुन्ना घर से 2 किमी आगे चकलवंशी चौराहे पर सड़क किनारे फट्टा डालकर घरेलू सामान बेचकर परिवार पालता था। सोमवार रात वह काम से लौट रहा था। तभी उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल होकर सड़क किनारे पड़ा था। तभी गांव निवासी केके मिश्रा ने उसे पड़ा देखा तो परिजनों को सूचना दी। सीएचसी से डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां इलाज शुरू होने के कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। पति की मौत से पत्नी शाकिरा व बच्चे अलफैज, नाजनीन, फजल, अलफिजा बेहाल हैं। कोतवाली प्रभारी एसएन त्रिपाठी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वाहन की तलाश की जा रही है।

## सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

उन्नाव, अमृत विचार। आसीवन थानाक्षेत्र के शादाबाद गांव निवासी इंद्रजीत सिंह (35) पुत्र स्व. कमलेश बीती 2 मई की रात माखी थानाक्षेत्र के हमीरपुर गांव स्थित ससुराल जा रहा था। तभी सफीपुर-रसूलाबाद मार्ग स्थित खरगौरा गांव के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारी थी। इसमें गंभीर घायल हुए इंद्रजीत को डॉक्टरों ने मियागंज सीएचसी से जिला अस्पताल और वहां से कानपुर भेजा था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह 5 भाई व 3 बहनों में चौथे नंबर पर था। पति की मौत से पत्नी शालनी व मां कुसुमलता बेहाल हैं। उसके 2 बच्चों में बेटा कुनाल (7) व बेटी अन्वी (2) है। एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खेत में पानी लगाए किसान की संदिग्ध हालत में मौत

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ईधनीमऊ गांव निवासी रामबाबू (30) के पिता रमेश की 4 साल पहले मौत हो गई थी। मंगलवार सुबह वह मां रामकली के साथ खेत में घुइयां की फसल में पानी लगाने गया था। तभी अचानक वह अचेत होकर गिर पड़ा। लोगों ने उसे सफीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। राम बाबू की 7 साल पहले शादी हुई थी। उसके एक बेटी नायरा व 7 माह का बेटा है। पति की मौत की खबर से पत्नी मां व भाई सूरज का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बैठक

विधायक व ब्लॉक प्रमुख की मौजूदगी में हुई क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक

# 3 करोड़ की विकास योजनाओं पर लगी मुहर

फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार। विकासखंड सभागार में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। इसमें ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद व विधायक श्रीकांत कटियार ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विकास कार्यों के लिए करीब 3 करोड़ रुपये की कार्ययोजना के 126 प्रस्ताव सदन के पटल पर रखे। इस पर विधायक ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि अधिकारी व जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय बनाकर विकास कार्यों को गति दें। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र के साथ क्षेत्र को विकास के पथ पर आगे ले जाया जा रहा है। बीडीओ श्वेता त्रिपाठी ने योजनाओं की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि प्राप्त प्रस्तावों में मुख्य रूप से नाली, खड़ंजा, पुलिया, इंटरलॉकिंग व सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल हैं। बैठक में एडीओ पंचायत दीपकांत चोला, अधीक्षक डॉ. संजीव कुमार, अवधेश लोधी, प्रधान लक्ष्मी नारायण, पुत्तीलाल गौतम, रोहित सिंह सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य व अधिकारी उपस्थित रहे।





बैठक को संबोधित करते विधायक श्रीकांत कटियार व मौजूद ब्लॉक प्रमुख।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:-

क्रम सं.-01, ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2026-83 (Two Packet System), कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडलः-12 स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं हेतु समन्वित दिशा-निर्देशों के तहत FOB के लिए रैंप का प्रावधान (DMG, SWA, JTB, MHH, CRV, MND, PJ, CM, MIM, ANDN, NTV और LIR-कुल 24 रैंप) वरिष्ठ सहायक मंडल इन्जीनियर/पश्चिम/गोरखपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत। अनुमानित लागतः ₹ 20,86,64,445.56, अग्रिम धनः ₹ 41,73,300/- समापन अवधिः 18 माह। क्रम सं.-02, ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2026-84 (Two Packet System), कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडलः-12 स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं हेतु समन्वित दिशा-निर्देशों के तहत FOB के लिए रैंप का प्रावधान (ORW, GOVR, TH, GAUR, BV, PATI, SNC, MSW, LKNR, MUR, JLHI और MOTG-कुल 23 रैंप) सहायक मंडल इन्जीनियर/पूर्व/गोण्डा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत। अनुमानित लागतः ₹ 19,99,70,093.69, अग्रिम धनः ₹ 39,99,400/-, समापन अवधिः 18 माह। क्रम सं.-03, ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2026-85, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडलः- गोरखपुर कैन्ट - गोरखपुर खंड के बीच समपार संख्या 157A /Spl पर रबराइज्ड समपार पैड लगाकर सड़क की सतह में सुधार कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 63,07,721.75, अग्रिम धनः ₹ 1,26,200/-, समापन अवधिः 06 माह। (1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2026-83, NER-LJN-2026-84 और NER-LJN-2026-85 के लिये ई-निविदा दिनांक 22-05-2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। (2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, लखनऊ
मुजाधि/डब्लू-70

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2026-90, कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल :- ब्रॉड गेज (BG) रेलवे ट्रैक बिछाना एवं लिंकिंग का कार्य, जिसमें पॉइंट्स और क्रॉसिंग, लेवल क्रॉसिंग बिछाना शामिल है, साथ ही आवश्यक पीवे सामग्री का परिवहन करना और मौजूदा फॉर्मेशन पर बैलास्ट की आपूर्ति, स्टैकिंग एवं फैलाना शामिल है। यह कार्य निम्नलिखित स्थानों पर किया जाएगा: (1) मोतीगंज स्टेशन पर DN एक्सटेंडेड लूप लाइन की व्यवस्था। (2) टिनिच स्टेशन पर UP और DN एक्सटेंडेड लूप लाइन की व्यवस्था। (3) गोरखपुर-गोण्डा सैक्शन में स्वामीनारायण छपिया स्टेशन पर एक अतिरिक्त DN लूप लाइन की व्यवस्था। (4) सहजनवा स्टेशन पर ब्रेकवैन रिवर्सल साइडिंग के साथ दो गुड्स स्टेबलिंग लाइनों की व्यवस्था। (5) गोण्डा-गोरखपुर सैक्शन में चुरेब रेलवे स्टेशन पर एक अतिरिक्त लूप लाइन की व्यवस्था, अनुमानित लागत : रु. 8,09,66,537.38, अग्रिम धन : रु. 16,19,300.00, समापन अवधि : 12 माह। ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2026-91 (Two Packet System), कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल :- फॉर्मेशन में मिट्टी का कार्य (अर्थवर्क), ब्लैंकेटिंग सामग्री की आपूर्ति और बिछाना, मौजूदा पुलों का निर्माण/विस्तार, मौजूदा लेवल क्रॉसिंग में सुधार और स्वामीनारायण छपिया आदि स्टेशनों पर ऊँचे प्लेटफार्म की व्यवस्था करना, ये सभी कार्य निम्नलिखित स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत आते हैं: (1) मोतीगंज स्टेशन पर DN एक्सटेंडेड लूप लाइन की व्यवस्था। (2) टिनिच स्टेशन पर UP और DN एक्सटेंडेड लूप लाइन की व्यवस्था और (3) गोरखपुर-गोण्डा सैक्शन में स्वामीनारायण छपिया स्टेशन पर एक अतिरिक्त DN लूप लाइन की व्यवस्था। (4) सहजनवा स्टेशन पर ब्रेकवैन रिवर्सल साइडिंग के साथ दो गुड्स स्टेबलिंग लाइनों की व्यवस्था। (5) गोण्डा-गोरखपुर सैक्शन में चुरेब रेलवे स्टेशन पर एक अतिरिक्त लूप लाइन की व्यवस्था, अनुमानित लागत : रु. 21,95,75,659.10, अग्रिम धन : रु. 43,91,500.00, समापन अवधि : 12 माह। 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2026-90 एवं NER-LJN-2026-91 के लिए ई-निविदा दिनांक 29.05.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ
मुजाधि/डब्ल्यू-73

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तबस्सुम के नाम से जानी जाती थी निवासी अदल सराय कालपी जनपद जालौन वर्तमान में मैं **तबस्सुम खान पुत्री वसीम खान व पत्नी साबिर खान निवासी मकान नंबर -02 अदलसराय कालपी जनपद जालौन** की रहने वाली हूँ

**सूचना**

मैं **सुशीला देवी पत्नी कमलेश निवासी मढ़िया पोस्ट पुरथियावा हसन गंज उन्नाव** आधार पर है व राम पती पत्नी कमलेश बीमा पॉलिसी नंबर 223307987अंकित है दोनों नाम मेरे है दोनों नाम से जानी पहचानी जाती हूँ।

**सूचना**

मैने अपना नाम मन शर्मा से बदलकर केशव शर्मा रख लिया है। मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। केशव शर्मा पुत्र राज यश शर्मा निवासी- फ्लैट नं0 -303, T-14 रायलस्टेट, अम्बाला रोड जीरकपुर, एस0ए0एस0 नगर पंजाब-140603

**NOTICE**

It is hereby informed to the general public that I have changed my name from SAYYADUN NISHA to SAIYYADUN NISHA. In the future, I shall be known and recognized by the SAIYYADUN NISHA. SAIYYADUN NISHA W/O SAMSHAD KHAN Address: H.No.-207, HALEEM NAGAR, POST-SHUJAGANJ, PS-RUDAULI, AYODHYA, UP. Pin-224121. Note: OLD NAME : SAYYADUN NISHA NEW/CHANGED NAME: SAIYYADUN NISHA

**सूचना**

मैने अपना नाम ALI AKBAR से बदलकर AKBAR ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ALI HASAN ADD-RASOOLPUR KALA POST-ALIABAD, DIST-BARABANKI-225401(U.P.)

**सूचना**

मेरे पुत्र की पालिसी संख्या 214637340 में त्रुटिवश उसका नाम गोलू जायसवाल अंकित है। उसका सही नाम ऋषभ जायसवाल है। **ऋषभ जायसवाल पुत्र दिनेश जायसवाल निवासी LD-4/D ढेड़ी पुलिया आलमबाग लखनऊ।**

**सूचना**

मैं इसरार पुत्र शफीक अहमद ग्राम पूरे जालिम सिंह मजरे व पो. रोखा थाना डीह, तहसील सलोन जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 236703816 है। पालिसी में मेरा और पिता का नाम स्टार अहमद पुत्र स्व. मो. शकील (ESTAR AHMAD S/O LATE MOHD-SHAKIL ) अंकित है। आधार और बैंक खाता इसरार पुत्र शफीक अहमद (ISRAR S/O SHAFEEK AHMAD) दर्ज है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**

प्रार्थी के पासपोर्ट मे उसके नाम की वर्तनी व मकान न0 गलत दर्ज हो गया है जबकि सही वर्तनी MOHD GULREZ SAIFI और पता 212/20 पुरी टोला सुभाष मार्ग है। इसे दुरस्त करने का कष्ट करें। MOHD GULREZ SAIFI 212/20 PURI TOLA SUBHASH MARG CHOWK LUCKNOW

**सूचना**

मैं **रामसनेही पुत्र जगदीश प्रसाद ग्राम मोहम्मदपुर कुचरिया तहसील सदर, ब्लाक राही, जनपद रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा पूर्व में नाम छंगूलाल पुत्र जगदीश प्रसाद था, जो मेरे अंकपत्र में दर्ज है। मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 214982376 है। इसमें वर्तमान नाम रामसनेही पुत्र जगदीश प्रसाद अंकित किया जाना है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम IRSHAD MOHAMMAD QURAISHI से बदल कर IRSHAD MOHD QURAISHI कर लिया है। भविष्य में मुझे IRSHAD MOHD QURAISHI नाम से जाना व पहचाना जाए। **इरशाद मो कुरैशी पुत्र गुलाम मोहम्मद, निवासी 510/17, खाली सहाट, हेड पोस्ट आफिस, रायबरेली**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल बर्ष 2018 अनुक्रमांक 4061652 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहम्मद अखलाक शेख पुत्र मोहम्मद अयाज निवासी- ग्राम-महिली जुम्मनडीह पोस्ट- पेहर बलरामपुर**

**सूचना**

**उत्कर्ष गुप्ता उर्फ राजा गुप्ता पुत्र अरुण कुमार गुप्ता निवासी 222 सर्वोदय नगर स्टेशन मोड़ लालगंज रायबरेली** मेरी एलआइसी की पालिसी संख्या 215571036 में मेरे बचपन का नाम राजा गुप्ता दर्ज है जबकि मेरे समस्त प्रपत्र (अभिलेख) उत्कर्ष गुप्ता के नाम से है। मैं उत्कर्ष गुप्ता और राजा गुप्ता दोनो नाम से जाना जाता है।

**सूचना**

पहले मेरा नाम SHAGUFTA YASMIN था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHAGUFTA YASMEEN रख लिया है अब भविष्य में मुझे SHAGUFTA YASMEEN के नाम से जाना व पहचाना जाये । W/O-JAVED AHMAD ANSARI R/O-523, SHEKH SARAY NEAR PANI KI TANKI, SITAPUR

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम Brij Nath पत्नी का नाम उषा, पिता का नाम जगदीश प्रसाद अंकित हो गया है, जो गलत है। मेरे सर्विस रिकार्ड व आधार कार्ड में Braj Nath (ब्रजनाथ) पत्नी का नाम उषा त्रिपाठी पिता का नाम जगदीश प्रसाद तिवारी दर्ज है। मुझे व पत्नी को इसी नाम से जाना जाए। **ब्रजनाथ पुत्र जगदीश प्रसाद तिवारी निवासी मकान नंबर 2/13/68A, शिवकालोनी, बंदेअली छावनी, अयोध्या।**

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी की फोटो की वायरल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी पिता ने नाबालिग पुत्री का फोटो अश्लील तरीके से वायरल करने वाले आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित पिता के अनुसार अरविन्द पुत्र दयाराम मोबाइल से उसकी पुत्री का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर पुत्री को बदनाम कर रहा है। आरोपी शराबी और आवारा किस्म का है, आये दिन मोहल्ले में आकर गाली-गलौज करता है।

### मारपीट के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम फिरोजपुर खुर्द निवासी युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित धर्मवीर सिंह के अनुसार 3 मई की शाम गांव निवासी पुनीत कुमार ने शिवराम, राजकुमार और अजयपाल के साथ मिलकर उसे गाली गलौज करते हुए मारा पीटा। गांव के कोटेदार बुधपाल ने उसे बचा कर अपनी दुकान में बंद कर लिया और डायल 112 आने पर उसे बाहर निकाला गया।

### पोषण समिति की समीक्षा बैठक आज

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला कार्यक्रम रमेन्द्र कुमार सिंह ने बताया है कि जिला स्तरीय पोषण समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को अपरान्ह एक बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में आयोजित की जाएगी।

# बहन ने दुपट्टे व भाई ने गमछे से एक ही पेड़ में लगाई फांसी

## किशोरी के चाचा ने भतीजे के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, शाहाबाद(हरदोई)

**अमृत विचार।** रिश्ते के भाई-बहन ने एक साथ एक ही पेड़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पहले तो इस बारे में लोगों के बीच आनर किलिंग की तरफ इशारा करते हुए कानाफूसी हो रही थी,लेकिन उसी बीच पुलिस की तफ्तीश में साफ हो गया गया कि प्रेम-प्रसंग के चलते दोनों ने ऐसा कदम उठाया। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है।

बताया गया है कि मंगलवार की सुबह शाहाबाद कोतवाली के एक गांव के बाहर एक पेड़ में एक किशोरी और युवक के शव फांसी पर लटके हुए देखे गए। इसका पता होते हुए वहां लगी भीड़ ने उन दोनों की पहचान कर ली। गमछे से लटक रहा शव शाहाबाद कोतवाली के ही 23 वर्षीय रवि कुशवाहा और दुपट्टे से लटक रहा शव रिश्ते में उनकी 16 वर्षीय चचेरी बहन का था। इसका पता होते ही एसपी अशोक कुमार मीणा,एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह,एएसपी सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। पूछताछ में पता चला कि किशोरी उच्च प्राथमिक विद्यालय गिगियानी शाहाबाद में पढ़ाई करती थी, तीन बहनों में वह छोटी थी। वहीं उसका रिश्ते में चचेरा भाई रवि दो भाइयों में बड़ा था। बताया जाता है कि दोनों के बीच अरसे से प्रेम-प्रसंग की सुगबुगाहट सुनी जा रही थी, दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन घर वाले तैयार नहीं थे। किशोरी के चाचा रंजीत ने सोमवार को ही अपने भतीजे रवि के खिलाफ भतीजी को अगवा करने का केस दर्ज कराया था, लेकिन उससे पहले कुछ ऐसा हुआ कि सुनने वाले भी सन्न रह गए,जैसा कि बताया गया कि दोनों आगे पीछे घर से निकले और कुछ दूरी पर गांव के प्रदीप के कमरें में चले गए,कुछ दूरी पर खड़ा रवि का चाचा जयपाल सब देख रहा था, उसी ने दोनों को पकड़ा। लेकिन उसके कुछ ही देर बाद दोनों दोबारा गायब हो गए। उन्हे ढूंढा जा रहा था, उसी दौरान अपने गांव से तकरीबन पांच किलोमीटर की दूरी पर दोनों के शव लटके हुए देखे गए।


घटनास्थल का मुआयना करते एसपी अशोक कुमार मीणा।

### किशोरी के सीने पर लिखा हुआ था नाम

ग्रामीणों के अनुसार फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली काजल ने अपने सीने पर नाम के अलावा कुछ लिख रखा था। नाम तो साफ दिखाई दे रहा था, लेकिन बाकी लिखा हुआ धुंधला पड़ चुका था। पुलिस का कहना है कि हर एक क्लू को तलाशते हुए जांच की जा रही है। जल्द ही पूरी सच्चाई सामने होगी।

### युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कोतवाली में दी तहरीर

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जखांवा पोस्ट उमरारी निवासी बुजुर्ग ने गांव के ही निवासी एक युवक पर अपनी पोती के साथ छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताते चलें कि जखांवा पोस्ट उमरारी निवासी बुजुर्ग ने कोतवाली मे तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार को सुबह वह अपनी पत्नी के साथ हांस बरौली स्थित दवाखाना से दवाई लेने गए थे, और घर में उनकी नाबालिग पोती अकेली थी, इसी बीच गांव के ही निवासी रामपाल पुत्र रामसहाय ने पोती के साथ जबरदस्ती करते हुए छेड़छाड़ करने लगा, दवा लेकर वापस आने पर दरवाजे से अपनी पोती को आवाज लगाई तो आवाज सुनकर रामपाल हमारे घर से भाग निकला। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मार्कण्डेय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### अंतिम संस्कार से पहले मुक्तिधाम में हुई युवक के शव की शिनाख्त

**हरदोई, अमृत विचार।** शिनाख्त न होने के 72 घंटे बाद मंगलवार को पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार के लिए शव मुक्तिधाम पहुंच चुका था। उसी बीच 1 मई से लापता युवक को ढूंढते घूम रहे उसके घर वाले पीछे से मुक्तिधाम पहुंचे और उसकी शिनाख्त कर ली। पुलिस ने वहीं पर पूरी लिखा पढ़ी कर शव घर वालो के सुपुर्द कर दिया। बेनीगंज पुलिस ने सड़क हादसे का शिकार हुए युवक का शव 1 मई को बरामद किया था। शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक शव पोस्टमार्टम हाउस में रखा रहा। मंगलवार को मियाद पूरी होने पर पोस्टमार्टम हुआ और उसे अंतिम संस्कार के लिए उसे मुक्तिधाम पहुंचाया गया। तभी वहां पहुंचे नवेद निवासी औरंगाबाद थाना नैमिषारण्य ज़िला सीतापुर ने शव की शिनाख्त 35 वर्षीय अपने बड़े भाई जावेद के रूप में की। जैसा कि नवेद ने बताया कि उसका भाई जावेद कोतवाली देहात के पण्डित पुरवा में एक बेकरी में नौकरी करते हुए वहीं रहता था। 1 मई को वह कुछ सामान लेने औरंगाबाद गया और उसी दिन शाम को बस से वापस लौटते हुए मौसी के घर बेनीगंज जाने के लिए प्रतापनगर चौराहा पर उतर गया,उसके बाद से ही वह गायब हो गया था। कुछ पता न होने पर 3 मई को नैमिषारण्य थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। बकौल वह उसे ढूंढते हुए मंगलवार को बेनीगंज कोतवाली पहुंचा,वहां उसे कुछ फोटो दिखाते हुए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया,देर शाम जब वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा,तो उसे बताया गया कि पोस्टमार्टम होने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम ले जाया गया,इसका पता होते ही नवेद मुक्तिधाम पहुंचा और शव की शिनाख्त अपने भाई के रूप में की।

# कपड़ा कारोबारी के बेटे की हत्या कर दफना दिया शव

- पुलिस ने कब्र खोदकर बाहर निकाला बच्चे का शव, परिजनों में मचा कोहराम
- 1 मई को मेले से हुआ था अगवा, 7 लाख रुपये की मांगी गई थी फिरौती

संवाददाता, हरदोई, मल्लावां,

**अमृत विचार।** कपड़ा कारोबारी का 7 साल का बेटा मेले में झूला झूलने गया और वहीं से गायब हो गया। काफी ढूंढने के बाद उसकी अगली सुबह गुमशुदगी दर्ज कराई गई,लेकिन उसकी अगली सुबह ही फिरौती के लिए आई कॉल से सनसनी फैल गई। पुलिस उससे जुड़े एक-एक क्लू ढूंढ रही थी,उसी बीच मंगलवार अगवा किए गए बच्चे का शव कब्र के अंदर से निकाला गया। पुलिस पूरे मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है।


अबु स्वालेह की फाइल फोटो।

जैसा कि बताया गया कि मल्लावां कोतवाली के मटियामऊ निवासी कपड़ा कारोबारी हाजी अकील खां का 7 साल का बेटा अबु स्वालेह 1 मई को 20 रुपये लेकर गांव में लगे मेले में झूला झूलने गया था। उसके बाद से वापस नहीं लौटा। घर वाले उसे पूरी रात ढूंढते रहे, फिर उसकी अगली सुबह 2 मई को उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस जांच कर रही थी,उसी बीच 3 मई को एक अंजान कॉल आई। उधर से बोल रहे व्यक्ति ने बताया कि स्वालेह उसके कब्ज़े में है। खैरियत चाहते हो तो एक सिम और एक की-पैड मोबाइल कानपुर के रावतपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचा दो। इसके कुछ देर बाद उसी शख्स ने स्वालेह की जान बख्शने के लिए 7 लाख रुपये की फिरौती मांगी। पुलिस से बताने पर अंजाम बुरा होने की धमकी दी। मामले की जानकारी पर पुलिस भी सक्रिय हो गई। वह एक-एक क्लू इकट्ठा करते हुए तालाब और खेत-खलिहान खंगालने लगी। मंगलवार को मटियामऊ से तकरीबन 500 मीटर दूर एक निजी स्कूल के पीछे अरमान पुत्र सुलेमान के मक्का के खेत में दफन किए गए अबु स्वालेह का शव बाहर निकाला। पुलिस मान रही है कि हत्या कर शव दफनाया गया। लेकिन सच्चाई क्या है? इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही पता चल सकता है। बच्चे को अगवा कर फिरौती मांगना और फिर उसकी हत्या कर शव दफन करने से पूरे इलाके में दहशत है।

### तनाव को देखते हुए तैनात की गई पुलिस

**हरदोई।** मटियामऊ से बच्चे को अगवा कर फिरौती मांगते हुए उसकी हत्या किए जाने से पूरे गांव में तनाव है। लोगों का कहना है कि पुलिस चाहती तो ऐसा नहीं होता,जबकि अबु स्वालेह के घर वालों का कहना है कि उन्हे पुलिस पर पूरा भर ऐसा है। लोगों के चेहरे पर खिंची हुई तनाव की लकीरो.को देखते हुए एहतियात के तौर पर पूरे गांव में पुलिस को तैनात करते हुए चप्पे-चप्पे पर नज़र रखी जा रही है।

# बड़े मंगल पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

- सुंदरकांड का पाठ और बजरंग बली की पूजा-अर्चना के बाद हुआ भंडारा

**हरदोई, अमृत विचार।** जेठ के पहले मंगलवार पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बालाजी धाम खेतुई सहित विभिन्न मंदिरों पर भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने बजरंगबली की पूर्जा अर्चना के साथ प्रसाद अर्पित किया। सिद्धबली हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जगह-जगह भंडारों में लोगों ने प्रसाद प्राप्त किया।

जेठ के पहले मंगल पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गई, जो देर रात तक लगी रहीं। जगह-जगह सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भोर होते ही बजरंग बली के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। पूरे जिले में भंडारों का दौर सुबह से देर शाम तक चलता रहा। घरों में भी लोगों ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। सिद्धबली हनुमान मंदिर नघेटा रोड पर धूमधाम से सुंदरकांड के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।


बालाजी मंदिर में आरती करते महंत नागेंद्रदास। अमृत विचार


भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

### मंत्री नितिन अग्रवाल ने गिनाए विकास कार्य

**हरदोई, अमृत विचार।** खेतुई से पिहानी चुंगी तक बनने वाली फोरलेन सड़क परियोजना का शिलान्यास उत्तर प्रदेश सरकार में आबकारी मंत्री व हरदोई सदर विधायक नितिन अग्रवाल ने किया। करीब 77 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सांसद जयप्रकाश रावत के हाल ही में दिए गए बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। अपने परिवार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का जिक्र किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि हरदोई में विकास की नींव कोई नई नहीं है, बल्कि यह वर्षों से लगातार चल रही प्रक्रिया का परिणाम है। उन्होंने अपने पिता नरेश अग्रवाल के कार्यकाल को याद करते हुए बताया कि जब वे ऊर्जा मंत्री थे, तब हरदोई में बिजली आपूर्ति की स्थिति काफी बेहतर थी। उस समय जिले में लगभग 24 घंटे बिजली मिलती थी।

# बढ़े हुए वेतन का दिया गया प्रतीकात्मक चेक


बढ़े हुए वेतन के डमी चेक के साथ कार्यक्रम में पुरस्कृत किए गए शिक्षामित्र व अतिथि। अमृत विचार

- रसखान प्रेक्षागृह में हुआ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण
- शिक्षामित्रों की मानदेय वृद्धि के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय का चेक जनप्रतिनिधियों द्वारा रसखान प्रेक्षागृह में मंगलवार को वितरित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू विधायक, सुखसागर मिश्र मधुर, अध्यक्ष ,नगर पालिका परिषद, प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, संस्कृति त्रिवेदी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने चयनित शिक्षा मित्रों को बढ़ी हुई मानदेय राशि के प्रतीकात्मक चेकों का वितरण किया। मुख्य अतिथि प्रेमावती ने जनपद के बेहतर शैक्षिक वातावरण के लिए विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा शिक्षकों की प्रशंसा की। उन्होंने शिक्षामित्रों द्वारा परिषदीय विद्यालयों के संचालन में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा उनके संघर्षों का स्मरण कराया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद स्तरीय कार्यक्रम में रसखान प्रेक्षागृह में किया गया।

बीएसए डॉ. अजित सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा जनपद में ऑपरेशन कायाकल्प तथा निपुण भारत अभियान के अंतर्गत किए गए प्रयासों का उल्लेख किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभास कुंवर श्रीवास्तव, अनिल कुमार झा, राम कुमार द्विवेदी, डॉ सुनील कुमार सिंह, उदय भान, राजेश कुमार, डीएल राणा, जिला समन्वयक ब्रज भूषण मिश्र, राहुल दुबे, शैलेन्द्र कुमार, मनोज मिश्रा, अनुपम मिश्र, संतोष कुमार रावत, एस आर जी आशीष मिश्र, शशांक मिश्र, विभिन्न विकास खण्ड के शिक्षक/शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

# कांसेप्ट कार्स 11वीं बार बना भारत का नंबर वन डीलर

- भारत का पहला सबसे सफल मारुति सुजुकी डीलर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सपनों को साकार करने वाली मेहनत जब जुनून का रूप ले ले, तब इतिहास रचा जाता है। यही कर दिखाया है कॉन्सेप्ट कार्स ने जो मंगलवार को हिंदुस्तान का पहला मारुति सुजुकी कार विक्रेता बन गया है जिसने लगातार ग्यारह वर्षों तक पूरे देश में नंबर एक बनने की अभूतपूर्व उपलब्धि प्राप्त की है।

कॉन्सेप्ट कार्स को मारुति सुज़ुकी का सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त हुआ है, यह उपलब्धि केवल पूरे भारत में एक मारुति सुजुकी डीलर कांसेप्ट कार्स को प्राप्त इस अद्वितीय सम्मान के चलते प्रतिष्ठान के निदेशक यशवर्धन अग्रवाल एवं सूर्यवर्धन अग्रवाल को मलेशिया में आयोजित मारुति सुजुकी विशेष डीलर मीट में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। यह सफलता सिर्फ एक कंपनी की नहीं, बल्कि भारत की उस आत्मा की है जो अपने पुरुषार्थ से हर स्तर पर श्रेष्ठता का उदाहरण पेश करती है। कॉन्सेप्ट कार्स ने अपने कार्यक्षेत्र में जनपद के नाम को प्रदेश और देश में गौरव से ऊंचा किया है।

# कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण जरूरी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को कार्यसमिति एवं योजना बैठक का आयोजन संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने की तथा संचालन जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक अनुराग मिश्रा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शंकरलाल लोधी ने संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही पार्टी की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि नीरज वर्मा ने भी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बदलते राजनीतिक परिदृश्य में कार्यकर्ताओं का निरंतर प्रशिक्षण, अनुशासन और सक्रियता संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम में सह-संयोजक प्रीतेश दीक्षित सौरभ सिंह, अनुराधा मिश्रा महामंत्री सतेंद्र राजपूत, राजवीर सिंह, महामंत्री ओम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, आकाश सिंह, अजय शुक्ला, डीसीबी के अध्यक्ष अशोक सिंह, अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री पीके वर्मा, विभिन्न प्रकोष्ठों एवं अभियानों के संयोजक तथा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में बोलते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### शौच के लिए गया युवक नदी में डूबा

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच करने गया युवक अनियंत्रित होकर नदी में डूब गया। जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला। घटना की खबर फैलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के बरौलिया गांव निवासी 30 वर्षीय कोतवाल पुत्र श्रीपाल मुंबई में मजदूरी करता था। सोमवार को अपने घर वापस आया था। मंगलवार की शाम शौच के लिए नदी के किनारे गया हुआ था तभी अनियंत्रित होकर गहरे पानी में डूब गया। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसके शव को बाहर निकाला। घटना पारिवारिक जनों में कोहराम मच गया। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर का था।

# रिश्तेदारी में आए बच्चे की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गांव में खुशियां अचानक मातम में उस वक्त तब्दील हो गई जब रोड किनारे खेल रहे एक चार वर्षीय बच्चे की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

बताते चलें कि थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी अशोक की बहन की चौथी जानी थी, जिसमें उसके ममेरे भाई बघौली थाने के मझिगवां उमरा निवासी मुनीम भी आए थे। सभी लोग चौथी ले जाने की तैयारियां में व्यस्त थे, इसी बीच मुनीम का चार वर्षीय पुत्र अभय शाहपुर में ही सड़क किनारे खेलने लगा, तभी बघौली की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे अभय गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे घायल अवस्था में परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावां ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अभय दो भाइयों में बड़ा था। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।


अभय की फाइल फोटो।

**योजना** | शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक में बदहाल सड़कों और जलभराव पर जताई चिंता

# वार्डों में जाकर समस्याओं से रूबरू होगी कांग्रेस

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कांग्रेस जिला कार्यालय पर शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित की अध्यक्षता में शहर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें शहर की विभिन्न समस्याओं और जलभराव पर चिंता जताई गई। बैठक में प्रमुख रूप से नघेटा रोड का मुद्दा उठाया गया, जहां दोनों ओर पक्का नाला होने के बावजूद सड़क पर जलभराव बना हुआ है। इसके अलावा आर.आर. कॉलेज के पास बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। इसी प्रकार शहर की अन्य मुख्य सड़कों की स्थिति भी अत्यंत खराब बताई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर कांग्रेस कमेटी प्रत्येक रविवार को शहर के अलग-अलग वार्डों में भ्रमण करेगी, वहां की समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण कर उन्हें चिन्हित किया जाएगा और तत्पश्चात जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की जाएगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने कहा कि शहर की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है। नाले बने होने के बावजूद जलभराव होना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है।

कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर इन समस्याओं को प्रमुखता से उठाएगी और समाधान तक संघर्ष करेगी। इस मौके पर शहर उपाध्यक्ष राम बहोरन मिश्रा, जितेंद्र वर्मा, शहर कांग्रेस महासचिव इस्लाम गाजी, मोरध्वज वर्मा, सीमा पाल, मुकेश कुमार वर्मा, संध्या वर्मा, कंट्रोल रूम इंचार्ज ममता पाल, मंडल अध्यक्ष शिल्पी वर्मा, लक्ष्मी वर्मा सहित अनेक कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।


मासिक बैठक करते शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### सर्पदंश से बालिका की मौत, मचा कोहराम

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** भीखपुर गांव निवासी गंगा विष्णु की 8 वर्ष की पुत्री सोना नगर के एक पब्लिक स्कूल में कक्षा 2 में पढ़ती थी। सोमवार को वह स्कूल पढ़कर घर वापस लौटी थी। खाना खाने के बाद वह दोपहर तीन बजे घर के पड़ोस में ही खाली पड़ी जगह परखेलने के लिए मिट्टी के खिलौने बना रही थी। इस समय पड़ोस में लगी ईटों से निकलकर सांप ने उसके हाथ में काट लिया। शोर मचा कर वह घर पहुंची। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उपस्थित डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। मृतका अपनी पांच बहनों में चौथे नंबर की थी।

# विधानसभा में गूंजी हरदोई की आवाज

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'मेरा युवा भारत' अभियान के तहत आयोजित 'राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026' का भव्य आयोजन उत्तर प्रदेश विधानसभा के ऐतिहासिक सदन में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 75 जिलों से चयनित होकर आए कुल 375 युवा प्रतिनिधियों (प्रति जनपद 5 विजेता) ने प्रतिभाग किया।

इस प्रतिष्ठित मंच पर ज़िले का प्रतिनिधित्व करते हुए अजयेंद्र सिंह आज़ाद ने 'केन्द्रीय बजट 2026' जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपना प्रखर वक्तव्य प्रस्तुत किया। विधानसभा के सदन में अपनी तार्किक बातों और आत्मविश्वास से अजयेंद्र ने न केवल निर्णायकों को प्रभावित किया, बल्कि पूरे जनपद का नाम गौरवान्वित किया। अजयेंद्र सिंह आज़ाद ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी मां नेत्री व जिला पंचायत सदस्य पुष्पा देवी को दिया है। अजयेंद्र का कहना है कि उन्हें जनता की आवाज़ बनने और समाज सेवा की प्रेरणा अपनी मां से ही मिलती है, जो लंबे समय से विकास और जनहित के कार्यों में सक्रिय हैं। विधानसभा के इस विशेष सत्र में युवाओं ने 'विकसित भारत @2047' के विजन पर भी अपने विचार साझा किए। अजयेंद्र की इस उपलब्धि पर ज़िले के नागरिक उज्ज्वल राजनीतिक और सामाजिक भविष्य की कामना कर रहे हैं।


विधानसभा में जिले का प्रतिनिधित्व करता अजयेंद्र सिंह आजाद।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत

**कमलापुर/सीतापुर :** नेशनल हाईवे-30 पर दोपहर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जनपद बाराबंकी के जैतपुर निवासी 35 वर्षीय अखिलेश कुमार अपने साथी बनवारी लाल के साथ बाइक से सीतापुर की ओर आ रहे थे। दोपहर करीब 4 बजे कसमंडा के पास एक बेकाबू वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन दोनों को रौंदते हुए निकल गया। हादसे में अखिलेश की मौके पर ही सांसें थम गईं, वहीं बनवारी लाल को नाजुक हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### चोरी की बाइक बरामद आरोपी गिरफ्तार

**तम्बौर, सीतापुर :** उत्तर प्रदेश पुलिस के 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत तम्बौर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का मात्र 24 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार राय के मुताबिक, मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अजय उर्फ काजू पुत्र गयादीन निवासी चकपुरवा थाना तंबौर के रूप में हुई है।

### बिजली बिल में गड़बड़ी पर हंगामा

**औरंगाबाद, सीतापुर :** तीर्थ क्षेत्र नीमसार में बिजली बिलों में आ रही भारी गड़बड़ी को लेकर उपभोक्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा है। स्थानीय निवासी आकाश सक्सेना ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मोर्चा खोल दिया है। आकाश का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह अपने मोबाइल पर ऑनलाइन बिल दिखाते हुए आरोप लगा रहे हैं कि बिना मीटर रीडिंग और बिना किसी ठोस आधार के मनमाने बिल भेजे जा रहे हैं।

### भाजपा की जीत पर लहरपुर में मना जश्न

**लहरपुर/सीतापुर :** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन, विशेषकर पश्चिम बंगाल में मिली ऐतिहासिक सफलता पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया। पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय से काबिज टीएमसी को शिकस्त देकर भाजपा ने जो जीत हासिल की है, वह कार्यकर्ताओं के परिश्रम और जनता के विश्वास की जीत है। जश्न में वीरेंद्र पुरी, मनोज गुप्ता, विवेक शुक्ला, शुभम श्रीवास्तव, विनीत जायसवाल, रेनू वर्मा, धर्मेंद्र पांडे, राम नरेश त्रिवेदी, दिलीप शुक्ला, चक्रेश्वर जैन आदि रहे।

# कंक्रीट के ढेर में बदली फलपट्टी, ढहाई गई

## खैराबाद की फलपट्टी पर हो रही प्लाटिंग को अमृत विचार ने बनाया था सिलसिलेवार मुद्दा

अमृत विचार IMPACT

- डीएम के निर्देश पर कार्रवाई के बावजूद भू-माफिया करा रहे थे निर्माण कार्य, 50 करोड़ से अधिक की संपत्ति जमींदोज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** खैराबाद फलपट्टी में तो अजब ही खेल हुए, हरी भरी आम की बाग कागजों के सहारे मिटा दी गई, डीएम ने संज्ञान लिया तो कार्रवाई हुई, लेकिन भूमाफिया फिर भी दबे, कंक्रीट की इमारतों को डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा दोबारा जमींदोज कराया गया, ढहाए गए अवैध निर्माण की कीमत 50 करोड़ के करीब बताई गई है।

दरअसल, खैराबाद फलपट्टी का आम देश ही नहीं विदेशों में भी खास था, गत वर्ष पूर्व खैराबाद रेलवे स्टेशन के निकट इसी हरी-भरी लगभग 40 बीघा बाग को रातो-रात मिटवा दिया गया, धारा 80 के सहारे प्लाटिंग शुरू हो गई। फलपट्टी परिक्षेत्र में बड़े पैमाने पर नियम विरुद्ध हो रहे कार्य को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने संज्ञान लिया और बड़ी कार्रवाई कराई, लेकिन समय बीतने के बाद एक बार फिर उसी स्थान पर इमारते खड़ी होनी शुरू हो गई। जिसको अमृत विचार ने मुद्दा बनाया। घालमेल उजागर होने पर सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। इनके साथ नायब तहसीलदार महेंद्र तिवारी, विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता एमके मिश्रा भी थे। निर्माण कार्य को जमींदोज कराया गया। जिसकी कीमत पचास करोड़ के करीब आंकी गई है।

**किसकी अनुमति से कटी हरियाली:** बताते हैं कि गाटा संख्या 157 में वो हरे भरे आम लदे पेड़ थे, जो गैर राज्यों भेजे जाते थे। सूत्रों की मानें तो रातो-रात पेड़ काट दिए गए, जब ठूंठ का विवाद बढ़ा तो वन विभाग द्वारा हल्का फुल्का जुर्माना कर रफा दफा कर दिया गया। यहीं स्थिति 158, 234, 235 की बताई जा रही हैं।


जवाब दें, कैसे करा लिया निर्माण

अतिक्रमित भूमि पर बिना नक्शा / अनुमति के दोबारा निर्माण पर डीएम सख्त

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

• सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर चस्पा कराई नोटिस, निश्चित समय पर जवाब न देने पर होगी विधिक और विभागीय कार्रवाई

दो भाइयों के हिस्सों में हो रही प्लाटिंग पर भी लगा ब्रेक

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।


निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी। अमृत विचार


अधीनस्थों को निर्देश देतीं नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय। अमृत विचार


ओम सिटी में ढहाया जाता निर्माण। अमृत विचार

### बिना लेआउट-नक्शे के हो रहा था निर्माण

शहरी सीमा पर बस रही ओम सिटी में ले आउट ही नहीं नक्शे की भी स्वीकृति विनयमित क्षेत्रीय कार्यालय से नहीं मिली थी। ऐसा तहसील प्रशासन का कहना है। बड़ा सवाल है कि इसके बाद भी परिक्षेत्र में सड़क और अन्य निर्माण कार्य कैसे कराए जा रहे थे।

### कई लोग करा चुके हैं फलपट्टी की रजिस्ट्री

रजिस्ट्री कराने वालों में शालिनी वर्मा, नीलोफर खान, अली इमरान, अयाज अहमद खां, अली इमरान, विद्यावती देवी, सूफी जमाल सहित कई अन्य लोगों के नाम सम्मिलित हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक रजिस्ट्री धारक ने कहा कि उन्हें ये मालुम होता कि इसमें इतने पेंच फंस जाएंगे तो शायद जमीन न ही खरीदते।

> ग्रीन बेल्ट पर ओम सिटी के नाम से भूमि पर बिना ले आउट और नक्शे के निर्माण कार्य हो रहा था, जिसे हटाया गया है, कार्य संचालन में केके राठौर और संजय सिंह का नाम सामने आया है, प्रकरण में गंभीरता से जांच कराई जा रही है, नियमानुसार विधिक और विभागीय दोनों कार्रवाई की जाएंगी
>
> -मीनाक्षी पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट सीतापुर

> ओम सिटी में विद्युत पोल कैसे लग गए, विद्युत सप्लाई किस आधार पर चालू कराई गई, इसको लेकर गहनता से जांच कराई जाएगी, नियमानुसार कार्रवाई भी होगी
>
> -शैलेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड प्रथम


गौशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

### सरैंयासानी की गौशाला में बदहाली देखकर चढ़ा जिलाधिकारी का पारा, सचिव का रोका वेतन

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने खैराबाद ब्लॉक के सरैंयासानी स्थित अस्थाई गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां पसरी गंदगी, जलभराव और पशुओं की टैगिंग न होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान गौशाला में भारी कीचड़ देख डीएम ने सचिव फारा इकबाल का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यदि दो दिन के भीतर व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हुईं, तो सचिव को निलंबित कर दिया जाए। पशुओं की टैगिंग न मिलने पर पैरावेट गंगाराम को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

# मेधावियों को किया गया सम्मानित

**बढ़ाया उत्साह**

औरंगाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा घोषित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में सफलता का परचम लहराने वाले छात्र-छात्राओं को सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटरमीडिएट कॉलेज, कादीनगर में सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार नंद ने टॉप-10 मेधावियों व उनके अभिभावकों का मुंह मीठा कराकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। हाईस्कूल में रूबाश ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर कॉलेज टॉप किया। वहीं शिफा (85%), इल्मा खान (84%), अंशिका शुक्ला (84%), जैनब (83%), आकांक्षा (83%), इबरा (82%), शिवा (82%), दुर्गा (82%) और अंशु शर्मा (81%) ने टॉप-10 में स्थान बनाया। इंटरमीडिएट में नागेंद्र गोस्वामी 79 प्रतिशत अंकों के साथ कॉलेज टॉपर रहे। काजल, महिमा, ममता, आसमां, राधा, आदित्य, जूली, अभिराज, पुष्पा, वैभव और करन शुक्ला ने भी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर गौरव बढ़ाया। इस मौके पर कपिल कुमार, रंजीत भारती, शैलेंद्र वर्मा, सुधांशु सक्सेना, कन्हैया लाल सहित सभी शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


जैनब। अमृत विचार


आसमा वर्मा। अमृत विचार


शिवा। अमृत विचार


करण शुक्ला। अमृत विचार


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### संवेदनशील क्षेत्रों पर रखें निगरानी

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ अनुश्रवण के लिए गठित स्टीयरिंग ग्रुप की समीक्षा बैठक की। उन्होंने जनपद के संवेदनशील तहसील लहरपुर, बिसवां और महमूदाबाद में बाढ़ से निपटने के लिए अभी से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि 100 या उससे अधिक मजरों वाले संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि बाढ़ के समय मेडिकल कैंप लगाए जाएं और गर्भवती महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों की सूची पहले से तैयार रखी जाए ताकि उन्हें ससमय सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। बैठक में एडीएम नीतीश कुमार सिंह सहित सिंचाई व राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।


ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### जलभराव क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सोमवार को भारी बारिश के मद्देनजर काशीराम कॉलोनी समेत शहर के विभिन्न हिस्सों का स्थलीय निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने जल निकासी और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि तेज हवाओं के कारण सड़कों पर गिरे पेड़ों को तत्काल हटाकर रास्ता साफ किया जाए। उन्होंने बिजली विभाग और नगर पालिका को जल निकासी व विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश दिए। डीएम ने एसडीएम सदर जनार्दन को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें और बारिश से उत्पन्न किसी भी समस्या का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित करें।

# शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि पर लगी मुहर, बांटे गए सांकेतिक चेक

**खैराबाद/सीतापुर:** शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और शिक्षामित्रों के परिश्रम को सम्मान देने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। खैराबाद के भूमिजा हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने सम्मानित शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय के सांकेतिक चेक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि यह पहल सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम में भारी संख्या में मौजूद शिक्षामित्रों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया और हर्ष व्यक्त किया इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर के बच्चों ने नृत्य झांकियां प्रस्तुत की जिसके बाद शिक्षक नीलम और बच्चों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। इस मौके डीएम डॉ. राजा गणपति आर., सीडीओ डॉ. दीक्षा जोशी, एमएलसी पवन सिंह चौहान, राजेश शुक्ला, सीतापुर नपाप अध्यक्ष नेहा अवस्थी, बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह एवं शिक्षामित्रगण उपस्थित रहे। उधर, इस मामले में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि यह कदम केवल मानदेय वृद्धि नहीं, बल्कि शिक्षामित्रों के समर्पण का सम्मान है।


सम्मानित बच्चों के साथ मंत्री राकेश राठौर गुरु और जिलाधिकारी। अमृत विचार

**सूरतेहाल** | मामूली बारिश में ही खुल गई नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के विकास कार्यों की पोल

# दावों में साफ-सफाई, हकीकत हवा-हवाई


बारिश के बाद सरावगी टोला का मुख्य मार्ग।


सरावगी टोला की बजबजाती नालियां।


पैगंबरपुर मोहल्ले में भरा पानी। अमृत विचार

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के विकास और सफाई के दावों की पोल हुई हल्की बारिश ने खोल दी। मिर्जा गालिब की पंक्तियां 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी... यहां के जिम्मेदारों पर सटीक बैठती हैं, क्योंकि कागजी अरमानों के उलट धरातल पर लोग गंदगी और जलभराव से जूझ रहे हैं। नगर के सरावगी टोला, पैगंबरपुर और रमुवापुर वार्ड में नालियां चोक होने से बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया, जिससे सड़कें तालाब नजर आईं। स्थानीय निवासी अधिवक्ता ऋषि अग्निहोत्री, अमरेंद्र सिंह और मास्टर शमशेर ने आरोप लगाया कि नालियों की नियमित सफाई न होने से गंदगी बजबजा रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से संक्रामक बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है। शिकायत के बावजूद जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौन हैं।

इस बाबत महमूदाबाद के अधिशासी अधिकारी पवन किशोर मौर्य ने बताया कि उन्होंने स्वयं प्रभावित वार्डों का भ्रमण किया है। जलभराव व नालियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को तत्काल सफाई और जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# राज्य युवा संसद में चमके सीतापुर के पांच 'युवा सांसद'

**सीतापुर, अमृत विचार:** लखनऊ स्थित विस सदन में आयोजित तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश राज्य विकसित भारत युवा संसद 2026' में जिले के पांच युवाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रदेश के 75 जिलों से आए 375 प्रतिभागियों के बीच सीतापुर के अमन कुमार त्रिपाठी, सक्षम श्रीवास्तव, फारोजा अकमर, इला मिश्रा और भूमिका सिंह ने ओजस्वी विचार रखकर जिले का मान बढ़ाया। विधानसभा में आयोजित सत्र में 'केंद्रीय बजट-2026' और 'विकसित भारत 2047' विषय पर बोलते हुए अमन त्रिपाठी ने नैमिषारण्य और राजा टोडरमल की धरती का परिचय देते हुए युवाओं की प्रतिबद्धता रेखांकित की। सक्षम, फारोजा, इला और भूमिका ने भी कौशल विकास और युवाओं की सहभागिता पर प्रभावी भाषण दिए। खास बात यह रही कि कार्यक्रम का मंच संचालन भी सिधौली की मृणाली दीक्षित ने किया। उद्घाटन सत्र में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और समापन पर डॉ. दिनेश शर्मा ने युवाओं का मार्गदर्शन किया।

### चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, दो गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस ने चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं का अनावरण किया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की नकदी बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आलोक सिंह के मुताबिक, ग्राम जहूरपुर मार्ग से राजू नाई पुत्र स्व. परमेश्वर निवासी नौनेर, हरगांव और मल्हुही रेलवे अंडरपास से अक्षय पुत्र गंगाराम निवासी धनीपुर, खैराबाद को गिरफ्तार किया। आरोपी राजू ने बीते 24 मार्च को मुबारकपुर स्थित कृष्णा मेडिकल स्टोर में चोरी की थी, जिसके पास से 2,750 रुपये बरामद हुए। वहीं, अक्षय ने नैपालापुर के पास सीवी लॉन में चोरी की घटना को अंजाम दिया था, जिसके पास से 10,300 रुपये बरामद किए गए। गिरफ्तारी करने वाली टीम में गीता सिंह, अजीत सिंह, शुभम व संजय शामिल रहे।

### बंदी के शव का बिसरा हुआ सुरक्षित

**सीतापुर, अमृत विचार :** कारागार में निरुद्ध बंदी मुनेंद्र की मौत के मामले में पोस्टमार्टम के दौरान बिसरा सुरक्षित किया गया है। परीक्षण के दौरान मेडिकल टीम के अतिरिक्त वीडियोग्राफी भी कराई गई। बता दें कि जेल में निरुद्ध मिश्रिख इलाके के बंदी मुनेंद्र की कारागार में संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। हलांकि, मृत्यु की पुष्टि जिला अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा की गई। ऐसे में पैनल के आधार पर शव का पोस्टमार्टम हुआ। हैंगिंग के अतिरिक्त स्थितियों को स्पष्ट करने के लिए शव का बिसरा सुरक्षित किया गया है। उधर, स्थितियों के अवलोकन को लेकर डीआईजी डॉ. रामधनी का कारागार आना हुआ। इस दौरान बैरक में पहुंचकर उन्होंने विस्तार से जेल अधीक्षक दीप्ति यादव से जानकारी ली। कुल प्रकरण की जांच रिपोर्ट कारागार प्रशासन ने देर शाम लखनऊ मुख्यालय प्रेषित की है।

### विधायक ने किया विद्यालय भवनों का लोकार्पण

**रामपुर मथुरा/सीतापुर :** ब्लॉक संसाधन केंद्र रामपुर मथुरा के प्रांगण में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह एवं नवनिर्मित विद्यालय भवनों का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने शिलालेख का अनावरण कर 5 मूल भवनों और 7 अतिरिक्त कक्षा कक्षों का लोकार्पण किया। इस दौरान भागौतीपुर, कोदौरा, तुलसीपुर खरिका, सियारपुर व चंदौली में अतिरिक्त कक्ष तथा सिरकुंडा मीरानगर, बहलोल नगर, चंदेला व चीखड़ी धांधर में मूल भवनों का निर्माण पूरा होने पर जनता को समर्पित किया गया। विधायक ने शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये मानदेय के बढ़े हुए चेक भी सौंपे। खंड शिक्षा अधिकारी उदय मणि पटेल, हिमांशु तिवारी, श्रीराम चौहान, मंजरी सिंह, शैली सिंह, विनायक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व प्रधान मौजूद रहे।

### पोषक तत्वों के प्रबंधन पर किसानों से संवाद


किसानों से संवाद करते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर :** कृषि विज्ञान केंद्र कटिया द्वारा सरैया सानीं गांव में संतुलित उर्वरक उपयोग जागरूकता अभियान के तहत प्रशिक्षण व जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। गृह वैज्ञानिक डॉ. रीमा ने कहा वैज्ञानिक तरीके से उर्वरकों का प्रयोग न केवल सब्जियों की गुणवत्ता बढ़ाता है बल्कि परिवार के पोषण स्तर को भी सुधारता है। प्रधान नेहा अवस्थी, संजय अवस्थी एटीएम, गीता देवी सहित प्रगतिशील किसान लाजवंती, कमला, पुष्पा, गोपी, सुनील व हेमनाथ उपस्थित रहे।

### पौधरोपण व फल वितरण कर मनाई पुण्यतिथि


पौधरोपण करते रवि तिवारी। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर :** भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री रवि तिवारी ने अपनी माता स्वर्गीय इंद्रा तिवारी की द्वितीय पुण्यतिथि पर मानवीय पहल की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमंडा परिसर में उन्होंने फल वितरण और वृक्षारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्र, सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजीव वर्मा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी निर्मला नंदिनी, जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला, ग्राम प्रधान प्रमोद जायसवाल और डॉ. सुशांत विश्वास सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### आपसी सामंजस्य से बढ़ती है खेल स्पर्धा


प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित प्रतिभागी व अतिथिगण। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद के स्टेडियम स्थित तरणताल में लखनऊ जोन की 64वीं अन्तर्जनपदीय एक्वाटिक क्लस्टर तैराकी एवं क्रासकन्ट्री प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आलोक सिंह ने किया। इस खेल स्पर्धा में लखनऊ जोन के छह जनपदों—लखनऊ, सीतापुर, सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर, उन्नाव और रायबरेली की टीमों के कुल 36 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। एएसपी आलोक सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को खेल भावना से खेलने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में इस तरह के आयोजनों से न केवल शारीरिक दक्षता बढ़ती है, बल्कि आपसी सामंजस्य भी सुदृढ़ होता है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन अरविन्द कुमार पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शिव बालक वर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### दिव्यांग व निराश्रित महिलाओं ने सौंपा मांग पत्र

**सीतापुर, अमृत विचार :** आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के तत्वावधान में दिव्यांगों और निराश्रित महिलाओं की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. को एक मांग पत्र सौंपा गया। संगठन के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में जनपद के दिव्यांगजनों की बुनियादी सुविधाओं और आर्थिक सहायता से जुड़ी सात प्रमुख मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है। ज्ञापन में जिला अस्पताल में बंद पड़े पर्चा व दवा काउंटरों को पुनः संचालित करने की मांग की गई है ताकि मरीजों को परेशानी न हो। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2024-25 की लंबित स्पॉन्सरशिप योजना और पारिवारिक लाभ योजना का लाभ अब तक न मिलने पर नाराजगी जताई गई और जल्द भुगतान की मांग की गई। फाउंडेशन ने जिले में एक समुचित दिव्यांग आश्रम की स्थापना और दिव्यांग दंपतियों को प्राथमिकता के आधार पर अंत्योदय राशन कार्ड उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

### डीएम ने की निकायों के विकास कार्यों की समीक्षा

**सीतापुर, अमृत विचार :** डीएम डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नपा व नगर पंचायतों के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। 15 वें वित्त आयोग के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीएम ने नगरीय निकायों में बुनियादी सुविधाओं और साफ-सफाई को बेहतर करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल के मद्देनजर प्रमुख चौराहों पर शीतल पेयजल और 'कूलिंग प्वाइंट' बनवाए जाएं। उन्होंने कहा कि निकायों की आय बढ़ाने के लिए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, बॉक्स क्रिकेट और स्केटिंग ग्राउंड जैसे निर्माण के प्रस्ताव भेजे जाएं। बैठक में एडीएम नीतीश कुमार सिंह, ईओ सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित सभी निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रेल कोच कर्मी के बेटे ने फांसी लगा दी जान

**लालगंज, अमृत विचार :** रेल कोच कारखाने के टाइप फोर आवासीय कॉलोनी में रेल कोच कर्मी के बेटे ने फांसी लगाकर जान दे दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रेल कोच कर्मी अभय सिंह अपनी पत्नी के साथ उन्नाव गए हुए थे। घर में उनका 14 वर्षीय बेटा विनायक अकेला था। तभी उसने देर शाम फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पहुंची लालगंज पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाबत कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लालगंज में आज से चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**लालगंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत और तहसील प्रशासन के संयुक्त अभियान में आज बुधवार से लालगंज नगर में अतिक्रमण हटाया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की तिथि तय होते ही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के व्यापारी नेता सक्रिय हो गए हैं। अध्यक्ष विवेक शर्मा और महामंत्री शिवम गुप्ता के नेतृत्व में व्यापार मंडल के लोगों ने लालगंज नगर के व्यापारियों से जनसंपर्क किया और अवैध अतिक्रमण वाले स्थानों को चिन्हित कर स्वयं से अवैध अतिक्रमण हटाने की बात कही। वहीं प्रशासन के द्वारा लालगंज नगर को अतिक्रमण मुक्त किए जाने के निर्देश होते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। बुधवार से लालगंज नगर में नगर पंचायत का बुलडोजर गरजेगा और अतिक्रमण हटाएगा।

### करंट की चपेट में आने से मासूम झुलसा

**शिवगढ़, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के तरौंजा गांव निवासी आशीष कुमार शर्मा का 10 वर्षीय बेटा कृष्णा मंगलवार को खेल रहा था। तभी टुल्लू मशीन में अचानक करंट आने से उसकी चपेट में आ गया। आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया गया। शिवगढ़ सीएचसी अधीक्षक डॉ.प्रेमशरन ने बताया कि बच्चे की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### रामभक्त ने बांटी श्रीरामचरित मानस

**लालगंज, अमृत विचार :** रामभक्त चंदन त्रिवेदी ने मंगलवार को ऐहार ग्राम सभा के निवासी वकील राकेश कुमार मिश्र को श्री रामचरितमानस भेंट की गई। इस अवसर पर मोनू मिश्रा, शिवम अवस्थी, कीर्तिमनोहर शुक्ला, मृदुल त्रिपाठी, विनय त्रिवेदी जी सहित अन्य राम भक्त मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**महराजगंज, अमृत विचार :** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत के मामले मंगलवार को चंदापुर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना रविवार रात दुसौती चौराहा स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास की है। मृतक के भाई दिनेश कुमार ने पुलिस को बताया कि रात करीब आठ बजे उसका भाई शोभनाथ रायबरेली जा रहा था। तभी सामने से आ रही एक कार के अज्ञात चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से गलत साइड से आकर शोभनाथ की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मृतक शोभनाथ अमेठी जिले के जायस थाना क्षेत्र के पूरे सुक्खा मजरे उड़वा हेमराजपुर का निवासी था। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

# संकट कटै मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा...

## ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर मंदिरों में पूजा-अर्चना करने को उमड़े लोग, जगह-जगह आयोजित भंडारों में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद


एनएसपीएस त्रिपुला में भक्तों को शर्बत वितरित करते आयोजक। अमृत विचार


मधुपुरी में बड़े मंगल पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार


रामलीला मार्ग पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर बजरंग बली की पूजा अर्चना को लोग उमड़े रहे। शहर क अभयदाता मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर आदि जगहों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। इस दौरान जगह-जगह भंडारा का आयोजन किया गया। पूड़ी, सब्जी, बूंदी, शर्बत आदि का वितरण किया गया।

न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की ओर से एनएसपीएस त्रिपुला में महावीर हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई। एनएसजीआई संयुक्त सचिव डॉ. रश्मि शर्मा ने विधि-विधान से पूजन कर सभी के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर शिव लखन प्रजापति, राजीव सिंह, तारकेश्वर सिंह, मो. फैजान खान, शिवकरन पाल, अरुण चौधरी, संचिता त्रिवेदी, नितिन सिंह, प्रशांत पांडेय, शाहीन खान, शुभी सिंह, अजय सिंह, रामदेव, आर एन सिंह, गिरीश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

इसी तरह एम्स क्षेत्र के मुंशीगंज व मधुपुरी गांव में पूजन अर्चन कर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सुंदरकांड पाठ भी किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आयोजक व हनुमान भक्त अरविंद पांडेय एवं उनके पदचिन्हों पर चलने वाली उनकी अर्धांगिनी अर्चना पांडेय ने संयुक्त रूप से बताया कि भंडारे में पूड़ी, छोला, चावल, बूंदी आदि प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। जिसमें सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ी। इस मौके पर शैलेंद्र पांडेय, अमरेंद्र पांडेय, राजकुमार मिश्रा, तेजस पांडेय, रूद्रांश, संजय, राधेकृष्ण बाजपेई, शुभम मौर्या, रिशी मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

**अगवान वीर बाबा मंदिर में हुआ सुंदरकांड का पाठ, छतोह:** ब्लॉक के ग्राम सभा गोपाली पुर स्थित अगवान वीर बाबा मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। मन्दिर परिसर में संकट कटै मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा जैसे भक्ति गीत व सुंदरकांड का पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ के बाद हवन पूजन और भंडारा संपन्न हुआ। इस मौके पर शंकर बक्स सिंह, संजय सिंह, सुखबीर सिंह, सुधीर सिंह, सुनील सिंह, प्रशांत सिंह, निशांत सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, आजाद सिंह, आगमन अथर्व, मानस, मारुति आदि रहे।

**पहले बड़े मंगल पर शर्बत तो कहीं बूंदी का वितरण, सलोन:** ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर जगह-जगह हनुमत आराधना, भंडारा व शर्बत का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। राहगीरों ने गर्मी में नीबू पानी की ठंड शर्बत से अपनी प्यास बुझाई। कस्बे के तहसील मार्ग स्थित बाबा माधव दास मन्दिर में स्थापित बड़े हनुमान जी के मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और प्रसाद वितरित किया गया। सलोन कस्बे के रामलीला मार्ग स्थित एडवोकेट ओम प्रकाश रस्तोगी, डॉ. अतुल रस्तोगी और प्रांशु रस्तोगी के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी सब्जी वितरित की गई। ग्रामीण क्षेत्र करहिया, कमालगंज, सूची आदि जगहों पर शर्बत, फल आदि प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर पंडित रवि कांत पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्र शेखर रस्तोगी, सोमिल रस्तोगी, गोपाल मोदनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

**संकट मोचन मंदिर में भक्तों की लगी कतार, शिवगढ़:** शिवगढ़ के संकटमोचन मन्दिर ग्राम पंचायत बैंती स्थित सर्रा बाबा की कुटी, हनुमानगढ़ी और बनवारी दास बाबा की कुटी स्थित संकट मोचन मन्दिर आदि मन्दिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही। दूरदराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बजरंगबली के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर संगीत मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व कसना प्रधान रामकिशोर, करुणा शंकर बाजपेई, अजय वर्मा संजय मौर्य, मनोज वर्मा, आराध्या मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

**भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़, महराजगंज:** ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगलवार के दिन जगह-जगह हनुमान मंदिरों व चौराहों पर भण्डारों के आयोजन की धूम रही। हलोर स्थित बाबा श्री ब्रह्मचारी जी महाराज की तपोस्थली में श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ के समापन के साथ भंडारे का आयोजन आयोजक दिनेश द्विवेदी द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि रिंकू चौधरी, सुरेश द्विवेदी, विनय द्विवेदी, विनोद अवस्थी, प्रदीप चौरसिया, रणविजय सिंह, अरविंद शुक्ला, उमाकांत पांडे, मनोज मिश्रा, संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं कस्बे के हनुमानगढ़ी मंदिर, बल्ला स्थित महावीर मंदिर, रजिस्ट्री आफिस में स्थित हनुमान मंदिर समेत चंदापुर, मोन, कैर आदि चौराहों पर भण्डारों की धूम रही।

### हनुमान मंदिर में सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन

**सरेनी (रायबरेली) अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को झामपुर गांव में हनुमान मंदिर में सुंदरकाण्ड का संगीतमय पाठ सम्पन्न हुआ। इसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडित देवनारायण दीक्षित ने विधि-विधान के साथ सुन्दरकाण्ड का पाठ सम्पन्न कराया। इसके अलावा सरेनी बाजार में भी कई स्थानों पर भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर वीरेन्द्र मोहन श्रीवास्तव, प्रमोद मिश्रा, करुणा शंकर बाजपेयी, रोशन श्रीवास्तव, रत्नेश श्रीवास्तव, हरीशंकर श्रीवास्तव, दीक्षा श्रीवास्तव, प्रिया श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव, कुसुम श्रीवास्तव, शांति श्रीवास्तव, आर्या श्रीवास्तव, आनन्द श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हनुमान भक्त।

### भंडारे में भक्तों ने छका प्रसाद

**लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर भक्तों ने भगवान बजरंगबली का चित्र लगाकर जहां उनकी धार्मिक विधि विधान से पूजा अर्चना की। सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ शर्बत वितरण का कार्यक्रम प्रबंधक कैलाश वाजपेई और प्रधानाचार्य सुरेश पाठक के द्वारा आयोजित किया गया। सभी बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रबंधक कैलाश वाजपेई, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, शिवम सैनी, राम आसरे, विपिन कुमार, राकेश पप्पू सैनी आदि लोग मौजूद रहे।


पूजा-अर्चना करते हनुमान भक्त। अमृत विचार

# बीच-बचाव के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट, केस दर्ज

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम कूड़ निवासी राधेश्याम पुत्र हुल्लाल ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि 3 मई 2026 की शाम उनके खेत के पास गांव के ही विनय पुत्र विनोद कुमार निवासी कूड़पुरा झगड़ा कर रहा था। इसी दौरान उनके बेटे नितीश कुमार व दीपक पटेल ने बीच-बचाव कर विवाद शांत कराने का प्रयास किया। इस पर विपक्षी पक्ष के अंकित पटेल पुत्र अज्ञात निवासी कैशन का पुरवा, विपिन पटेल पुत्र रामखेलावन, अनुप पटेल पुत्र बिंद बहादुर निवासी कूड़पुर थाना जगतपुर व विशाल पुत्र अज्ञात निवासी निसिर का पुरवा थाना ऊंचाहार ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर नितीश कुमार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। बीच-बचाव करने आए दीपक पटेल की कलाई पर भी वार कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया।

थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।---------

# चोरों ने रॉड मारकर दो लोगों को किया जख्मी

डीह (रायबरेली)

- थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित गोदाम पर बोला धावा

**अमृत विचार।** थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित जल जीवन मिशन के सामग्री गोदाम में सोमवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा गोदाम के चौकीदारों को लहूलुहान कर लाखों रुपए कीमत की पीतल की टोटियां चोरी कर उठा ले गए। सूचना पर पुलिस अधीक्षक व एसओजी टीम ने मौके पर पहुंच कर गहनता से जांच पड़ताल की।

डीह थाने से 200 मीटर की दूरी पर पूरे मिचकुरियां गांव के पास जल जीवन मिशन योजनांतर्गत गांवों में लगाए जा रहे नलकूपों व पाइप लाइनों की पाइप एवं अन्य सामग्री को रखने के लिए ठेकेदार का गोदाम स्थित है, जहां डीह कस्बे का निवासी


मौके पर जांच करते एसपी रवि कुमार।

शिवलाल पुत्र रतीपाल चौकीदार है। सोमवार की रात वह अपने भाई राजलाल के साथ गोदाम पर सो रहा था तभी अज्ञात चोर गोदाम के पीछे से अंदर आए और वहां रखी पीतल की टोटियों से भरी बोरियों को ले जाने लगे। इस दौरान चौकीदार जग गया और वह चिल्लाने लगा, तभी चोरों ने लोहे की रॉड से उस पर व उसके भाई के सिर पर हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। इसके बाद चोर दोनों के मोबाइल फोन भी उठा ले गए। होश आने के बाद दोनों किसी तरह मिछुरियां गांव निवासी भानु के दरवाजे पहुंचे और सारी बात बताई। जिस पर भानु सिंह ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक रविकुमार अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, सीओ यदुवेन्द्र पाल व एसओजी टीम मौके पर पहुंचकर गहनता से जांच की। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि चौकीदार शिवलाल की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

### गेहूं खरीद केंद्र पर किसानों का हंगामा

**सतांव (रायबरेली) अमृत विचार।** सतांव ब्लॉक क्षेत्र के राजकीय गेहूं खरीद केंद्र मलिक मऊ चौबरा पर गेंहू खरीद ना होने से नाराज किसानों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। कई दिनों से अपनी उपज बेचने के लिए केंद्र के चक्कर लगा रहे किसानों ने मंगलवार को जमकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। किसानों का आरोप है कि वे लगातार केंद्र पर आ रहे हैं लेकिन उनके गेहूं की खरीद नहीं की जा रही है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसान विमलदेव सिंह, श्रीकांत अवस्थी, विनोद बहादुर ने बताया कि मौसम में रोज उतार चढाव हो रहा है, समय पर खरीद न होने से उनकी उपज खराब होने का भी खतरा बना हुआ है। गेहूं खरीद केंद्र प्रभारी हरिमोहन सिंह ने सफाई देते हुए कहा कि मजदूरों की कमी के कारण खरीद कार्य प्रभावित हुआ है। यूरिया वितरण में इस्तेमाल होने वाली मशीन खराब हो गई है। जल्द ही श्रमिकों की व्यवस्था कर खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से शुरू किया जाएगा।मौके पर मौजूद किसानों ने कहा कि यदि जल्द ही उनकी गेहूं की खरीद नहीं की गई, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।


गेहूं खरीद केंद्र पर प्रदर्शन करते किसान।

# दो बाइकों में टक्कर से युवक की मौत, दो लोग घायल

शिवगढ़ (रायबरेली)

- बांदा-बहराइच हाईवे पर हुआ हादसा, एक युवक रेफर

**अमृत विचार।** सोमवार की देर रात्रि शिवगढ़ थाना के बांदा-बहराइच हाईवे पर स्थित प्यामखेड़ा के निकट दो बाइकों में टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं अधेड़ सहित दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के मुताबिक सोमवार की देर रात्रि शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाइवे पर स्थित प्याम खेड़ा के पास दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें एक बाइक पर सवार धनीराम पुत्र धर्मराज (25) निवासी अमान खेड़ा मजरे ढोढ़वापुर थाना शिवगढ़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसी बाइक पर सवार गांव के शिवरतन पुत्र बाबादीन (50) गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरी बाइक पर सवार राम सुमिरन उर्फ रामू (26) पुत्र घिसियावन निवासी ग्राम परीवां थाना लोनी कटरा जनपद बाराबंकी गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इस दौरान एम्बुलेंस के समय पर न पहुंचने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। 102 एम्बुलेंस उपलब्ध होने के बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। शिवगढ़ थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि पंचनामा भरकर मृतक के शव को रात्रि में ही पीएम के लिए भेज दिया गया था अभी तहरीर अभी नहीं मिली है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।


धनीराम की फाइल फोटो।

### डंपर ने चार बारातियों को रौंदा, एक की मौत व तीन गंभीर

**खीरों (रायबरेली) अमृत विचार।** क्षेत्र के निहस्था स्थित विवेकानंद कॉलोनी में सोमवार रात एक भीषण सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। उन्नाव-लालगंज-रायबरेली मुख्य मार्ग पर बारातियों की अगवानी के दौरान गिट्टी लदे तेज रफ्तार डंपर ने चार बारातियों को कुचल दिया। हादसे में डलमऊ क्षेत्र के जहांगीराबाद निवासी त्रिलोक सिंह (45) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नरेन्द्र यादव (40), उनका 12 वर्षीय भतीजा ऋषभ यादव और विजयपाल यादव (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी लालगंज पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें एम्स रेफर किया गया। घायल नरेन्द्र यादव को नाजुक स्थिति में ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया, जबकि दो घायलों का इलाज एम्स में जारी है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर डंपर को कब्जे में ले लिया गया है। मृतक के भतीजे के शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात डंफर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।


त्रिलोक सिंह की फाइल फोटो।

### मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित


सम्मानित किए गए मेधावी बच्चे, मौजूद अभिभावक व शिक्षक। अमृत विचार

**जगतपुर, अमृत विचार :** जगतपुर के राना बेनी माधव सिंह स्मारक इंटर कॉलेज शंकरपुर में यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व वीर सेनानायक राना बेनी माधव सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। हाईस्कूल के 49 और इंटरमीडिएट के 46 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, वहीं उनके अभिभावकों को भी सराहा गया। इंटरमीडिएट के छात्र शुभ सिंह ने जिले में पांचवीं रैंक हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इस अवसर पर 83 शिक्षकों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक हरिचंद बहादुर सिंह और प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में हुआ, जिसमें क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समर बहादुर सिंह, विजय करन सिंह, गोरख, मुन्ना लोग मौजूद रहे।

### लिपिक रामचंद्र को दी गई विदाई


ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

**जगतपुर, अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र जगतपुर में कार्यरत लिपिक रामचंद्र के सेवानिवृत्ति उपरांत सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, जगतपुर के अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह में ब्लॉक के वरिष्ठ शिक्षकों ने रामचंद्र के लंबे सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा और सरल स्वभाव को याद करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने शिक्षा विभाग में सदैव ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस दौरान ब्लॉक समिति के पदाधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी।

लापरवाही

करोड़ों के लोन घोटाले में मुख्य प्रबंधक ने 29 दिसंबर 2025 को दर्ज कराई थी एफआईआर

# नौ करोड़ रुपये का घोटाला, पुलिस की पकड़ से सरगना दूर

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा में हुए करीब नौ करोड़ रुपये के लोन घोटाले का सिंडिकेट इतना शक्तिशाली निकला कि पुलिस अब तक उसके सरगना तक नहीं पहुंच पाई। इस घोटाले में बैंक के तत्कालीन मैनेजर की संलिप्तता प्रतीत होती है, लेकिन वह भी पुलिस की पकड़ से कोसों दूर है। पुलिस अब छोटी मछलियों को पकड़कर अपनी पीठ थपथपा रही, जबकि घोटाले के मगरमच्छ तक पुलिस के हाथ अब तक नहीं पहुंच सके हैं।

दरअसल करोड़ों के लोन घोटाले के मामले में 29 दिसंबर 2025 को बैंक ने 48 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एफआईआर में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 9 करोड़ से अधिक रुपये का लोन मंजूर करा लेना दर्ज है। पुलिस ने क्रेडिट ऑफिसर अमित कनौजिया समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया, लेकिन सिंडिकेट का असली सरगना अभी भी फरार है। आश्चर्य की बात है कि बैंक में केवाईसी के नाम पर खाताधारकों को उनका धन निकासी करने में बैंक अकसर किन्तु, परन्तु की तमाम अड़चने लगाती है, वहीं लोन के लिए आवेदकों के दस्तावेज के सत्यापन में की गई लापरवाही ही घोटाले का प्रमुख



कारण बनी है। इस पूरे मामले में बैंक कर्मियों की घोर लापरवाही या फिर मिलीभगत परिलक्षित होती है, फिर भी एफआईआर से बैंक कर्मियों के नाम तक गायब हैं। इससे बैंक के उच्चाधिकारियों पर भी संदेह पैदा होता है। जबकि इतना बड़ा घोटाला बैंक के सहयोग के बिना संभव नहीं था। पिक्चर क्लीयर होने के बावजूद सिंडिकेट का सरगना कौन है? बैंक का तत्कालीन मैनेजर कहां छिपा है? क्या इस घोटाले में और बड़े नाम जुड़े हैं? इस पूरे मामले में दूध का दूध और पानी का पानी कर पाने में शहर कोतवाली पुलिस पूरी तरह से नाकाम है। जबकि पुलिस का दावा है कि जांच चल रही है और जल्द ही बड़े खुलासे होंगे, लेकिन चार महीने का लम्बा वक्त गुजर जाने के बाद भी पुलिस अब तक मुख्य आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है। पुलिस की सुस्ती से ऐसा प्रतीत होता है कि एक बार फिर बैंक का बड़ा घोटाला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

> मामले की विवेचना की जा रही है। इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।
> -शिवशंकर सिंह, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली नगर, रायबरेली।

### एफआईआर में मुख्य प्रबंधक ने कहा अपनी पहचान छिपाकर लिया गया ऋण

एफआईआर में स्पष्ट रूप से मुख्य प्रबंधक द्वारा लिखवाया गया है कि "बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा रायबरेली में कुल 48 खातों में गलत तरीके से आवेदकों/ऋण धारकों ने अपनी पहचान छिपाकर व गलत पहचान लगाकर व्यक्तिगत ऋण प्राप्त किया है।" अब उन्हें कौन समझाए कि जब ये पता था कि आवेदकों/ ऋण धारकों के द्वारा दिये गए पहचान पत्र गलत थे तो निश्चित तौर पर यह भी स्पष्ट रहा होगा कि बैंक द्वारा लोन स्वीकृत से पूर्व अपनायी जाने वाली प्रक्रिया का पालन नही किया गया। ऐसे में इसमें शामिल बैंक अधिकारियों के नाम एफआईआर में क्यों नही लिखे गये। सवाल यह भी उठता है कि जब बैंक में आवेदकों की सिविल रिपोर्ट जो ऋण वितरण में अति आवश्यक होती है और शाखा स्तर पर ही कंप्यूटर से निकाली जाती है तो क्या उसे आधार और पैन के बेस पर नहीं निकाला गया? क्या ऋण की फाइल का पीएसएस जो क्षेत्रीय कार्यालय में होना चाहिए वह नहीं किया गया। यदि पीएसएस किया गया है तो संबंधित अधिकारियों ने गहन जांच क्यों नहीं की? फिलहाल यह भी जांच का विषय है।

## न्यूज ब्रीफ

### नीलगाय से टकराकर घायल किसान की मौत

**शुकुल बाजार, अमृत विचार :** क्षेत्र के दारानगर के पास सोमवार रात नीलगाय से टकराकर गंभीर रूप से घायल किसान की मंगलवार को ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, पूरे छीटूराम निवासी रामनाथ (50) पुत्र राम भरोसे भटमऊ गांव से किसी निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि वह घर पहुंचने ही वाले थे, तभी दारानगर के पास अचानक सामने आई नीलगाय से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मोबाइल और तमंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सलोन (रायबरेली) अमृत विचार :** सरेनी कोतवाली क्षेत्र के रेवहारा निवासी युवती अंशिका पुत्री प्रभाशंकर तीन मई को घूरनपुर मोड़ के पास ई-रिक्शा से उतरने के बाद वह अपने भाई से मोबाइल पर बात कर रही थी। इसी दौरान अचानक पल्सर मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्ति आये और उसका मोबाइल छीनकर भाग निकले। पुलिस ने युवती की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि थाना सलोन पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान मुखबिरखास की सटीक सूचना पर थाना क्षेत्र के गढ़ी इस्लाम नगर के पास से अभियुक्त अविनाश उर्फ अनीश सरोज पुत्र जगतपाल निवासी देवी का पुरवा मजरे मुस्तफाबाद थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को एक तमंचा जिन्दा कारतूस 315 व छिनैती के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल एक अन्य फरार अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप

**अमेठी, अमृत विचार :** जिले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए एक युवक ने पुलिसकर्मियों पर मारपीट और उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित विकास वर्मा निवासी संसारीपुर, थाना रामगंज ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।शिकायत के अनुसार, 30 अप्रैल 2026 की रात विकास वर्मा सुल्तानपुर जनपद के भीखमपुर से बारात में शामिल होकर लौटे थे। रात करीब 11:30 बजे जब वह संसारीपुर स्थित एक मैरिज लॉन पहुंचे, तभी वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें बिना कारण पकड़ लिया। आरोप है कि चौकी रामगंज के सिपाही प्रवीण कुमार सिंह और बलेन्द्र यादव ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि पुलिसकर्मियों ने कथित रूप से नशे की हालत में उन्हें गाड़ी में डालकर भी पीटा और बाद में चौकी ले जाकर लाठी, डंडे और बेल्ट से हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। आरोप यह भी है कि उनका मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया और हालत बिगड़ने पर गांववालों को बुलाकर सादे कागज पर जबरन हस्ताक्षर कराकर छोड़ दिया गया।

# 150 गांवों में अंधेरा, एक लाख आबादी बेहाल

## आंधी-बारिश से छह दिन पूर्व 197 खंभे हुए थे क्षतिग्रस्त, सामग्री के अभाव में नहीं हो रही मरम्मत

शुकुल बाजार (अमेठी)




**अमृत विचार।** विगत 29 अप्रैल को आए आंधी-तूफान के बाद सत्थिन विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र की बिजली व्यवस्था छह दिन बाद भी पटरी पर नहीं लौट सकी है। करीब डेढ़ सौ गांवों में अब भी बिजली आपूर्ति ठप है। जिससे एक लाख से अधिक लोग बिजली और पानी के संकट से जूझ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक सत्थिन उपकेंद्र से बाजगढ़, सत्थिन, जैनामगंज और बदलगढ़ समेत चार फीडरों के जरिए 15 ग्रामसभाओं के करीब 250 गांवों को बिजली आपूर्ति की जाती है। इनमें बड़ी संख्या में गांव अब भी अंधेरे में हैं। गर्मी के बीच बिजली न मिलने से पेयजल संकट गहरा गया है। विभागीय जानकारी के अनुसार तूफान में हाईटेंशन लाइन के 87 और एलटी लाइन के 110 खंभे क्षतिग्रस्त हुए हैं। कई स्थानों पर पोल गिरने और तार टूटने से आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

वहीं परेशान ग्रामीणों का कहना है कि रात में अंधेरा रहने से परेशानी बढ़ गई है। मोबाइल चार्जिंग, पेयजल और घरेलू कार्यों के लिए लोगों को दूसरे गांवों का सहारा लेना पड़ रहा है।

इस संबंध में अवर अभियंता सुरेश कुमार ने बताया कि मांग के अनुरूप सामग्री उपलब्ध न होने से मरम्मत कार्य प्रभावित है। फिलहाल केवल बिजली पोल ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अन्य जरूरी सामग्री मिलते ही तेजी से काम कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### विद्यालय के ऊपर से गुजरा 11 हजार वोल्ट का तार, बच्चों की जान पर मंडरा रहा खतरा


विद्यालय के ऊपर से गुजरता 11 हजार वोल्ट का तार।

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** अमेठी जिले के विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र की ग्राम सभा धोएं स्थित प्राथमिक विद्यालय सांकर माना पट्टी में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। विद्यालय के बाउंड्री वॉल और एक भवन के ऊपर से 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार गुजारा गया है, जो स्कूली बच्चों और शिक्षकों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।भारतीय विद्युत नियमों के अनुसार किसी भी स्कूल परिसर या भवन के ऊपर से इस प्रकार की हाईटेंशन लाइन गुजरना पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद यहां खुलेआम नियमों की अनदेखी की गई है। स्थिति और भी चिंताजनक तब हो जाती है जब विद्यालय की बाउंड्री के पास ही ट्रांसफार्मर भी स्थापित कर दिया गया है।विद्यालय परिसर में कई जगह बिजली के तार नीचे लटके हुए हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग को तारों में हो रही स्पार्किंग और अन्य समस्याओं से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से कई बार सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है।वहीं, क्षेत्रीय खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से भी निरीक्षण और कार्रवाई में लापरवाही सामने आ रही है। इस पूरे मामले में बिजली विभाग और शिक्षा विभाग दोनों की उदासीनता के चलते नन्हे-मुन्ने बच्चों का जीवन खतरे में पड़ गया है। समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेकर हाईटेंशन तार हटाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# अब इंजेक्शन की एक डोज से मरीजों का बढ़ेगा हीमोग्लोबीन


सीएचसी अमेठी में कार्बोक्सीमाल्टोज इंजेक्शन की जानकारी देते सीएमओ।

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के उद्देश्य से फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज इंजेक्शन की शुरुआत की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने फीता काटकर इंजेक्शन की लॉन्चिंग की।

इस मौके पर डिप्टी सीएमओ पीके उपाध्याय, अधीक्षक डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. प्रदीप तिवारी, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. साक्षी, डीएफपीएस सम्मान सिंह, एचईओ मनोज कुमार पटेल, बीपीएम लालमणि तिवारी, बीसीपीएम जयदीप सिंह समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह इंजेक्शन गर्भवती

**राहत**

महिलाओं और खून की कमी से जूझ रहे मरीजों के लिए काफी लाभकारी होगा। पहले मरीजों को हीमोग्लोबीन बढ़ाने के लिए आयरन सुक्रोज की पांच डोज लेनी पड़ती थी, लेकिन अब कार्बोक्सीमाल्टोज माल्टोज की एक ही डोज से मरीजों को राहत मिल सकेगी। सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि बाजार में इस इंजेक्शन की कीमत करीब पांच हजार रुपये है, लेकिन अब सरकारी अस्पतालों में मरीजों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि एक डोज लेने के बाद मरीज के हीमोग्लोबीन में तेजी से सुधार देखने को मिलेगा। लॉन्चिंग के बाद अब जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह इंजेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

# महिला के पिता ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का लगाया आरोप

मुसाफिरखाना (अमेठी)

- तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार।** ससुराली जनों पर दहेज हत्या प्रताड़ना सहित अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए मृतका के पिता ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है पुलिस प्रकरण की जांच पड़ताल करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।


हिना की फाइल फोटो।

कोतवाली क्षेत्र के पूरे रिसाल मजरे पूरे परवानी थाना मुसाफिरखाना निवासी अब्दुल कलाम पुत्र इम्तियाज ने दिए तहरीर में कहा कि मेरी पुत्री हिना का निकाह पूरे बंधई पूरब गौरा थाना जामो निवासी रिजवान पुत्र नसीब के साथ 25 जून 2025 को हुई थी दहेज की लालच में मेरी पुत्री को प्रताड़ना के साथ गैंगरेप कर हत्या कर दी और उसका शव मेरे घर भेज दिया। मृतका के पिता ने दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया। जबकि पुलिस ने प्रकरण से संबंधित जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट आने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी पुलिस प्रकरण से संबंधित जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पुलिस ने ठगी करने के दो आरोपी दबोचे

संवाददाता, अमेठी

- पुलिस ने 19 एटीएम कार्ड और 2500 रुपये भी किए बरामद

**अमृत विचार।** अमेठी पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने वाले दो अंतरजनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से विभिन्न बैंकों के कुल 19 एटीएम कार्ड, 2500 रुपये नकद और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। यह गिरफ्तारी क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में चलाए गए "ऑपरेशन चक्रव्यूह" के तहत हुई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान प्रतापगढ़ जिले के लीलापुर थाना क्षेत्र के टीना दुबान निवासी विशाल कोरी करीब 22 वर्ष और लालगंज थाना क्षेत्र के अगई निवासी शिवा सरोज करीब 23 वर्ष के रूप में हुई है।

पुलिस ने उन्हें संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु और वाहन की चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार होकर आते समय दबोचा। तलाशी


पुलिस के गिरफ्त में दोनों आरोपी।

के दौरान, विशाल कोरी के पास से 11 एटीएम कार्ड और 1300 रुपये बरामद हुए, जबकि शिवा सरोज के कब्जे से 8 एटीएम कार्ड और 1200 रुपये मिले। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे एटीएम के बाहर खड़े होकर लोगों को बातचीत में उलझाते थे। मौका पाकर वे एटीएम कार्ड बदल लेते थे और पिन कोड देख लेते थे। इसके बाद वे लोगों से कहते थे कि एटीएम खराब है और उनके जाने के बाद पैसे निकाल लेते थे। अभियुक्तों ने यह भी बताया कि उन्होंने दो-तीन दिन पहले अमेठी के सगरा तिराहा के पास एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर 4000 रुपये निकाले थे। यह राशि उन्होंने आपस में बांट ली थी और शेष रुपये खर्च कर दिए थे।

पुलिस ने बताया कि बरामद होंडा साइन मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर वे नहीं दिखा सके और बताया कि उन्होंने इसे गौरीगंज से एक बारात से चुराया था। पकड़े जाने के डर से उन्होंने मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट भी बदल दी थी। एटीएम बदलकर चोरी के संबंध में अमेठी थाने में और मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में गौरीगंज थाने में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज है। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर अमेठी पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### बढ़ा मानदेय मिलने से खिले शिक्षामित्रों के चेहरे


शिक्षामित्र को डेमो चेक को देते अतिथि। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में मंगलवार को शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिक्षामित्र पहुंचे। इस दौरान गोरखपुर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया, जिसमें शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार किए जाने की घोषणा पर खुशी जताई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, विधायक राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी समेत अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संग्रामपुर व कंपोजिट विद्यालय पचेहरी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि शिक्षामित्र परिषदीय विद्यालयों की रीढ़ हैं और बच्चों को निपुण बनाने में उनकी अहम भूमिका रहती है। जिलाधिकारी संजय चौहान ने शिक्षामित्रों को बधाई देते हुए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने प्रदेश सरकार की शिक्षा संबंधी योजनाओं की सराहना की।

### नौकरी पाकर खिले युवाओं के चेहरे, 135 प्रशिक्षार्थी नोएडा हुए रवाना


छात्रा को नियुक्ति पत्र देतीं सीडीओ पूजा साहू। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट भवन गौरीगंज से मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षित 135 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सीटेड संस्था के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षणार्थियों को हेल्थकेयर सेक्टर में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा उन्हें केयर हेल्थ प्रा. लि., नोएडा में रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जहाँ उन्हें 18,000 मासिक वेतन के साथ नि:शुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत नोएडा की अन्य तीन कंपनियों में भी रोजगार की व्यवस्था की गई है। सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सीटेड के चेयरमैन इंजीनियर संजय सिंह ने बताया कि संस्था पिछले एक दशक से प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराने के कार्य में सक्रिय है। उन्होंने बताया कि आज दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत 85 तथा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत 50 प्रतिभागियों को नोएडा भेजा जा रहा है। साथ ही अगले सप्ताह 50 और अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु भेजा जाएगा, और यह प्रक्रिया निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निरंतर चलती रहेगी। इस अवसर पर कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक एम.पी. सिंह, जिला उद्योग केंद्र से उपायुक्त प्रवीन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, प्रधानाध्यापक राजकीय आईटीआई कठौरा जगदीशपुर, अजय सिंह, तथा कौशल विकास मिशन के एमआईएस मैनेजर संदीप सिंह, मृत्युंजय तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीटेड के कौशल विकास मिशन के प्रोजेक्ट हेड सुशील सिंह, विवेक सिंह, कल्याण मिश्र सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### जनगणना को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली

**अमेठी, अमृत विचार।** सात मई से शुरू हो रही जनगणना को लेकर मंगलवार को अमेठी तहसील क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में सरस्वती विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए। बच्चों ने बैंड बाजे के साथ साथ कस्बे में भ्रमण कर लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक किया। रैली को अमेठी तहसील परिसर से रवाना किया गया। इस दौरान एसडीएम पंकज मिश्रा, तहसीलदार नेहा राजवंशी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जागरूकता रैली अमेठी कस्बे के विभिन्न मार्गों से होकर रामलीला मैदान पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। रैली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम किए गए थे। पूरी यात्रा के साथ पुलिस बल तैनात रहा। जागरूकता रैली में प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से जनगणना में सहयोग करने की अपील भी की।

# गौशालाओं में भूसा दान करने वाले किसानों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में निराश्रित गो संरक्षण की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में गेहूं की कटाई हो चुकी है। इस समय हमें भूसा सस्ते दर पर मिल सकता है। इसलिए सभी गौशालाओं में छह माह का भूसा का भंडारण सुनिश्चित करा लिया जाए। हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता के लिए गोचर भूमि का समुचित उपयोग किया जाए। गौशालाओं के आस-पास गोचर की भूमि को चिन्हित कर उनमें नेपियर घास लगाई जाये, जिससे गोवंशों के लिए हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छ पेयजल, जूट/तात के पर्दों, पंखों एवं पानी के छिड़काव के माध्यम से गोवंशों को लू एवं अत्यधिक तापमान से बचाने की प्रभावी व्यवस्था की जाए।



महात्मा गांधी सभागार में सम्मानित किए गए किसान। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को प्रेरित किया जाये कि आश्रित गोवंशों को सड़कों पर न छोड़े, निराश्रित गोवंशों को अभियान चलाकर गोशालाओं में संरक्षित किया जाये। बड़े कृषकों को भूसा दान करने हेतु प्रेरित किया जाये। गोशालाओं में भूसा दान करने वाले 10 कृषकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें सत्येन्द्र सिंह गो आश्रय स्थल मऊगर्वी 20 क्विंटलल, राम कुमार त्रिवेदी गो आश्रय स्थल गोविंदपुर बलौली, अशोक कुमार एवं नीलम सिंह द्वारा गो आश्रय स्थल रतासो, लीलावती गो आश्रय स्थल प्यारेपुर, शशिकांत तिवारी ने गो आश्रय स्थल कोडरा, मनीष कुमार गो आश्रय स्थल टिकरा में 10-10 क्विंटल, अरविन्द सिंह गो आश्रय स्थल पट्टी रहस कैथवल 12 क्विंटल और निर्मला देवी द्वारा गो आश्रय स्थल कहुआ, शिव बक्स सिंह गो आश्रय स्थल कठगर 15-15 क्विंटल भूसा दान किया गया है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह आदि उपस्थित रहें।

# उत्तर कांथी की जीत में विवेक सिंह की रही अहम भूमिका

संवाददाता, रायबरेली

- प. बंगाल में दो महीने रहकर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष ने मजबूत किया बूथ प्रबंधन

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल की उत्तर कांथी विधान सभा में मिली जीत में जिला सहकारी बैंक रायबरेली के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने 2 महीनों तक लगातार बंगाल में सक्रिय रहकर चुनावी रणनीति को मजबूत किया और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर प्रभावी काम किया।

सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह को बीते 25 फरवरी को पश्चिम बंगाल में उत्तर कांथी विधान सभा की जिम्मेदारी दी थी। करीब दो महीने तक विवेक विक्रम सिंह ने विधान सभा में रहकर बूथ प्रबंधन से लेकर मतदाताओं के संपर्क तक हर स्तर पर विशेष ध्यान दिया। उनकी अगुवाई में संगठित तरीके से चुनाव अभियान चलाया गया, जिससे भाजपा प्रत्याशी सुमिता सिन्हा को निर्णायक बढ़त हासिल करने में मदद मिली।


उत्तर कांथी की भाजपा प्रत्याशी सुमिता सिन्हा के साथ विवेक विक्रम सिंह।

उधर, ब्लॉक डीह के भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष रंजीत सिंह, आशु सिंह, रोहित चौरसिया आदि का कहना है कि उत्तर कांथी में भाजपा को जीत पर उनकी मेहनत का भी योगदान रहा है। वहीं विवेक का कहना है कि यह जीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन किया।

**आयोजन** | राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह समेत विधायकों व अधिकारियों ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# शिक्षामित्रों को बढ़े मानदेय का डमी चेक देकर किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रदेश के 1.43 लाख शिक्षामित्रों की मानदेय बढ़ोतरी के उपलक्ष्य में शिक्षामित्र सम्मान समारोह का आयोजन गोरखपुर में किया गया। वहीं जनपद स्तरीय पर गोपाल सरस्वती इंटर कॉलेज में किया गया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, विधायक सदर अदिति सिंह, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना



समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

गया। इसके बाद जिले के 16 शिक्षा मित्रों को बढ़े हुए मानदेय का डमी चेक वितरित किया गया। साथ ही प्रत्येक विकास खण्ड के दो एवं नगरीय क्षेत्र कुल 39 शिक्षामित्रों को उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मानदेय वृद्धि से जनपद के 2093 शिक्षामित्र लाभान्वित हुए। उद्यान मंत्री ने कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक है। हम यहां उन शिक्षा मित्रों का सम्मान करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी निष्ठा, परिश्रम और समर्पण से समाज को एक नई दिशा दी है।

सदर विधायक ने कहा कि आज हम उन शिक्षा मित्रों का सम्मान करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने अपने समर्पण, मेहनत और सेवा भाव से शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे पूर्व कम्पोजिट विद्यालय रोझइयां भीखमशाह, प्राथमिक विद्यालय डिडौली और कस्तुरबा विद्यालय सूची के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और कक्षा पांच की बालिका आवंतिका द्वारा कथक नृत्य प्रस्तुत किया। मंच का संचालन एसएस पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, उपजिलाधिकारी सचिन यादव, राजेश श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य राघवेन्द्र प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### राज्यमंत्री ने 150 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

**सतांव (रायबरेली) अमृत विचार।** क्षेत्र के नवीन मंडी परिसर में मंगलवार की शाम उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने एक अरब से अधिक लागत की लगभग 150 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। पं. बंगाल में भाजपा को मिले जनाधार पर उन्होंने कहा की मोदी जी की नीति 'सबका साथ- सबका विकास' के कारण ही बंगाल में कुशासन का अंत हुआ और भारतीय जनता पार्टी को प्रचण्ड बहुमत प्राप्त हुआ। स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने अपने अनुज निवर्तमान विधायक राकेश सिंह की जनसेवा और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि पद पर ना रहते हुए राकेश सिंह के अथक प्रयास से ही सतांव में यह नवीन मण्डी परिसर और पूरी हरचन्दपुर विधानसभा में एक अरब से अधिक की लागत वाली 150 परियोजनाओं का लोकार्णण और शिलान्यास सम्भव हो सका है। कार्यक्रम का संचालन पिण्टू शर्मा ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, पप्पू लोहिया, कृष्णजीवन तिवारी, प्रेमशंकर पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव, मनोज पासवान आदि के साथ हजारों की संख्या में जनप्रतिनिधि और समर्थक मौजूद रहे।



अपने जीवन से मनुष्य को सबसे बड़ी शिक्षा यह लेनी चाहिए कि संसार में दुःख है, किंतु उसे सुख में बदलना उसके हाथ में है।
-रवींद्र नाथ टैगोर, साहित्यकार



# अंतरिक्ष में आत्मनिर्भरता

भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में 'मिशन दृष्टि' का प्रक्षेपण एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि के साथ-साथ रणनीतिक आत्मनिर्भरता और अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की परिपक्वता का सशक्त प्रमाण भी है। बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप गैलेक्सआई द्वारा विकसित यह ऑप्टोसार उपग्रह, पृथ्वी अवलोकन की परंपरागत सीमाओं को तोड़ते हुए भारत को वैश्विक अंतरिक्ष प्रतिस्पर्धा में एक नई पहचान है। अमेरिका के कैलीफोर्निया में स्पेसएक्स के फॉकन 9 रॉकेट से 190 किलो वजनी देश के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र द्वारा निर्मित सबसे भारी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, वैश्विक साझेदारी और तकनीकी लचीलेपन का उदाहरण है, परंतु इस मिशन की वास्तविक शक्ति इसके 'ऑप्टोसार' तकनीक में निहित है, जहां इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और सिंथेटिक एपर्चर रडार सेंसर का संयोजन इसे हर मौसम और दिन-रात निगरानी में सक्षम बनाता है। यह क्षमता अब तक सीमित देशों या अलग-अलग प्रणालियों में बंटी हुई थी, जबकि भारत ने इसे एकीकृत रूप में प्रस्तुत किया है।

रणनीतिक दृष्टि से यह उपलब्धि 'गेम चेंजर' है। भारत को लंबे समय तक उच्च-रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग के लिए विदेशी कंपनियों, विशेषकर अमेरिकी स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ा। पहलगाम हमले के बाद की सैन्य कार्रवाइयों के दौरान सटीक उपग्रह चित्रों की कमी और बाहरी निर्भरता के कारण प्राप्त चित्रों को भी साझा न करने की हमारी कमजोरी को उजागर किया था। मिशन दृष्टि इस निर्भरता को समाप्त करता है और भारत को 'सॉवरेन स्पेस इंटेलिजेंस' की दिशा में ले जाता है। अब सेना को बादलों, अंधेरे या प्रतिकूल मौसम की बाधाओं के बिना वास्तविक समय में सीमा पार गतिविधियों की जानकारी मिल सकेगी और वह उसे साझा भी कर सकेगा। साथ ही साथ यह मिशन केवल रक्षा तक सीमित नहीं है। कृषि मॉनिटरिंग, आपदा प्रबंधन, तटीय सुरक्षा और शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में इसकी उपयोगिता व्यापक है। बाढ़ या चक्रवात के समय त्वरित और सटीक डेटा निर्णय लेने की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है। इस प्रकार, मिशन दृष्टि 'ड्यूल-यूज़ टेक्नोलॉजी' का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां नागरिक और सैन्य दोनों लाभ एक साथ प्राप्त होते हैं। इस का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की तीव्र बढ़त को दर्शाता है। गैलेक्सआई जैसे स्टार्टअप का मात्र पांच वर्षों में इस स्तर की तकनीक विकसित करना बताता है कि सरकारी सुधार, जैसे निजी भागीदारी को प्रोत्साहन और इसरो की वाणिज्यिक इकाई के साथ साझेदारी, अब परिणाम देने लगे हैं। यह परिवर्तन भारत के अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को सरकारी एकाधिकार से निकालकर नवाचार-प्रधान मॉडल की ओर ले जा रहा है।

वैश्विक संदर्भ में देखें तो अमेरिका, चीन और यूरोप जैसे देश पृथ्वी अवलोकन में अग्रणी रहे हैं, लेकिन ऑप्टोसार जैसी एकीकृत प्रणाली भारत को तकनीकी बढ़त देती है। यह न केवल सुरक्षा बल्कि 'स्पेस इकोनॉमी' में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने का माध्यम बन सकता है, क्योंकि डेटा सेवाओं का वैश्विक बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है। 'मिशन दृष्टि' भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक निर्णायक मोड़ है। यह आत्मनिर्भरता, नवाचार और रणनीतिक सोच के संगम का प्रतीक है।

## प्रसंगवश

# जन विश्वास अधिनियम दंड से संवाद तक

कानूनों की दुनिया में 'विश्वास' एक सरल शब्द नहीं है। यह केवल प्रशासनिक सुविधा या आर्थिक गतिशीलता का प्रश्न नहीं, बल्कि राज्य और नागरिक के बीच उस अदृश्य संबंध का सूचक है, जिसकी मजबूती पर लोकतंत्र की वास्तविकता टिकी होती है। ऐसे में संसद द्वारा पारित जन विश्वास अधिनियम, 2026 को केवल एक विधायी संशोधन के रूप में पढ़ना पर्याप्त नहीं होगा, इसे उस दीर्घकालिक प्रवृत्ति के रूप में देखना होगा, जिसमें भारतीय राज्य अपने दंडात्मक ढांचे की पुनर्समीक्षा कर रहा है।

पहली नज़र में, यह विधेयक एक सकारात्मक और व्यावहारिक हस्तक्षेप की तरह सामने आता है। लंबे समय से यह शिकायत रही है कि भारत की नियामक व्यवस्था में छोटे-छोटे उल्लंघनों को भी आपराधिक दायरे में रख दिया गया था, जिससे न केवल न्यायालयों पर अनावश्यक बोझ बढ़ता था, बल्कि व्यापार और सामान्य जीवन दोनों में एक प्रकार का 'अनिश्चित भय' बना रहता था। इस भय का सीधा असर अनुपालन पर नहीं, बल्कि पहल करने की इच्छा पर पड़ता था।' इस संदर्भ में, इस विधेयक का उद्देश्य व्यवसाय करने की सहजता और जीवन-यापन की सरलता को सुदृढ़ करना केवल नीतिगत नारा नहीं, बल्कि एक वास्तविक प्रशासनिक आवश्यकता के रूप में सामने आता है।



जय प्रकाश पांडेय
लेखक

717 प्रावधानों का डिक्रिमिनलाइजेशन, 79 केंद्रीय अधिनियमों में 784 संशोधन, और 'चेतावनी–सुधार–दंड' जैसी ग्रेडेड प्रवर्तन प्रणाली ये सभी संकेत देते हैं कि शासन अब दंडात्मक नियंत्रण से हटकर अनुपालन-आधारित ढांचे की ओर बढ़ना चाहता है। 'सुधार सूचना' जैसी अवधारणा विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जहां पहली बार उल्लंघन को सुधार के अवसर के रूप में देखा गया है, न कि तत्काल अपराध के रूप में। यह परिवर्तन, कम से कम सिद्धांत रूप में, राज्य और नागरिक के बीच संबंध को अधिक संवादात्मक और कम दमनकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इसके अतिरिक्त, 'निर्णयन अधिकारी' और 'अपील प्राधिकरण' की व्यवस्था न्यायिक प्रक्रिया को अधिक सरल और समयबद्ध बनाने का प्रयास है। छोटे मामलों को अदालतों से बाहर निकालकर प्रशासनिक स्तर पर निपटाने की यह सोच, यदि पारदर्शिता के साथ लागू होती है, तो न्यायिक लंबित मामलों के संकट को कुछ हद तक कम कर सकती है। इसी तरह, दंड और जुर्मानों की आवधिक समीक्षा (हर तीन वर्ष में 10 प्रतिशत वृद्धि) यह संकेत देती है कि कानून को स्थिर नहीं, बल्कि समयानुकूल बनाए रखने का प्रयास किया गया है।

यहां यह स्वीकार करना होगा कि 717 प्रावधानों का 'डिक्रिमिनलाइजेशन' केवल सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह उस लंबे समय से चली आ रही दंड-केंद्रित सोच से एक आंशिक विचलन है। यह उस मानसिकता में परिवर्तन का संकेत है, जहां राज्य अपने नागरिक को संभावित अपराधी के रूप में देखने के बजाय एक त्रुटिपूर्ण किंतु सुधार योग्य इकाई के रूप में देखने का प्रयास कर रहा है। चेतावनी, सलाह और सुधारात्मक नोटिस जैसे प्रावधान इसी दिशा में संकेत करते हैं। मानो शासन यह स्वीकार कर रहा हो कि हर त्रुटि के पीछे अपराधबोध नहीं, कभी-कभी केवल अज्ञान या प्रक्रिया की जटिलता होती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# जनगणना-2027 देर आयद दुरुस्त आयद





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

2021 में होने वाली जनगणना कोविड त्रासदी की भेंट चढ़ गई। लोगों के मन में यह प्रश्न जरूर है कि उसके बाद इस आवश्यक प्रक्रिया में इतनी देर क्यों कर दी गई?

विश्व की सर्वाधिक आबादी वाले देश भारत में जनगणना करीब पांच वर्ष की देरी के बाद अंततः शुरू हो गई है। 2021 में होने वाली जनगणना कोविड की भेंट चढ़ गई। आम भारतीय में यह प्रश्न जरूर है कि केंद्र व राज्य सरकार की भारी-भरकम मशीनरी ने वास्तव में इस आवश्यक प्रक्रिया में इतनी देर क्यों कर दी? जब जनगणना प्रक्रिया को डिजिटल स्वरूप ही प्रदान करना था, तो दो-तीन वर्ष पूर्व क्यों नहीं की गई? इसका ठोस जवाब कदाचित संबंधित एजेंसी के पास भी नहीं है। समय पर जनगणना न होने से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, संसाधनों के आवंटन व नीति-निर्माण में अनेकानेक बाधाएं आती हैं। ...तो यह मान लिया जाए कि विगत करीब पांच वर्ष तक केंद्र व राज्य की संदर्भित गतिविधियां स्मृति या कयास आधारित रही? उक्त दिनों में नीति-नियंताओं को योजना बनाने में कठिनाई हुई होगी, संसाधनों का त्रुटिपूर्ण आवंटन भी किया गया होगा। गरीब तबके को असमान संसाधन वितरण का सामना करना पड़ा होगा। निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन में दिक्कतें आई होंगी, स्वास्थ्य व आपातकालीन प्रबंधन भी प्रभावित हुआ होगा।

जनगणना किसी देश की जनसंख्या से संबंधित जानकारी एकत्र करने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसमें देश के लोगों की संख्या, आयु, लिंग, शिक्षा, रोजगार, निवास स्थान आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जाती है। इसके माध्यम से सरकार को यह पता चलता है कि देश में कितने लोग रहते हैं, उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति कैसी है। इस जानकारी के आधार पर सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और परिवहन जैसी योजनाएं बनाती है। यदि सही जनगणना न हो, तो सरकार को लोगों की वास्तविक आवश्यकताओं का पता नहीं चल पाएगा। योजनाओं का लाभ लोगों तक सही ढंग से नहीं पहुंच सकेगा। जनगणना से यह भी जानकारी होती है कि किसी क्षेत्र में जनसंख्या कितनी तेजी से बढ़ या घट रही है। इससे भविष्य के नियोजन में सहायता मिलती है। संसाधनों का सही वितरण करने में सहायता मिलती है। भारत में पहली आधुनिक जनगणना ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान वर्ष 1865 से 1872 तक आयोजित की गई थी, लेकिन यह देश के सभी क्षेत्रों में एक साथ नहीं हुई थी। पहली गैर-समकालिक जनगणना वर्ष 1872 में लॉर्ड मेयो (तत्कालीन वायसराय) के समय हुई थी। लार्ड रिपन के समय में भारत की पहली समन्वित जनगणना वर्ष 1881 में आयोजित की गई थी। वर्ष 1949 के बाद से गृह मंत्रालय के अधीन भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त द्वारा जनगणना कराई जाती है।

जनगणना भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 के अनुसार संघ का विषय है। संविधान की सातवीं अनुसूची के क्रम संख्या 69 में सूचीबद्ध है। आजाद भारत ने अपनी पहली जनगणना वर्ष 1951 में आयोजित की। सातवीं जनगणना वर्ष 2011 में कराई गई थी। वर्ष 2027 की जनगणना स्वतंत्रता के बाद से आठवीं जनगणना है। देश के 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों में होने वाली जनगणना में करीब सात हजार कस्बे तथा लगभग छह लाख 40 हजार गांव शामिल हैं। जनसांख्यिकीय, सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक आंकड़ों के संग्रह, संकलन, विश्लेषण तथा प्रसार की प्रक्रिया के माध्यम से अनेकानेक तथ्यात्मक सूचनाएं आधिकारिक रूप से प्राप्त की जाएंगी।

देश में पहली बार डिजिटल माध्यम से की जाने वाली इस जनगणना में करीब तीन करोड़ कार्मिक स्मार्टफोन पर मोबाइल एप्लिकेशन जैसे डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके आमजन से 33 प्रश्न पूछेंगे, आंकड़ा एकत्र करेंगे। व्यक्तियों के पास ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं जनगणना करने का विकल्प भी होगा। 16वीं जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में मकानों की संख्या, उनकी स्थिति व उपलब्ध सुविधाओं का आंकड़ा एकत्र किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में वास्तविक जनसंख्या की गणना होगी। लाखों कर्मियों को इस कार्य के लिए तैनात किया गया है। अंतिम आंकड़े एक मार्च 2027 को घोषित हो जाएंगे। यह जनगणना न केवल आबादी का सही आंकड़ा देगी, बल्कि केंद्र व राज्य की विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण और नीतियों को आकार देने में भी मदद करेगी। पहले चरण में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के घरों का सर्वेक्षण होगा, जिसमें बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली जाएगी। दूसरे चरण में जनसंख्या गणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति का नाम, उम्र, लिंग, शिक्षा, रोजगार और प्रवास जैसे विवरण दर्ज किए जाएंगे। डिजिटल माध्यम से यह कार्य तेज और त्रुटिरहित होगा। कर्मियों को हैंडहेल्ड डिवाइस दिए जाएंगे, जिनमें जीपीएस की मदद से स्थान का पता चलेगा।

अनाधिकारिक व अनौपचारिक जनगणना की बात करें तो भारत में इसका शुरुआती संदर्भ कौटिल्य के अर्थशास्त्र (321-296 ईसा पूर्व) में मिलता है। बाद के काल में सम्राट अकबर के शासनकाल के दौरान अबुल फजल की कृति 'आइन-ए-अकबरी' में भी इसका उल्लेख है। मौर्य प्रशासन में जनगणना तो एक नियमित प्रक्रिया थी। जेम्स प्रिंसेप द्वारा वर्ष 1824 में इलाहाबाद (प्रयागराज) व 1827-28 में बनारस (वाराणसी) में जनगणना की गई। किसी भारतीय शहर की पहली पूर्ण जनगणना वर्ष 1830 में हेनरी वाल्टर द्वारा ढाका में की गई थी।

यूं तो 16वीं, किंतु स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत की आठवीं जनगणना का आधिकारिक वर्ष 2027 होगा। इसके लिए जमीनी कार्य का पहला चरण एक अप्रैल 2026 से शुरू होकर सितंबर 2026 तक चलेगा। अंतिम जनसंख्या गणना का काम फरवरी 2027 में पूरा होगा। जनगणना में हुई अभूतपूर्व देरी के लिए सरकारी निर्णय व प्रशासनिक मशीनरी उदासीन बनी रही, हालांकि इस देरी के पीछे कोरोना महामारी, लॉजिस्टिक व राजनीतिक कारक भी रहे। खैर, अति विलंब से ही सही, जनगणना शुरू कर केंद्र सरकार ने देर आयद दुरुस्त आयद के जुमले को चरितार्थ किया है।

## आमने-सामने



भवानीपुर सीट की मतगणना के दौरान काउंटिंग सेंटर में गड़बड़ी हुई। वहां गुंडों ने घुसकर माहौल बिगाड़ा, अधिकारियों और एजेंटों को डराया-धमकाया और उनके साथ मारपीट तक की गई। मतगणना के दौरान पारदर्शिता नहीं रखी गई और उनके एजेंटों को भी अंदर से हटाया गया।
-ममता बनर्जी
अध्यक्ष, टीएमसी

चार राज्यों में गड़बड़ी नहीं हुई, केवल बंगाल में हार के बाद उन्हें गड़बड़ी नजर आ रही है। निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष और भय रहित चुनाव कराए। बंगाल के भाजपा कार्यकर्ताओं का भी दिल से आभार कि उन्होंने जान हथेली पर रख कर ममता के गुंडों से संघर्ष किया।
-दामोदर अग्रवाल
भाजपा सांसद



# बंगाल: शाह की रणनीति व मोदी का करिश्मा



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम बंगाल ने एक बार फिर पुराना राजनीतिक इतिहास दोहराया है। यहां की जनता सत्ता परिवर्तन के लिए किसी एक पार्टी को भरपूर बहुमत देने की परंपरा रखती है।

पश्चिम बंगाल ने एक बार फिर अपना पुराना राजनीतिक इतिहास दोहराया है। यहां की जनता सत्ता परिवर्तन के लिए किसी एक पार्टी को भरपूर बहुमत देने की परंपरा रखती है। इस बार यह पुरस्कार और आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को मिला है। बंगाल की जनता ने न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि पूरे देश और विदेश के राजनीतिक विश्लेषकों को चौंका दिया। परंतु और किंतु की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी। एक स्पष्ट, भारी जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के भरोसे पर दिया गया है।

देश ही नहीं, विदेश के राजनीतिक आलोचक भी भाजपा की करामाती लीडरशिप पर हैरान हैं। आखिर यह पार्टी जनता का विश्वास कैसे जीत लेती है? लोग कह रहे हैं— पहले ओडिशा और अब बंगाल। कमाल है कमाल! हिंदी पट्टी से अपनी यात्रा शुरू करने वाली भाजपा अब सर्वव्यापी होती जा रही है।

राजनीति में चोर दरवाजे से घुसने वालों की सफलता अक्सर अल्पकालिक होती है। शॉर्टकट कोई स्थाई फॉर्मूला नहीं है। भाजपा इस सच्चाई को सबसे बेहतर समझती और मानती है। वह सतत प्रयास, निरंतरता और अथक परिश्रम पर विश्वास रखती है। बंगाल में मिली इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे भी यही कहानी है। इस बार का नेतृत्व आक्रामक कार्यशैली वाला है। प्रधानमंत्री मोदी का करिश्माई व्यक्तित्व और अमित शाह की फूलप्रूफ रणनीति इसकी मजबूत नींव बनी।

बंगाल जीतना भाजपा के लिए लोहे के चने चबाने जैसा था। कई चुनौतियां थीं। सबसे बड़ी चुनौती राज्य की जनसंख्या संरचना थी। यहां देश का सबसे बड़ा मुस्लिम वोट बैंक है। लगभग 85 विधानसभा सीटों का फैसला मुस्लिम मतदाता करते हैं, जो पारंपरिक रूप से भाजपा को वोट नहीं देते। 2021 में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इन 85 मुस्लिम प्रभावित सीटों में से 75 पर जीत हासिल की थी। इस बार भी कुल मिलाकर करीब उतनी ही सीटें टीएमसी के पास दिख रही हैं, लेकिन बड़ा बदलाव यह है कि मुस्लिम वोट का एक हिस्सा भाजपा की ओर छिटक गया।

मुस्लिम महिलाओं और युवाओं ने भाजपा पर भरोसा जताया। मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और अमित शाह के धरातलीय प्रयासों का यह नतीजा है। अमित शाह ने मुस्लिम मतदाताओं को राजनीतिक समीकरण का यंत्र बनने के बजाय आर्थिक सशक्तिकरण का भागीदार बनाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने सभी वर्ग की महिलाओं के साथ मुस्लिम महिलाओं को भी यकीन दिलाया कि भाजपा सरकार में उन्हें बिना भेदभाव के लाभ मिलेंगे। खासकर मासिक आर्थिक सहायता का वादा। टीएमसी के दावों से दोगुना, यानी हर महीने 3,000। यह संदेश घर-घर पहुंचा।

भाजपा की बंगाल विजय का सबसे बड़ा कारण राजनीतिक हिंसा पर पूर्ण अंकुश था। ममता बनर्जी सत्ता बचाने के लिए कम्युनिस्ट-युग की हिंसा की नीति पर चल रही थीं। समर्थक को संरक्षण, विरोधी का दमन। चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले, फांसी तक की घटनाएं आम थीं। टीएमसी ने लोकतंत्र को ताख पर रख दिया था। इस बार गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर केंद्रीय सशस्त्र बलों की भारी तैनाती की। स्थानीय गुंडों और पुलिस की मनमानी बंद हुई। शाह का सख्त संदेश— 'मतदान के बाद किसी को प्रताड़ित किया तो उल्टा लटकाएंगे' ने आम मतदाता के मन से भय निकाल दिया। नतीजतन, मतदान प्रतिशत 90 के पार पहुंच गया।

पहले कहा जाता था कि भाजपा के पास बंगाल में कोई स्वीकार्य स्थानीय चेहरा नहीं है। पार्टी नेतृत्व इस कमी को समझता था। इस बार रणनीति बदली गई। शुभेंदु अधिकारी अकेले नहीं, कई स्थानीय चेहरे आगे आए। भवानीपुर से ममता बनर्जी के खिलाफ शुभेंदु को उतारना अमित शाह का मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ। तृणमूल ने इसे 'बंगाली अस्मिता बनाम बाहरी' का मुद्दा बनाने की कोशिश की, लेकिन शाह ने साफ कहा— बांग्ला बोलने वाला, बंगाल का ही मुख्यमंत्री बनेगा। लोगों ने इस यकीन को स्वीकार किया।

मोदी का जादू और जमीन स्तर पर मजबूत संगठन— यह कॉकटेल भाजपा के लिए काम करता रहा। ओडिशा चुनाव खत्म होते ही अमित शाह ने महासचिव सुनील बंसल को संगठन मजबूत करने भेजा। संघ के साथ समन्वय बढ़ाया गया। इस बार केवल धार्मिक ध्रुवीकरण पर निर्भरता नहीं रखी गई। बूथ स्तर तक कार्यकर्ता पहुंचे। देश भर से भाजपा कार्यकर्ता बंगाल पहुंचे और मतदाताओं को बूथ तक लाने का जिम्मा संभाला। उलट टीएमसी नेतृत्व बिखरा नजर आया। ममता बनर्जी पर पूरा दारोमदार था, लेकिन वे खुद घिरी हुई थीं। अदालतों ने उनकी दलीलें खारिज कीं— चाहे एसआईआर का मामला हो या राज्य कर्मचारियों का।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# 'हमसे बेहतर' की समस्या

अच्छी बातें जहां भी मिलें वहां से लेनी चाहिए। यह प्रवृत्ति हमें लानी पड़ेगी। अगर हम ऐसा नहीं कर रहे हैं, तो हम इस देश में कितनी भी अच्छी बातें कर लें सौहार्द, प्रेम और गंगा-जमुनी तहजीब की- पर वो आएगी नहीं। मुझे लगता है दुनिया की हर कौम को, समाज को हर कम्युनिटी को बीच-बीच में अपनी समीक्षा करनी चाहिए कि अगर उसका पतन हो रहा है, उसके खिलाफ लोगों की आवाज बुलंद हो रही है, तो सारी कमी हमारे विपक्षी की नहीं होती। बहुत सी कमियां हमारे भीतर व्याप्त होती हैं।



ओमा अक
लेखक

मुझे लगता है कि आज वह समय है कि देश और दुनिया के मुसलमान बैठें और सोचें कि उनसे कहां पर कौन सी गलती होती चली जा रही है, जिसकी वजह से एक बहुत बड़ा हिस्सा, बहुत बड़ा तबका उसके खिलाफ हो चुका है, उसके मुखालिफ है। ये बातें सुनने में अजीब लग सकती हैं। मैं यहां बहुत मीठी बातें कर सकता हूं। आप लोगों को बहुत अच्छा बता सकता हूं। इस्लाम धर्म की महानता गिना सकता हूं, पर इसका कोई अर्थ नहीं है।

हम मुसलमान हैं, या हम हिंदू हैं, या हम ईसाई हैं, या हम सिख हैं- इन बातों से दुनिया में किसी को कोई बैर नहीं होता। इन बातों से किसी को कोई समस्या नहीं होती कि हम कौन हैं। सारी समस्या यहां से शुरू होती है जब हम कहते हैं कि- हमसे बेहतर कोई नहीं है। आपके मुसलमान होने से इस दुनिया को कोई तकलीफ नहीं होती।

याद रखिए, आज मुसलमानों के बीच में एक सामान्य बात फैला दी गई है। मेरे पास अक्सर बहुत सारे मुस्लिम ऐसे मीम, ऐसे मैसेज। ऐसे वीडियोज फॉरवर्ड करते हैं जिसमें हिंदू लोग मुसलमानों को मार रहे हैं- या कोई गुरु उकसा रहा है- या कोई गुरु इस्लाम को गालियां दे रहा है- या कोई नेता मुसलमानों के विरुद्ध बोल रहा है। मैं कई बार सोचता हूं कि जवाब में फिर मैं वो सारे वीडियोज निकाल दूं, जिसमें कि मुसलमान नेता पूरी दुनिया को गाली दे रहे हैं- मुस्लिम नेता-मौलाना पूरी दुनिया से नाराज घूम रहे हैं- उनको दुनिया में कोई अच्छा नहीं लगता। ऐसी बातें भरी पड़ी हैं।

बहुत बदकिस्मती की बात है कि भारत में ज्यादातर मुसलमान पढ़ते नहीं है। मैं बीस बाईस सालों से मुसलमानों के संपर्क में हूं। मैंने निरंतर यह कहा कि पढ़ो। तुम्हारी किताब का ही नाम पढ़ो। कुरान के मानी होता है पढ़ना, स्टडी करना। पर तुम नहीं पढ़ते हो। जब तुम नहीं पढ़ते हो तो तुम इतिहास भी नहीं पढ़ते हो और जब तुम इतिहास नहीं पढ़ते हो, तो तुम अपनी रूट्स नहीं खोज पाते हो, अपनी जड़ नहीं खोज पाते हो।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# 5 राज्यों के चुनाव नतीजे भविष्य की दिशा के संकेत

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों और सात सीटों पर हुए उपचुनावों के जीत-हार के नतीजे, केवल क्षेत्रीय राजनीतिक घटनाएं नहीं हैं, बल्कि वे देश के व्यापक राजनीतिक मानस, दलों की रणनीति और भविष्य की दिशा का संकेत देते हैं। इन परिणामों को समग्रता में देखने पर स्पष्ट होता है कि भारतीय मतदाता अब अधिक व्यावहारिक, मुद्दा-आधारित और नेतृत्व-केंद्रित होता जा रहा है। सबसे पहले, वामपंथ की स्थिति पर विचार करें। अब देश में कहीं भी पूर्ण वामपंथी सरकार का न होना, यह संकेत अवश्य देता है कि वाम दल अपनी पारंपरिक जमीन खो चुके हैं, हालांकि वामपंथ अभी भी वैचारिक स्तर पर मौजूद है, खासकर श्रमिक, छात्र और नागरिक आंदोलनों में। राजनीतिक रूप से उसका प्रभाव सीमित हुआ है, समाप्त नहीं।

पश्चिम बंगाल के नतीजों में कई कारकों की भूमिका रही। एसआईआर और मतदाता सूची की सघन जांच ने चुनावी पारदर्शिता को प्रभावित किया, वहीं स्थानीय नेतृत्व, संगठनात्मक ताकत और केंद्र-राज्य संबंधों की बहस भी अहम रही। फिलहाल अब केंद्र और राज्य में एक ही दल की सरकार होगी तो विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गति आ सकती है, लेकिन बंगाल जैसे राज्य में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और क्षेत्रीय अस्मिता भी उतनी ही निर्णायक होगी। केरल के सत्ता पलट नतीजे बताते हैं कि सत्ता-विरोधी रुझान, प्रशासनिक थकान और स्थानीय मुद्दों ने यहां निर्णायक भूमिका निभाई।



संजय श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

वहीं तमिलनाडु में आईडीएमके और अन्ना द्रमुक की सरकारों के दशकों बाद टीवीएम के उदय से द्रविड़ राजनीति नए रूप में ढलती दिखती है, जहां कल्याणकारी नीतियों के साथ-साथ विकास और पहचान की राजनीति का संतुलन बन रहा है। असम और पुडुचेरी में सत्ताधारी दलों की वापसी यह दर्शाती है कि यदि सरकारें अपेक्षाकृत स्थिर और प्रदर्शन आधारित हों, तो मतदाता उन्हें पुनः अवसर देने में संकोच नहीं करता। भाजपा का दक्षिण भारत में बढ़ता मत प्रतिशत भी इसी प्रवृत्ति का संकेत है। वह अभी पूर्ण प्रभुत्व में नहीं है, परंतु विस्तार की दिशा में स्पष्ट रूप से आगे बढ़ रही है। नई सरकारों के लिए लोकलुभावन वादों को लागू करना सबसे बड़ी परीक्षा होगी। मुफ्त योजनाएं और सब्सिडी अल्पकालिक लोकप्रियता तो देती हैं, लेकिन दीर्घकाल में वित्तीय अनुशासन पर दबाव डालती हैं।

इन चुनाव परिणामों को आगामी आम चुनावों का सीधे पूर्वाभास मानना भी सावधानी की मांग करता है। विधानसभा और लोकसभा चुनावों के मुद्दे, मतदाता व्यवहार और नेतृत्व के आयाम अलग होते हैं, हालांकि यह जरूर कहा जा सकता है कि यदि सत्ताधारी दल इसी तरह संगठनात्मक मजबूती और कल्याणकारी योजनाओं के साथ आगे बढ़ता रहा, तो उसे लाभ मिल सकता है, परंतु यह निष्कर्ष निकालना कि विपक्ष पूरी तरह अप्रासंगिक हो जाएगा, लोकतांत्रिक यथार्थ के विपरीत होगा।

विपक्ष की रणनीति- लोकसभा में एकजुटता और विधानसभा में अलग-अलग लड़ना- व्यावहारिक तो है, लेकिन इससे उसका सामूहिक संदेश कमजोर पड़ता है। मतदाता अब स्थिरता, स्पष्ट नेतृत्व और ठोस एजेंडे को प्राथमिकता देता है। इन चुनावों ने भारतीय जनमानस का एक स्पष्ट संदेश दिया है- वोट अब केवल विचारधारा पर नहीं, बल्कि प्रदर्शन, भरोसे और नेतृत्व की विश्वसनीयता पर पड़ता है। यही लोकतंत्र की परिपक्वता का संकेत भी है और भविष्य की राजनीति का मार्गदर्शन भी। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)

# कहां गुम गया अजूबे कारनामे वाला सर्कस

संसार में सर्कस का इतिहास, अति प्राचीन है। सर्कस का प्रादुर्भाव ईसा पूर्व पहली शताब्दी में हुआ माना जाता है, जब लोग एक विशेष स्थान पर इकट्ठा होकर घोड़ों की दौड़ का आनंद लेते थे। जूलियस सीजर के समय रोम में घुड़दौड़ के साथ रथदौड़ भी लोग देखने-दिखाने लगे थे। ईसा पश्चात छठी शताब्दी में इटली में जब ईसाइयों का आधिपत्य स्थापित हुआ तो उन्होंने सर्कस में नए किंतु एक दर्दनाक खेल को भी शामिल कर लिया। वे न्यायालय से मौत की सजा पाए व्यक्ति को, लोगों के सामने खूंखार नरभक्षी जंगली जानवरों के पिजड़े में डाल देते थे और जब वह नरभक्षी जानवर उस व्यक्ति से लड़ता और फिर टुकड़े-टुकड़े करता तो सर्कस देखने आए लोग सिहर कर खड़े हो जाते। काफी वर्षों तक सर्कस का यही रूप प्रचलित रहा तो धीरे-धीरे लोगों को इस खेल से घृणा होने लगी।


शिवचरण चौहान
लेखक

## भारत में सर्कस का प्रादुर्भाव

सर्कस की दुनिया को नया मोड़ सन् 1768 ई. में मिला, जब इंग्लैंड की सेना के सेनापति फिलिप एस अली तथा उसके साथी च्यूली ने मिलकर घोड़ों की पीठ पर बैठकर करतब दिखाने शुरू किए। एस्टली, एक गोल घेरे के मैदान में घोड़े की पीठ पर बैठकर तरह-तरह के करतब दिखाता था। यह खेल इंग्लैंड में इतना लोकप्रिय हुआ कि 1782 में एस्टली के एक अन्य साथी ह्यूज ने रायल सर्कस नाम से एक सर्कस कंपनी ही बना डाली। तभी से इस अनोखे खेलों का नाम सर्कस पड़ा। भारत तथा पड़ोसी देशों में सर्कस का प्रादुर्भाव कब हुआ ठीक से नहीं कहा जा सकता, किंतु यहां की 'नट' और 'करनट' जातियां घूम-घूम कर गांवों में अनोखें खेल दिखाया करती थीं। वैसे भारत में सर्कस का जन्म 19 वीं शताब्दी के आखिरी दशक में हुआ माना जाता है, जब एक विदेशी सर्कस कंपनी भारत आई और उसने मुंबई में एक स्थान पर सर्कस लगाया। इस कंपनी के एक कलाकार विलियम शायनी को घोड़ों के करतब देखने के लिए मुंबई क्या पूरे महाराष्ट्र की जनता उमड़ पड़ी थी। शायनी को अभिमान था कि उसके जैसे करतब भारत में कोई नहीं दिखा सकता है। उसके इस घमंड को कुरंदाबाद (कोल्हापुर) के राजा की सेना के घोड़ों के सईस पंत विनायक छत्ते ने तोड़ा। छत्ते ने सर्कस के मैदान में शायनी का घोड़ा छीनकर ऐसे करतब दिखाए कि खुद शायनी ने दांतों तले अंगुली दबा ली। वह आग को जलते गोले से घोड़े समेत निकल जाता था। छत्ते ने प्रथम सर्कस कंपनी 'छत्तेस न्यू इंडियन सर्कस' स्थापित की। इसके बाद रायल, ताराबाई, कमला सर्कस कंपनियां आईं। सर्कस को भारत में विकसित करने व लोकप्रिय करने का श्रेय केरल के तेल्लिचेरी गांव के जिमनास्ट कन्निकणन को है। कन्निकणन ने अपने गांवों के लड़के-लड़कियों को एकत्र कर उन्हें शारीरिक करतबों में ऐसा प्रशिक्षित किया कि देश-विदेश से उसके द्वारा प्रशिक्षित कलाकारों की मांग होने लगी। कन्निकणन के सहयोग से ही अमर सर्कस, भारत सर्कस तथा ओरियंट सर्कस कंपनियों ने विदेशों तक में अपने तंबू गाड़े व अपनी पताका फहराई।



## नए सिरे से खड़ी होतीं सर्कस कंपनियां



एक समय आया था जब सिनेमा, भारत में बहुत लोकप्रिय हो गया था और लगा था कि शायद अब सर्कस का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा, किंतु ऐसा नहीं हुआ, क्योंकि सर्कस ने भी समय के अनुसार आधुनिकतम रूप ले लिया। आज सर्कस कंपनियां कम है, जिन्हें सरकारी मदद देकर सामाजिक प्रोत्साहन देकर और बढ़ाया जा सकता है। जहां सर्कस लगता है, वहां सर्कस गांव स्थापित हो जाता है। सर्कस कंपनियां, अपना डेरा-तंबू, सामान, हाथी, घोड़ों, शेरों के पिंजड़ों को लाने ले जाने के लिए अपने वाहन रखती हैं। कई कंपनियां तो रेल के डिब्बे भी प्रयोग में लाती हैं। सर्कस में जानवरों के प्रदर्शन पर रोक लगने से सर्कस को झटका लगा है। सर्कस में जानवरों के रोक लग जाने पर निश्चित तौर से सर्कस के मालिकों और कलाकारों को झटका लगा है। आज भारत में कस्बों मेलों शहरों में कहीं-कहीं सर्कस कंपनियां अपने करतब करते दिखाई दे जाती हैं। मोबाइल गेम के कारण वे बच्चे सर्कस देखने कम आते हैं। पर सर्कस अब नए रूप में आ रहा है। दुनियाभर में सर्कस कंपनियां नए सिरे से खड़ी हो रही है। सर्कस कंपनियों में अब जादूगर भी अपने खेल दिखाने लगे हैं।




## विदेश में भी लोकप्रिय है सर्कस

एक समय भारत में करीब पांच सौ छोटी बड़ी सर्कस कंपनियां थीं जो हाट, बाजारों, मेलों, ठेलों, शहरों में करतब करती थीं। आज मुश्किल से कुछ सर्कस बची है। भीरबाट, कमला, अपोलो, भारत जंबो कंपनियां आईं। एक जमाने में मशहूर कमला सर्कस के बहुत से कलाकार मर गए और भारत में सर्कस कंपनियां चलाने में लोगों के रुके नहीं रही। सर्कस, एशिया, यूरोप, अमेरिका, इटली, चेकोस्लोवाकिया आदि देशों में बहुत लोकप्रिय खेल रहा है। जर्मनी के घुमक्कड़ सर्कस कलाकार पूरी दुनियाभर में मशहूर थे। सर्कस को आधुनिक रूप देने में अमेरिका का नाम प्रमुख है। अमेरिका में ही सबसे पहले जानवरों शेर, चीता, भालू, हाथी, कुत्तों, घोड़ों, तोतों आदि के अद्भुत करतब दिखाने शुरू किए। आंबर्ग, पाला कलाकार था, जो शेर के मुंह में अपना सिर घुसेड़ देता था। तब के सोवियत संघ में सर्कस ने नए-नए करतबों का विकास हुआ। जोकरों का प्रयोग, सर्कस में रूस की ही देन है। बौने, लंबे, मोटे जोकर विदूषक अपने करतबों से खूब हंसाते हैं। लड़कियों का अंग तोड़ना तथा झूले का आश्चर्यजनक खेल, आज सभी सर्कसों में दिखाया जाता है। ये भी अमेरिका की देन है। जानवरों के खेल, करतब मौत का कुंआ, शेर से कुश्ती सहित अनेक अद्भुत खेल, आज सर्कस में दिखाए जाते हैं, जिन्हें देखकर दर्शक दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं।

# छापा-चित्रों में अतियथार्थवादी छाप : मनोहर लाल भूगड़ा



इसे भारतीय कला जगत की विसंगति ही कहा जाना चाहिए कि आजादी के बाद से हमारी आधुनिक या समकालीन कला महानगर केंद्रित रही है। इसका परिणाम यह रहा कि हमारे जिन वरिष्ठ कलाकारों या कला-गुरुओं ने महानगर-परिक्रमा से परहेज रखा, उन्हें अपने ही शहर में वह ख्याति नहीं मिल पाई, जिसके वे वास्तविक हकदार थे। ऐसे ही कला-गुरुओं में एक हैं मनोहर लाल भूगड़ा। लखनऊ कला महाविद्यालय में अपनी शिक्षा से लेकर अध्यापन-काल तक उन्होंने प्रिंटमेकिंग या छापा-चित्रण जैसे जटिल माध्यम की तकनीकों को साधते हुए कला-सृजन जारी रखा। वर्ष 1988/89 के दौरान मुझे उनके सान्निध्य का अवसर मिला था। जाहिर है, तब उनके छापा-चित्रों और उसकी तकनीक ने मुझे बेहद प्रभावित किया था।


सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक



## समकालीनों से अलग पहचान

लखनऊ ही नहीं, देश के समकालीन ग्राफिक कलाकारों में मनोहर लाल भूगड़ा का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। 1 अगस्त 1947 को जन्मे भूगड़ा ने लखनऊ के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट से 1968 में पंचवर्षीय डिप्लोमा तथा 1971 में छापा-चित्रण (प्रिंटमेकिंग) में पोस्ट डिप्लोमा प्रथम श्रेणी में प्राप्त किया। आगे की उच्चस्तरीय शिक्षा के लिए उन्हें 1973 से 1975 के बीच शांतिनिकेतन में प्रख्यात प्रिंटमेकर सोमनाथ होर के निर्देशन में अध्ययन का अवसर मिला। इसके उपरांत 1979 से 1981 तक भारत सरकार के सांस्कृतिक विभाग के अंतर्गत 'प्रिंटमेकिंग के विभिन्न माध्यमों और सामग्रियों का अन्वेषण' परियोजना पर शोध-फेलो के रूप में उन्होंने छापाकला की नई संभावनाओं पर गंभीर प्रयोग किए। मनोहर की रचनात्मकता का मूल आधार उनकी प्रयोगधर्मी दृष्टि रही है। उन्होंने कोलोग्राफ, टोनल वैरिएशन, एचिंग, ड्राई प्वॉइंट, एंग्रेविंग, विस्कोसिटी, डीप एचिंग, एल्युमिनियम प्लेट पर ड्राई प्वॉइंट, लिथोग्राफी और सॉफ्ट-इफेक्ट जैसी विविध तकनीकों में कार्य किया। यह बहुआयामी तकनीकी दक्षता उन्हें अपने समकालीनों से अलग पहचान देती है।





## पिकासो के नियो-क्लासिकल के दौर की याद

विषय-वस्तु की दृष्टि से उनके छापा-चित्रों में नारी-आकृति प्रमुखता से उभरती है। श्वेत-श्याम संयोजन के माध्यम से वे एक रहस्यमय और गहन मनोवैज्ञानिक परिदृश्य रचते हैं। उनकी आकृतियां मांसल, सुदृढ़ और त्रिआयामी प्रभाव लिए होती हैं, जिनमें प्रकाश और अंधकार का द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मानो वे यह संकेत दे रहे हों कि प्रकाश हमें प्रकाशित करता है, जबकि अंधकार हमें सजग बनाता है और दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। उनकी नारी-आकृतियां कहीं-कहीं पाब्लो पिकासो के नियो-क्लासिकल और यथार्थवादी दौर की याद दिलाती हैं, किंतु भूगड़ा की दृष्टि पूरी तरह भारतीय संदर्भों में रची-बसी है। आकृतियों में लयात्मकता, ऊर्जा और आंतरिक तनाव का संतुलित संयोजन दिखाई देता है। यह ऊर्जा केवल दृश्य नहीं, बल्कि चेतन और अचेतन मन की गहराइयों से उपजती प्रतीत होती है। मनोहर के छापा-चित्रों की एक विशिष्ट विशेषता उनका अतियथार्थवादी आयाम है। यद्यपि आकृतियों की मूल संरचना यथार्थपरक होती है, किंतु उनके मुख-भाग, अंगुलियों या अन्य अंगों में किए गए विकृत एवं कल्पनाशील हस्तक्षेप दर्शक को एक मनोवैज्ञानिक और स्वप्निल संसार में ले जाते हैं। यह वह बिंदु है, जहां कला मूर्त से अमूर्त की ओर अग्रसर होती है और पुन: एक नए रूप में मूर्तता ग्रहण करती है। इस प्रक्रिया में सत्य और स्वप्न के बीच का अंतर मिटता हुआ प्रतीत होता है।



## रंगों के माध्यम से लयात्मकता और संगीतात्मक प्रभाव

प्रतीकों का प्रयोग भी उनके कार्य का महत्वपूर्ण पक्ष है। सर्प, पक्षी, सूंड और मछली जैसे रूपांकनों के माध्यम से वे भारतीय पौराणिक और सांस्कृतिक अर्थ-संदर्भों को जोड़ते हैं। सर्प भय, शक्ति और सृजनात्मक ऊर्जा का प्रतीक है, पक्षी आकाश और पृथ्वी के मध्य दैवीय सेतु, सूंड शक्ति और स्थायित्व का द्योतक, जबकि मछली जीवन और लय का संकेत देती है। इन प्रतीकों के माध्यम से उनके चित्र एक गहन सांस्कृतिक संवाद स्थापित करते हैं। रंगों के प्रयोग में भी उनकी विशिष्टता स्पष्ट है। टरक्वॉइज ब्लू, वेरिडियन ग्रीन और लाल रंग के प्रति उनका विशेष आकर्षण रहा है, जिन्हें वे गहरे पृष्ठभूमि रंगों और भूरे टोन के साथ संयोजित करते हैं। इनके बीच उभरता श्वेत रंग एक स्पंदन उत्पन्न करता है, जो पूरी रचना में जीवन का संचार करता है। वे केवल रेखाओं से ही नहीं, बल्कि रंगों के माध्यम से भी लयात्मकता और संगीतात्मक प्रभाव उत्पन्न करते हैं। मनोहर लाल भूगड़ा का योगदान केवल एक कलाकार के रूप में ही नहीं, बल्कि एक शिक्षक के रूप में भी महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने 1976 से 2010 तक लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध कला एवं शिल्प महाविद्यालय में अध्यापन किया और अनेक विद्यार्थियों को प्रिंटमेकिंग की जटिल तकनीकों से परिचित कराया। सेवानिवृत्ति के बाद भी वे सक्रिय रूप से सृजनरत हैं। प्रख्यात कलाकार और पूर्व प्राचार्य जय कृष्ण अग्रवाल के अनुसार, लखनऊ में क्रिएटिव प्रिंटमेकिंग विभाग की स्थापना और विकास में मनोहर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने तकनीकी उत्कृष्टता और प्रयोगधर्मिता के माध्यम से न केवल स्वयं को स्थापित किया, बल्कि अन्य छात्रों को भी प्रेरित किया। उस दौर में, जब प्रिंटमेकिंग को पर्याप्त मान्यता नहीं मिल रही थी, मनोहर ने इस माध्यम की असीम संभावनाओं को सिद्ध किया। अंतत: मनोहर लाल भूगड़ा की कला-यात्रा हमें यह समझाती है कि प्रिंटमेकिंग केवल तकनीकी कौशल का माध्यम नहीं, बल्कि गहन संवेदनशीलता, प्रतीकात्मकता और वैचारिक गहराई का क्षेत्र भी है। उनकी कृतियां न केवल दृश्य-सौंदर्य का अनुभव कराती हैं, बल्कि दर्शक को एक गहरे आत्मिक और मनोवैज्ञानिक संवाद में भी ले जाती हैं।

लोकायन

# संथाली लोक नृत्य : प्रकृति से जुड़ी लोकधारा

संथाली लोक नृत्य मुख्य रूप से झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार और असम का एक प्रमुख पारंपरिक आदिवासी नृत्य है। संथाली नृत्य झारखंड की संथाल जनजाति द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला एक जीवंत और आकर्षक लोकनृत्य है, जो उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक जीवन का सशक्त प्रतीक है। संथाल, भारतीय उपमहाद्वीप के प्राचीन निवासियों में से एक है और ऑस्ट्रोएशियाई भाषा परिवार की मुंडा शाखा से संबंधित हैं। उनकी प्रमुख भाषा संथाली है, जो उनकी पहचान और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। झारखंड और पश्चिम बंगाल में इनकी सबसे अधिक आबादी पाई जाती है, जबकि ओडिशा, बिहार, असम और त्रिपुरा में भी इनकी उपस्थिति उल्लेखनीय है।



यह नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि संथाल समाज की एकता, आस्था और प्रकृति के प्रति गहरे संबंध का प्रतीक है। संथाली नृत्य की लोकप्रियता इतनी व्यापक है कि इसे भारतीय सिनेमा में भी स्थान मिला है, जैसे कि प्रसिद्ध फिल्मकार सत्यजीत रे की फिल्म 'अगांतुक' में इसकी झलक देखने को मिलती है।

संथाली नृत्य सामूहिक रूप से किया जाता है, जिसमें पुरुष और महिलाएं मिलकर भाग लेते हैं। नर्तक-नर्तकियां वृत्त या अर्धवृत्त बनाकर, एक-दूसरे की भुजाएं थामे लयबद्ध गति से नृत्य करते हैं। इस दौरान वे अलग-अलग समूह संरचनाएं बनाते हैं, जो नृत्य को और भी आकर्षक बनाती हैं। नृत्य में बांसुरी, ढोल, झांझ और पाइप जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों का उपयोग किया जाता है, जिनकी धुन पर नर्तक अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करते हैं। साथ ही गायक भी मधुर गीतों के माध्यम से वातावरण को उत्सवमय बना देते हैं।

यह नृत्य विशेष रूप से वसंत ऋतु के उत्सवों के दौरान प्रस्तुत किया जाता है, जब संथाल समुदाय प्रकृति के नवजीवन का उत्सव मनाता है। वन क्षेत्रों में आयोजित यह नृत्य वनदेवताओं के प्रति श्रद्धा अर्पित करने का माध्यम भी है। इसके अलावा, अतिथियों के स्वागत में भी इसे प्रस्तुत किया जाता है। वेशभूषा की दृष्टि से भी संथाली नृत्य अत्यंत विशिष्ट है। पुरुष पारंपरिक धोती और पगड़ी पहनते हैं तथा स्वयं को पेड़ों की शाखाओं, पत्तियों और फूलों से सजाते हैं। वहीं महिलाएं लाल किनारी वाली सफेद या पीली साड़ी धारण करती हैं और बालों में जंगली फूलों का श्रृंगार करती हैं। यह प्राकृतिक सजावट उनके प्रकृति से गहरे जुड़ाव को दर्शाती है। संथाली नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति को देखने के लिए देश-विदेश से पर्यटक झारखंड आते हैं, विशेषकर वसंत उत्सव के समय। इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है और शोधकर्ता भी इसके इतिहास, महत्व और सांस्कृतिक पहलुओं पर गहन अध्ययन कर रहे हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,017.79 | 24,032.80 |
| गिरावट | 251.61 | 86.50 |
| प्रतिशत में | 0.33 | 0.36 |

सोना प्रति 10 ग्राम 1,52,500
चांदी प्रति किलो 2,51,000

अमृत विचार
लखनऊ, बुधवार, 6 मई 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### कोल इंडिया ने गुजरात में चालू की 100 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मंगलवार को गुजरात में 100 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना के चालू होने की घोषणा की। यह कंपनी के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोल इंडिया ने मंगलवार को शेयर बाजार (बीएसई) को दी सूचना में बताया कि उसे गुजरात ऊर्जा विकास एजेंसी (जीईडीए) से 100 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए चालू होने का प्रमाण पत्र मिल गया है। यह परियोजना 31 मार्च, 2026 से प्रभावी मानी गई है।

### जेएलआर ने 75 लाख तक घटाए ब्रिटेन से आयातित कारों के दाम

**नई दिल्ली।** लक्जरी वाहन विनिर्माता जगुआर लैंडरोवर (जेएलआर) की भारतीय इकाई ने मंगलवार को भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लागू होने की संभावना को देखते हुए ब्रिटेन में निर्मित रेंज रोवर मॉडलों की कीमतों में 75 लाख रुपये तक की कटौती की घोषणा की। जेएलआर इंडिया ने एक बयान में कहा कि पूरी तरह निर्मित इकाई के रूप में भारत आने वाले वाहनों की कीमतों में कटौती का प्रमुख लाभ रेंज रोवर एसवी और रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी मॉडलों को मिलेगा। इस कटौती के बाद रेंज रोवर एसवी मॉडल की शुरुआती शोरूम कीमत 4.25 करोड़ रुपये से घटाकर 3.5 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं रेंज रोवर स्पोर्ट एसवी मॉडल की कीमत 2.75 करोड़ रुपये से घटाकर 2.35 करोड़ रुपये कर दी गई है।

### मैरिको का शुद्ध लाभ 408 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली कंपनी मैरिको लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18.26 प्रतिशत बढ़कर 408 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 345 करोड़ रुपये रहा था। समूचे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 1,813 करोड़ रुपये रहा जो 2024-25 में 1,658 करोड़ रुपये रहा था। वहीं राजस्व 10,831 करोड़ से बढ़कर 13,611 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा कि पांच मई 2026 को हुई निदेशक मंडल की बैठक में एक रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर चार रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की गई है।

### पीएनबी का मुनाफा 14 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मुनाफा सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढ़कर 5,225 करोड़ रुपये हो गया। ऋणदाता का इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 4,567 करोड़ रुपये रहा था। पीएनबी ने शेयर बाजार को मंगलवार को यह जानकारी दी।

# जीडीपी वृद्धि दर को 6.5 % से नीचे ला सकता है पश्चिम एशिया संकट

## सीआईआई अध्यक्ष ने कहा-समुद्री आपूर्ति बाधाएं और ऊंची ऊर्जा कीमतें बड़ा खतरा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उद्योग मंडल सीआईआई के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में लंबा खिंचने वाला संघर्ष, समुद्री आपूर्ति में बाधाएं और ऊंची ऊर्जा कीमतें भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं और देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से नीचे ला सकती हैं।

मेमानी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण पैदा हुआ मौजूदा ऊर्जा संकट यदि लंबे समय तक जारी रहता है, तो यह भारत सहित पूरी दुनिया की आर्थिक वृद्धि के लिए सबसे बड़ा जोखिम बन सकता है।

उन्होंने कहा कि यदि पश्चिम एशिया का यह संकट समय पर सुलझ जाता है, तो आर्थिक वृद्धि की रफ्तार फिर तेज हो सकती है और यह 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रह सकती है। लेकिन यदि यह बहुत लंबे समय तक खिंचता है, तो वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। हालांकि, उन्होंने माना कि जब तक पश्चिम एशिया का संकट समाप्त नहीं होता, तब तक जीडीपी वृद्धि और ब्याज दरों को लेकर स्पष्ट आकलन करना कठिन है।

आधिकारिक अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में देश की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मेमानी ने भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति के रुख पर पूछे जाने पर कहा कि ब्याज दरों में निकट भविष्य में कमी की संभावना नहीं है।



### 100 डॉलर से ऊपर तेल की कीमत करेगी प्रभावित

पिछले 10-12 वर्षों में, बीच-बीच में कुछ अवधियों को छोड़कर, कच्चे तेल की कीमतें सामान्य रूप से संतुलित रही हैं और इससे भारत को मजबूत आर्थिक वृद्धि हासिल करने में मदद मिली है। 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर की कोई भी कीमत आर्थिक वृद्धि को प्रभावित करेगी, क्योंकि हम अभी तक अपनी मांग के ढांचे में पर्याप्त बदलाव नहीं कर पाए हैं।

### कारोबार सुगमता और न्यायिक सुधार जरूरी

सीआईआई के अध्यक्ष ने कारोबार सुगमता और न्यायिक सुधारों में तेजी लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कहा- पिछले 12-18 महीनों में इन क्षेत्रों में सरकार ने सराहनीय काम किया है। बोले- हमें विवादों की संख्या कम करने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही, यदि कोई विवाद होता है तो उसके शीघ्र समाधान की व्यवस्था भी होनी चाहिए...। उन्होंने एमएसएमई को राहत देने के लिए सरकार से लक्षित उपाय करने की भी वकालत की। केंद्रीय बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने आठ अप्रैल को सर्वसम्मति से नीतिगत रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया था। समिति ने पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी, रुपये में कमजोरी और व्यापार प्रवाह में बाधा से बढ़ी अनिश्चितता का भी उल्लेख किया था।

## वृद्धि की रफ्तार बनाए रखने को ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता दें : आरबीआई एमपीसी सदस्य

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने ऊर्जा झटकों के प्रति भारत की संरचनात्मक कमजोरी को उजागर किया है, जिससे आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने एवं ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों में तेजी लाने की जरूरत और अधिक रेखांकित हुई है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के बाहरी सदस्य एवं 'इंस्टीट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट' के निदेशक नागेश कुमार ने कहा कि भारत के लिहाज से घरेलू स्तर पर तेल अन्वेषण बढ़ाने और वैकल्पिक स्रोतों की ओर बदलाव को तेज करने पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि आयातित कच्चे तेल पर अत्यधिक निर्भरता भारतीय अर्थव्यवस्था को हाइड्रोकार्बन बाजार की अस्थिरता के प्रति बेहद संवेदनशील बनाती है।

हालांकि भारत की व्यापक आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है। 2026-27 में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती रहेगी।

# मजबूत वृद्धि और महंगाई स्थिर रहने पर मुद्रास्फीति लक्ष्य में कमी संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आरबीआई की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने कहा, 4 फीसदी का लक्ष्य

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि यदि अगले कुछ वर्षों में आर्थिक वृद्धि मजबूत और महंगाई दर स्थिर रहती है तो देश मुद्रास्फीति लक्ष्य को घटाने और उसके संतोषजनक दायरे में कटौती पर विचार कर सकता है। इसके साथ ही गुप्ता ने कहा कि अगर वैश्विक माहौल पिछले छह वर्षों की तरह चुनौतीपूर्ण बना रहता है, तो मौजूदा रूपरेखा को बनाए रखना जरूरी होगा।

सरकार ने आरबीआई से परामर्श के बाद 31 मार्च, 2031 तक के लिए मुद्रास्फीति लक्ष्य ढांचे को अधिसूचित किया है, जिसके तहत वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक महंगाई दर को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाये रखने का लक्ष्य है। डिप्टी गवर्नर ने यहां एक सेमिनार में कहा कि भविष्य का महंगाई लक्ष्य ढांचा इस बात पर निर्भर करेगा कि आने वाले वर्षों में वृद्धि और महंगाई का संतुलन किस दिशा में जाता है।

उन्होंने कहा कि यदि पिछले दशक की तरह मजबूत वृद्धि और कम एवं स्थिर महंगाई का रुझान जारी रहता है, तो अन्य देशों की तरह लक्षित दर को थोड़ा कम करने और दायरा संकुचित करने का मामला बन सकता है।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल चार प्रतिशत के लक्ष्य और दो प्रतिशत के दायरे से हटने का कोई ठोस कारण नहीं है। गुप्ता के मुताबिक, वैश्विक झटकों की आवृत्ति और तीव्रता को देखते हुए दो प्रतिशत घट-बढ़ का दायरा अर्थव्यवस्था को बाहरी प्रभावों से संभालने के लिए जरूरी लचीलापन प्रदान करता है।

# भारत उभरते बाजारों में सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा-झटकों से निपटने में बेहतर स्थिति में

भारत उभरते बाजारों में 2020 के बाद से सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बना हुआ है और इसके बड़े विदेशी मुद्रा भंडार ने वैश्विक झटकों के दौरान मुद्रा की अस्थिरता को नियंत्रित करने तथा विश्वास को मजबूत करने में मदद की है। साख तय करने वाली एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही।

उभरते बाजारों पर अपनी रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि स्पष्ट एवं भरोसेमंद मौद्रिक नीति रूपरेखा, मुद्रास्फीति अपेक्षाओं का स्थिर रहना और जरूरत पड़ने पर विनिमय दरों का समायोजित हो पाना, इन सभी कारणों से भारत भविष्य के झटकों से निपटने के लिए अच्छी स्थिति में है। मूडीज ने कहा कि उभरते देशों में भारत 'बेहतर स्थिति' में है और भविष्य में किसी भी तनाव के समय में देश मजबूत सुरक्षा बनाए रखेगा।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि घरेलू वित्त पोषण पर भारत की निर्भरता स्थानीय बाजारों की मजबूती और बेहतर भंडार से संतुलित होती है। हालांकि, भारत का अपेक्षाकृत उच्च ऋण बोझ और कमजोर राजकोषीय संतुलन लगातार झटकों से निपटने के लिए उपलब्ध गुंजाइश को सीमित करता है। इसमें कहा गया कि हाल के दबाव से पहले ही भारत ने स्थिरता को समर्थन देने वाले महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए थे।

### इन देशों पर किया गया अध्ययन

मूडीज ने उभरती अर्थव्यवस्थाओं की अस्थिर वित्तीय परिस्थितियों में उनके वित्त पोषण लागत और बाजार पहुंच के आधार पर उनकी जुझारू क्षमता का आकलन किया। इसमें भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, मलेशिया, थाईलैंड, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया, तुर्किये और अर्जेंटीना जैसे बड़े उभरते बाजार देशों पर ध्यान केंद्रित किया गया। साथ ही दबाव के चार दौर का विश्लेषण किया गया। इनमें 2020 की शुरुआत में कोविड-19 वैश्विक महामारी की शुरुआत, 2022 में वैश्विक मुद्रास्फीति में उछाल और उससे जुड़ा अमेरिकी फेडरल रिजर्व का कड़ा मौद्रिक नीति रुख, 2023 की शुरुआत में अमेरिकी क्षेत्रीय बैंकिंग संकट और 2025 में नए सिरे से शुल्क दबाव शामिल हैं।

## ट्रंप की रणनीति से कम हो रही आईपीईएफ की प्रासंगिकता

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** 'इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी' (आईपीईएफ) की प्रासंगिकता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक व्यापार रणनीति के तहत कम हो रही है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने मंगलवार को यह बात कही।

आईपीईएफ भारत, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया सहित 14 देशों का समूह है। इसकी शुरुआत 23 मई 2023 को जापान की राजधानी तोक्यो में अमेरिका और अन्य हिंद-प्रशांत साझेदार देशों द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। इसके 14 साझेदार देश 40 प्रतिशत वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) और 28 प्रतिशत वैश्विक माल एवं सेवा व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं।

आईपीईएफ को चार स्तंभों पर आधारित बहुपक्षीय सहयोग ढांचे के रूप में संरचित किया गया है। पहला स्तंभ व्यापार है। दूसरा आपूर्ति श्रृंखला और स्वच्छ अर्थव्यवस्था तीसरा स्तंभ, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ अवसंरचना पर सहयोग को बढ़ावा देती है और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था (चौथा स्तंभ) भ्रष्टाचार-रोधी उपायों, कर पारदर्शिता और शासन से संबंधित है।

# पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 252 अंक फिसला

## निफ्टी 86.50 अंक टूटकर 24,032.80 अंक पर बंद हुआ

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स में 252 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 86 अंक टूटकर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बढ़ता तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम पर दबाव घरेलू बाजार में गिरावट की मुख्य वजह रही। इसके अलावा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 251.61 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 77,017.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 754.37 अंक लुढ़ककर 76,515.03 के स्तर तक आ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 86.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 24,032.80 अंक पर बंद हुआ।

- **नुकसान में रहे शेयर :-** आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर नुकसान में रहे।
- **लाभ में रहे :-** महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस बढ़त में रहे।



- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 113 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा।
- रुपया दो पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.25 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 2,835.62 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की थी।
- एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया, जापान और चीन के बाजार बंद रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक गिरावट में रहा।
- यूरोपीय बाजार मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

### चांदी 1,500 रुपये मजबूत, सोना फिसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गयी। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के साथ घरेलू बाजार में चांदी में तेजी आई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,49,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये घटकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। सोने का भाव सोमवार को 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था।

## भारतीय निवेश से अमेरिकी बाजार में बढ़ रहे रोजगार के अवसर: अधिकारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारत से अमेरिका में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 16.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जिससे रोजगार के करीब 70,800 अवसर उत्पन्न हुए। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अमेरिका के वाणिज्य विभाग में नीति एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन के अमेरिकी उप अवर सचिव ब्रैंडन रेमिंगटन ने सोमवार शाम मैरीलैंड के नेशनल हार्बर में आयोजित 'सेलेक्ट यूएसए' निवेश शिखर सम्मेलन में 'सीआईआई इंडिया रिसेप्शन' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत से अमेरिका में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीए) करीब 16.4 अरब डॉलर रहा जिससे करीब 70,800 नौकरियों को समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में अनुसंधान एवं विकास पर 33 करोड़ डॉलर भी खर्च किए हैं। रेमिंगटन ने कहा कि हम भारत से आपके निवेश का स्वागत करते हैं। उपलब्ध संचयी आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में भारत से कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगभग 16.4 अरब डॉलर रहा है। इनसे करीब 70,800 नौकरियों, 31.3 करोड़ डॉलर के अनुसंधान एवं विकास व्यय और 1.5 अरब डॉलर के निर्यात को समर्थन मिला है।

# महंगे मेमोरी से स्मार्टफोन की आपूर्ति 12 प्रतिशत तक घटने का अनुमान: सीएमआर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आरबीआई की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने कहा, 4 फीसदी का लक्ष्य

मेमोरी चिप्स की कीमतों में तेज बढ़ोतरी होने से इस साल भारत में स्मार्टफोन की आपूर्ति 10-12 प्रतिशत तक घट सकती है। बाजार शोध फर्म सीएमआर की एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। सीएमआर की ''इंडिया मोबाइल हैंडसेट मार्केट रिव्यू'' रिपोर्ट के मुताबिक, देश के स्मार्टफोन बाजार में सालाना आधार पर आपूर्ति में दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

रिपोर्ट में कहा है कि डीआरएएम और एनएएनडी फ्लैश जैसी मेमोरी की कीमतों में तेज वृद्धि से मोबाइल फोन की लागत बढ़ गई, जिससे कंपनियों को कीमतें बढ़ानी पड़ीं।

इसका असर खासकर कीमत के प्रति संवेदनशील उपभोक्ताओं पर पड़ा है और उन्होंने फोन बदलने की योजना टाल दी है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के उपाध्यक्ष (उद्योग शोध समूह) प्रभु राम ने कहा कि भारत में 2026 के दौरान स्मार्टफोन बाजार में गिरावट लागत बढ़ने के दबाव और सतर्क मांग दोनों का मिला-जुला असर दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि डीआरएएम और एनएएनडी मेमोरी की ऊंची कीमतों ने स्मार्टफोन की लागत बढ़ा दी है, जिससे आम उपभोक्ता वर्ग में खरीद क्षमता प्रभावित हुई है जबकि प्रीमियम वर्ग अपेक्षाकृत सुरक्षित बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे किफायती और वैल्यू-फॉर-मनी श्रेणियों की आपूर्ति में इस साल 10-12 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

## ट्रूकॉलर रिपोर्ट : सबसे ज्यादा स्पैम कॉल प्रभावित देशों में पांचवें स्थान पर है भारत

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत दुनिया में पांचवें सबसे अधिक स्पैम कॉल प्रभावित देशों में शामिल है। बिक्री और टेलीमार्केटिंग कॉल्स इस समस्या का प्रमुख कारण बनी हुई हैं। कॉल करने वालों की पहचान की सुविधा देने वाले मंच 'ट्रूकॉलर' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। स्पैम कॉल से सबसे अधिक प्रभावित देशों की वैश्विक सूची में इंडोनेशिया शीर्ष पर है। इसके बाद चिली, वियतनाम और ब्राजील का स्थान है। ट्रूकॉलर के 50 करोड़ वैश्विक उपयोगकर्ताओं के गुमनाम और एकीकृत डेटा पर आधारित इन आंकड़ों से पता चला है कि कंपनी ने साल 2025 में दुनिया भर में 68 अरब से अधिक स्पैम और धोखाधड़ी वाली कॉल की पहचान की। भारत में स्पैम कॉल की तीव्रता 66 प्रतिशत दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार, भारत में कुल स्पैम गतिविधि में 'सेल्स' और 'टेलीमार्केटिंग' कॉल की हिस्सेदारी सबसे अधिक 36 प्रतिशत रही, जिसके बाद वित्तीय सेवाओं का स्थान (18 प्रतिशत) रहा। वहीं, देश में कुल स्पैम कॉल में धोखाधड़ी का हिस्सा 12 प्रतिशत पाया गया।

# एफडीआई आवेदनों के निपटान के लिए एसओपी जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रस्तावों के निपटान के लिए अद्यतन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है।

मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, प्रस्तावों पर निर्णय लेने के लिए अधिकतम 12 सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है। इसमें आवेदकों द्वारा प्रस्तावों में कमियों को दूर करने या सक्षम प्राधिकारी द्वारा मांगी गई अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध कराने में लगा समय शामिल नहीं होगा।

डीपीआईआईटी ने कहा कि इस एसओपी का मकसद प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह कागजरहित बनाना है। इसलिए आवेदक को एफडीआई प्रस्तावों के निपटान के लिए आवश्यक किसी भी दस्तावेज की भौतिक प्रति जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।



एसओपी के अनुसार, भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले निवेश प्रस्तावों तथा अन्य आवश्यक मामलों में सभी आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के भीतर टिप्पणियों/अनुमोदन के लिए विदेश मंत्रालय को भेजा जाएगा।

इसमें यह भी कहा गया कि किसी भी प्रस्ताव पर परामर्श के लिए शामिल सभी मंत्रालयों एवं विभागों (जिनमें भारतीय रिजर्व बैंक, गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय शामिल हैं) को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी टिप्पणियां देनी होंगी।

यदि निर्धारित समय में टिप्पणियां प्राप्त नहीं होती हैं, तो यह माना जाएगा कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। इससे पहले संचालन मानक प्रक्रिया 29 जून, 2017 को जारी की गई थी जिसमें एफडीआई प्रस्तावों की मंजूरी के लिए अधिकतम 10 सप्ताह का समय निर्धारित था।

## दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को दो और सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी। इसमें 3,936 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इन परियोजनाओं को इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत मंजूरी दी गई है। इनमें गैलियम नाइट्राइड प्रौद्योगिकी पर आधारित देश की पहली वाणिज्यिक मिनी/माइक्रो-एलईडी डिस्प्ले इकाई और एक सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई शामिल है।

## भूटान की बिजली परियोजना के लिए विश्व बैंक देगा 51.5 करोड़ डॉलर, टाटा पावर कर रही विकास

**थिम्पू/ नई दिल्ली, एजेंसी।** भूटान ने दोरजीलुंग हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट लिमिटेड (डीएचपीएल) के विकास के लिए मंगलवार को विश्व बैंक के साथ 51.5 करोड़ डॉलर के वित्तपोषण समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना का विकास टाटा पावर और ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन कर रही हैं।

डीएचपीएल में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी भूटान की ड्रुक ग्रीन पावर के पास है जबकि 40 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा पावर के पास है। यह भूटान में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर आधारित सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना होगी। इसकी क्षमता 1125 मेगावाट की है। पूर्वी भूटान में कुरिचू नदी पर स्थित यह परियोजना सर्दियों के दौरान भूटान के मौसमी ऊर्जा घाटे को कम करेगी और गर्मी एवं वर्षा ऋतु में अतिरिक्त बिजली भारत को निर्यात की जाएगी।

**रिपोर्ट** | लागत के अनुरूप पेट्रोल-डीजल दाम नहीं बढ़ने परतेजी से घट सकती है कर पूर्व आय : फिच रेटिंग्स

# महंगे कच्चे तेल से भारतीय कंपनियों पर बढ़ेगा दबाव

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बने रहने और घरेलू ईंधन कीमतों में समय पर वृद्धि नहीं होने की स्थिति में भारत की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। इससे उनकी कमाई और नकदी प्रवाह भी प्रभावित होगा। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को यह अनुमान जताया।

रेटिंग एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि कच्चे तेल की ऊंची लागत के अनुरूप पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं होने पर तेल कंपनियों की कर-पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) तेजी से घट सकती है। इसके अलावा बड़े स्तर पर भंडारण और अधिक रिफाइनिंग मात्रा के कारण कार्यशील पूंजी की जरूरत भी बढ़ेगी, जिससे मुक्त नकदी प्रवाह पर दबाव आएगा।

फिच रेटिंग्स ने कहा कि कच्चे तेल में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव के बजाय लंबे समय तक ऊंची कीमतें बने रहना एक बड़ा जोखिम है। रेटिंग एजेंसी के



मुताबिक, भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों के व्यवसाय मॉडल और पूंजीगत व्यय के आधार पर उनके क्रेडिट प्रोफाइल में अंतर दिखेगा। इंडियन ऑयल का विविधीकृत कारोबार उसे अपेक्षाकृत अधिक मजबूत बनाता है, जबकि भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) पर विस्तार और ऊर्जा बदलाव से जुड़े खर्च के कारण दबाव रह सकता है।

वहीं, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की स्थिति संयुक्त उपक्रम परियोजनाओं के पूरा होने के साथ बेहतर हो सकती है। हालांकि लंबे समय तक ऊंचे दाम बने रहने पर ऐसा होने में देरी हो सकती है।

फिच रेटिंग्स ने कहा कि यदि 2026 में ब्रेंट क्रूड औसतन 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहता है, तो केवल रिफाइनिंग पर आधारित कंपनियां बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। खुदरा ईंधन कीमत नियंत्रण से प्रभावित कंपनियां दबाव में रहेंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कंपनियों की रेटिंग सरकारी स्वामित्व से जुड़ी हुई है, जिससे कमजोर स्वतंत्र क्रेडिट प्रोफाइल का असर सीमित रहता है। सरकारी नीतियां और मूल्य स्थिरीकरण तंत्र इस क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाते रहेंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### दो भारतीय पत्रकार पुलित्जर पुरस्कार से किए गए सम्मानित

**न्यूयॉर्क।** भारतीय पत्रकार आनंद आरके और सुपर्णा शर्मा को डिजिटल निगरानी और साइबर धोखाधड़ी पर उनके काम के लिए प्रतिष्ठित पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सोमवार को घोषित इस पुरस्कार में आनंद और सुपर्णा को 'इलस्ट्रेटेड रिपोर्टिंग एंड कमेंट्री' श्रेणी में यह सम्मान मिला। इस पुरस्कार को उन्होंने ब्लूमबर्ग की नताली ओबिको पियर्सन के साथ साझा किया। पुलित्जर पुरस्कार की वेबसाइट के अनुसार, ट्रैप्ड शीर्षक से ब्लूमबर्ग के लिए तैयार की गई यह खबर भारत की एक न्यूरोलॉजिस्ट की रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी बयां करती है, जिन्हें जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट किया था। इस खबर ने डिजिटल निगरानी और साइबर ठगी के बढ़ते वैश्विक खतरे को बेहद प्रभावशाली तरीके से उजागर किया।

### मॉरिटानिया की दो सांसदों को राष्ट्रपति के अपमान पर कारावास

**नोवाक्शोत (मॉरिटानिया)।** मॉरिटानिया में राष्ट्रपति का अपमान करने और उनपर नस्लीय भेदभाव करने के आरोप लगाने के बाद विपक्षी दल की दो महिला सांसदों को चार साल कारावास की सजा सुनाई गई। सांसद मरियम शेख डिएंग और गामौ अचौर ने पिछले महीने राष्ट्रपति मोहम्मद औलद ग़जौनी की आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इसके बाद सांसदों पर सरकारी प्रतीकों पर हमला करने और सार्वजनिक सुरक्षा को कमजोर करने के उद्देश्य से सभाएं बुलाने का आरोप लगाया गया था। दोनों सांसदों ने गजौनी को हटाने की मांग की थी और अरब-बहुल न्याय प्रणाली पर अश्वेत नागरिकों तथा गुलामों के वंशजों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाया था।

### भारतीय रिजर्व बैंक की इमारत में आग, छह दमकल गाड़ियां भेजीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के संसद मार्ग पर स्थित भारतीय रिजर्व बैंक की इमारत में मंगलवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि दोपहर एक बजकर पांच मिनट पर इमारत की छत पर लगे सौर ऊर्जा पैनल में आग लगने के संबंध में सूचना मिली। अधिकारी ने बताया, हमने दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर भेजा है।

# होर्मुज को जबरन खोलने के अमेरिकी प्रयास से फिर युद्ध भड़कने का खतरा

## यूएई में ड्रोन और मिसाइल हमले ने भड़काई चिंगारी, हालांकि अभी युद्धविराम कायम

**दुबई, एजेंसी**

अमेरिकी की ओर से वाणिज्यिक जहाजों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को जबरन खोलने की कोशिश के बाद ईरान के साथ फिर से युद्ध भड़कने का खतरा मंडराने लगा है। अमेरिका ने ईरान के होर्मुज पर नियंत्रण को खत्म करने के लिए उन्नत सुरक्षा क्षेत्र बनाने की घोषणा की है। उसकी इस कोशिश के खिलाफ ईरान ने जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इस बीच मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान पर मिसाइल और ड्रोन से हमले करने का आरोप लगाया, हालांकि इसके बावजूद युद्धविराम फिलहाल बरकरार है।

होर्मुज पर ईरान के नियंत्रण को खत्म करने की अमेरिकी घोषणा के बाद एक प्रमुख ईरानी अधिकारी ने अमेरिका पर क्षेत्रीय सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाया और जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। अमेरिका की सेना ने कहा कि सोमवार को अमेरिकी ध्वज वाले दो व्यापारिक जहाज होर्मुज से सफलतापूर्वक गुजर गए, लेकिन यह देखना बाकी है कि मंगलवार को और जहाज गुजरेंगे या नहीं। जहाज ट्रैकिंग डेटा से पता चला कि फारस की खाड़ी में लंगर डालने के बाद मंगलवार सुबह पनामा के ध्वज वाला एक तेल टैंकर जलडमरूमध्य के केंद्र की ओर बढ़ रहा था, हालांकि यह स्पष्ट नहीं था कि वह गुजरने की कोशिश करेगा या नहीं। समुद्री यातायात और जहाज की जानकारी देने वाली वेबसाइट के अनुसार, टैंकर का गंतव्य सिंगापुर था।

ईरान की ओर से होर्मुज को बंद करने के बाद से ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था हिल गई है। विश्व के करीब 20 फीसदी तेल और प्राकृतिक गैस का कारोबार होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए होता है और यह मार्ग उर्वरक और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के कारोबार के लिए भी अहम है। ईरान के लिए होर्मुज युद्ध समाप्त करने के लिए जारी वार्ता में एक बड़ा रणनीतिक लाभ साबित हुआ है। होर्मुज में ईरान के नियंत्रण को खत्म करने से वैश्विक आर्थिक चिंताएं जरूर कम होंगी लेकिन तेहरान को प्रमुख लाभप्रद स्थिति से वंचित हो जाएगा। ऐसे में इन प्रयासों से बड़े पैमाने पर वह युद्ध फिर भड़कने का खतरा है, जिसके कारण ईरान ने इस जलडमरूमध्य को बंद कर दिया था।



संयुक्त अरब अमीरात के फुजैरा में एक तेल क्षेत्र पर मिसाइल हमले के बाद उठता धुआं।

### अमेरिकी पहल युद्धविराम का उल्लंघन : कलिबफ

ईरान ने कहा है कि अमेरिका का नया प्रयास तीन सप्ताह से अधिक समय से कायम नाजुक युद्धविराम का उल्लंघन है। ईरान की संसद के अध्यक्ष और मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बगेर कलिबफ ने मंगलवार को एक पोस्ट में अमेरिका पर होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजरानी सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाया। चेतावनी दी कि होर्मुज में एक नया समीकरण आकार ले रहा है। उन्होंने कहा, तेहरान ने अभी तक जलमार्ग को फिर से खोलने के अमेरिकी प्रयास पर पूरी तरह प्रतिक्रिया नहीं दी है। कहा, हम भली-भांति जानते हैं कि यथास्थिति जारी रहना अमेरिका के लिए असहनीय है, जबकि हमने अभी तक शुरुआत भी नहीं की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को चेतावनी दी थी कि जलडमरूमध्य से आवागमन रोकने के ईरानी प्रयासों से सख्ती से निपटना होगा। उन्होंने कहा कि जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का अमेरिकी प्रयास, जिसे 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम दिया गया है, युद्ध शुरू होने के बाद से फारस की खाड़ी में अटके सैकड़ों जहाजों पर फंसे नाविकों की सहायता के लिए है।

### दावा... ईरान की 15 मिसाइलों चार ड्रोन को नाकाम किया

संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी हवाई रक्षा प्रणाली ने ईरान की ओर से दागी गई 15 मिसाइलों और चार ड्रोनों को नाकाम कर दिया। फुजैराह के अधिकारियों ने बताया कि एक ड्रोन हमले से एक महत्वपूर्ण तेल संयंत्र में आग लग गई, जिसमें तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। ब्रिटिश सेना ने संयुक्त अरब अमीरात के तट पर दो मालवाहक जहाजों में आग लगने की सूचना दी। हमलों की पुष्टि या खंडन किए बगैर मंगलवार सुबह ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका और यूएई दोनों को दलदल में फिर घसीटे जाने से सावधान रहना चाहिए। अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थता कर रहे पाकिस्तान और सऊदी अरब दोनों ने फुजैराह में हुए हमलों की निंदा की। अमेरिकी नाकाबंदी के कारण तेहरान को तेल राजस्व से वंचित होना पड़ा है, जिसकी उसे अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए आवश्यकता है।

# रूस ने युद्धविराम की घोषणा कर कीव पर किया हमला, 5 की मौत

- विजय दिवस मनाने के लिए की थी दो दिन के युद्धविराम की घोषणा, बाद में बिजली ग्रिड को बनाया निशाना, 39 घायल

**मॉस्को, एजेंसी**

रूस के रक्षा मंत्रालय ने द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी की पराजय की 81वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुक्रवार और शनिवार को यूक्रेन में एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की। हालांकि इसके बाद कीव पर मिसाइल और ड्रोन से हमला भी किया जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 39 लोग घायल हो गए।

रूस अपने सबसे अहम कार्यक्रम विजय दिवस समारोह मनाने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत मॉस्को के रेड स्क्वायर पर पारंपरिक सैन्य परेड का आयोजन किया जाएगा। हालांकि यूक्रेन की ओर से हमलों की आशंका के कारण कार्यक्रम को सीमित कर दिया गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अगर यूक्रेन ने शनिवार को हो रहे समारोह में बाधा डाली तो रूस कीव के बीचोंबीच बड़ा मिसाइल हमला करेगा। ऐसे में वहां के नागरिक और विदेशी दूतावासों के कर्मचारी शहर तुरंत छोड़ने को तैयार रहें।

जेलेंस्की ने जवाब में कहा कि हालांकि कीव को युद्धविराम के लिए कोई आधिकारिक अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन बुधवार आधी रात तक बचे समय में युद्धविराम लागू करना संभव है। उन्होंने क्रेमलिन से आग्रह किया कि वह युद्ध समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाए, इसलिए भी क्योंकि रूस के रक्षा मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है कि वह यूक्रेन की सहमति के बिना मॉस्को में परेड आयोजित नहीं कर सकता।



रूस के मिसाइल हमले से एक ट्रक में लगी आग बुझाते यूक्रेन के बचावकर्मी।

### जेलेंस्की ने कहा- जवाबी कार्रवाई करेंगे

कीव। रूस ने युद्धविराम की घोषणा के बाद रात के दौरान यूक्रेन के बिजली ग्रिड को निशाना बनाकर हमले किए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस का दो दिनों के लिए एकतरफा युद्धविराम की घोषणा के बाद हमले शुरू करना अत्यंत निंदनीय है। जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट किया, रूस किसी भी क्षण युद्धविराम कर सकता है और इससे युद्ध और हमारी प्रतिक्रियाएं रुक जाएंगी। शांति की आवश्यकता है और इसके लिए ठोस कदम उठाने होंगे। यूक्रेन भी उसी तरह कार्रवाई करेगा। यूक्रेनी वायुसेना ने बताया कि रूसी सेना ने सोमवार रात के दौरान यूक्रेन पर 11 इस्कंदर-एम बैलिस्टिक मिसाइल और 164 ड्रोन दागे, जिनमें जेटचालित शाहेद ड्रोन भी शामिल था। वायु रक्षा इकाइयों ने 149 ड्रोन और एक मिसाइल को रोक दिया लेकिन अन्य ड्रोन लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रहे।

### यूक्रेन ने भी रूस पर दागीं मिसाइलें और ड्रोन

यूक्रेन ने भी रूसी सीमावर्ती क्षेत्रों पर लंबी दूरी के हमले जारी रखे और तेल इकाइयों को निशाना बनाया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसकी सेना ने रात भर में रूस के 18 क्षेत्रों में 289 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए। क्रीमिया प्रायद्वीप जिसे रूस ने 2014 में यूक्रेन से छीन लिया था और आजोव सागर के ऊपर भी ड्रोनों को रोका गया। मॉस्को के पूर्व में स्थित और यूक्रेनी सीमा से 900 किलोमीटर से अधिक दूर चेबोकसारी शहर में यूक्रेनी ड्रोन हमले में तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय गवर्नर अलेक्सांद्र द्रोजदेन्को ने बताया कि यूक्रेनी ड्रोन ने सेंट पीटर्सबर्ग के पास लेनिनग्राद क्षेत्र में किरीशी तेल रिफाइनरी पर भी हमला किया जिससे शहर के औद्योगिक क्षेत्र में आग लग गई।

# चीन: पटाखा कारखाने में विस्फोट से कई किलोमीटर तक तबाही, 26 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के हुनान प्रांत के लियुयांग शहर में पटाखा कारखाने में विस्फोट में 26 लोगों की मौत हो गई और 61 घायल हो गए। सोमवार दोपहर हुनान प्रांत की राजधानी चांगशा के शहर लियुयांग में 'हुआशेंग फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरिंग एंड डिसप्ले कंपनी' के कारखाने में हुए इस भीषण विस्फोट से कई किलोमीटर तक तबाही का मंजर दिखाई दिया।

विस्फोट के बाद राहत अभियान के लिए पांच दलों में 480 से अधिक बचावकर्मियों को तैनात किया गया है और तीन रोबोट को भी लगाया गया है। चीन दुनिया के प्रमुख पटाखा निर्माता और निर्यातक देशों में से एक है।

- तीन रोबोट के साथ बचाव में लगाए गए 480 कर्मचारी

सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर अनुसार, घटनास्थल के पास दो बारूद गोदाम होने के मद्देनजर बचावकर्मियों ने आसपास के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया और इलाके की घेराबंदी कर दी है। चांगशा के मेयर चेन बोझांग ने लोगों की मौत पर प्रति शोक व्यक्त किया और उनके परिजनों, प्रभावित निवासियों तथा समाज को सांत्वना दी। मेयर ने कहा, हम इस हादसे से बेहद दुखी हैं और इसका बेहद अफसोस है। आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी के लिए अपने विशेषज्ञ घटनास्थल पर भेज दिए हैं।



चीन की पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट के बाद कैमरे में कैद हुआ दिल दहलाने वाला नजारा।

# पाकिस्तानी नौसेना ने की भारतीय जहाज के चालक दल की सहायता

- तकनीकी खराबी आने के बाद मुंबई स्थित समुद्री बचाव केंद्र ने पाकिस्तान से किया था आग्रह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी नौसेना ने अरब सागर में फंसे एक भारतीय पोत के चालक दल को मानवीय सहायता प्रदान की। यह जहाज तकनीकी खराबी आने के बाद अरब सागर में फंस गया था।

पाकिस्तान के समाचारपत्र डॉन ने एक खबर में सुरक्षा सूत्रों के हवाले से बताया गया कि बचाव और सहायता नौसेना की सहायता पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने की। मुंबई स्थित समुद्री बचाव एवं समन्वय केंद्र ने पाकिस्तानी अधिकारियों से संपर्क कर सहायता का अनुरोध किया था जिसके बाद इसके लिए अभियान शुरू किया गया। इस चालक दल में छह भारतीय और एक इंडोनेशियाई नागरिक शामिल थे। ओमान से भारत जा रहे एमवी गौतम नामक पोत के चालक दल ने तकनीकी खराबी की सूचना दी। फंसे हुए चालक दल को भोजन, चिकित्सा और तकनीकी सहित आपात सहायता प्रदान की गई। पिछले महीने अरब सागर में संकट के संबंध में सूचना मिलने के बाद पाकिस्तानी नौसेना ने एक व्यापारिक पोत से विदेशी नागरिकों सहित चालक दल के 18 सदस्यों को बचाया था।

# पाकिस्तान में प्रमुख धर्मगुरु मौलाना इदरीस की हत्या

**पेशावर, एजेंसी**



- घात लगाकर की गोलीबारी, विरोध में प्रदर्शन, भीड़ ने सड़कें जाम कीं राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने जताया दुख

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को लक्षित हमले में एक प्रमुख धर्मगुरु की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक अज्ञात बंदूकधारियों ने चारसद्दा जिले के उस्मानज़ई इलाके में शेख-उल-हदीस मौलाना मोहम्मद इदरीस के वाहन पर घात लगाकर हमला किया जिसमें उनके साथ मौजूद दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

इदरीस को पाकिस्तान के वरिष्ठ और सम्मानित धार्मिक विद्वानों में गिना जाता था। इस हमले की जिम्मेदारी फिलहाल किसी भी समूह ने नहीं ली है। पुलिस के अनुसार, हमलावरों ने धर्मगुरु पर उस समय गोली चलाई, जब वह दारुल उलूम उत्मान जई में दर्स-ए-हदीस (धार्मिक प्रवचन) देने जा रहे थे। उनकी मौत की खबर सुनकर बड़ी संख्या में उनके समर्थक और प्रशंसक अस्पताल में जमा हो गए। इस घटना के बाद इलाके में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए जिसमें सैकड़ों प्रदर्शनकारी चारसद्दा शहर की ओर मार्च करते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने सड़के भी अवरुद्ध कर दी और फारूक-ए-आजम चौक पर धरने पर बैठ गए।

इदरीस के ससुर मौलाना हसन जान भी प्रसिद्ध धार्मिक विद्वान थे, जिनकी 2007 में पेशावर में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सशस्त्र संघर्ष का विरोध करने के कारण हत्या कर दी गई थी। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इदरीस की हत्या पर दुख जताया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी दुख जताया और मृतक के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# भारत पहुंचे वियतनाम के राष्ट्रपति, महाबोधि मंदिर में की सफाई

**नई दिल्ली।** वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत की पहली राजकीय यात्रा पर मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचे। उनका यहां गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

राष्ट्रपति लैम इससे पहले दिन में बिहार स्थित गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे थे। उन्होंने महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान बुद्ध का आशीर्वाद लिया। बोधगया के ज्ञानस्थली महाबोधि मंदिर में राष्ट्रपति ने अपने पूरे कैबिनेट, मंत्रिमंडल के 30 सदस्यों के साथ भगवान बुद्ध की पूजा और आराधना की।



### श्रीलंका के नेताओं ने तमिलनाडु में जीत पर विजय को दी बधाई

**कोलंबो।** श्रीलंका के नेताओं ने अभिनेता से राजनेता बने विजय को उनके नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) पार्टी की तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी है। टीवीके ने इस चुनाव में 108 सीटें जीतकर चुनावी इतिहास रचा है।



श्रीलंका के तमिल बहुल उत्तरी प्रांत में टीवीके की जीत पर जश्न मनाया गया जहां युवाओं ने अभिनेता विजय की जीत का स्वागत किया। विपक्षी श्रीलंका पोदुजना पेरामुना के राष्ट्रीय आयोजक और सांसद नमाल राजपक्षे ने विजय को बधाई देते हुए कहा, मेरी कामना है कि आपको आने वाली चुनौतियों से पार पाने और लोगों को सार्थक लाभ पहुंचाने के लिए शक्ति और दृढ़ संकल्प मिले। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में सुधार की उम्मीद भी जताई। बट्टिकलोआ के सांसद शनाकियान रसमानिकम ने भी विजय को बधाई दी। संसद में कहा, श्रीलंका की प्रमुख तमिल राजनीतिक पार्टी के रूप में हम तमिलनाडु सरकार और वहां की जनता के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

# आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई के डीएसपी पर केस

- केंद्रीय एजेंसी ने खुद दर्ज कराया केस, पहले से चल रही है रिश्वतखोरी की जांच

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने ही पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित का एक मामला दर्ज किया है। सीबीआई का यह अधिकारी बैंकिंग, प्रतिभूति और धोखाधड़ी शाखा में तैनाती के दौरान रिश्वतखोरी के एक मामले को लेकर पहले से ही जांच के दायरे में हैं।

केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों के मुताबिक एजेंसी ने डीएसपी और उनकी पत्नी के खिलाफ 2021-24 के दौरान 98.33 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है, जो उनकी ज्ञात आय के स्रोतों से 87 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि अधिकारी और उनकी पत्नी ने इस संपत्ति के बारे में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया, जिसके बाद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि डीएसपी पहले से ही 2024 के एक मामले में जांच का सामना कर रहे थे, जिसमें उन पर जांच से गुजर रही कंपनियों और व्यक्तियों से पांच करोड़ रुपये की रिश्वत लेने का आरोप था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज ऊर्जा और आत्मविश्वास बना रहेगा। काम में नए अवसर मिल सकते हैं। जल्दबाजी से बचें, और सोच-समझकर निर्णय लें।

**वृष** – आज आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें।

**मिथुन** – आज नए लोगों से मुलाकात फायदेमंद रहेगी। करियर में प्रगति के अवसर मिलेंगे। ध्यान केंद्रित रखने की जरूरत है।

**कर्क** – आज भावनाओं पर नियंत्रण रखना जरूरी है। घर-परिवार में खुशियां बनी रहेंगी। कार्यस्थल पर मेहनत रंग लाएगी।

**सिंह** – आज आत्मविश्वास से सफलता मिलेगी। रुके हुए काम पूरे होने से मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कन्या** – आज योजना बनाकर काम करना लाभकारी रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आज जीवन में संतुलन बनाए रखना जरूरी है। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। नई योजनाएं सफल होने के प्रबल योग हैं।

**वृश्चिक** – आज गुप्त योजनाएं सफल होंगी। निवेश के मामले में धैर्य से काम लें। जल्दबाजी न करें। आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं।

**धनु** – आज व्यापारिक यात्रा के योग बन सकते हैं। सीखने के नए अवसर प्राप्त होंगे। सकारात्मक सोच बनाए रखें।

**मकर** – आज मेहनत का फल मिलने के प्रबल योग हैं। जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

**कुंभ** – आज नए विचार लाभदायक साबित हो सकते हैं। पुराने दोस्तों का सहयोग मिलेगा। करियर में बदलाव के संकेत हैं।

**मीन** – आज का दिन नए काम की शुरुआत के लिए अच्छा है। रचनात्मकता बढ़ेगी। भावनात्मक संतुलन बनाए रखें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 6 मई, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 07 .51 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।

**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-मूल 15 .54 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

### सुडोकू - 140 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |

### सुडोकू -141

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | | | | |
| | | | 1 | | | | 4 | |
| | 3 | 7 | | | | | | |
| 1 | | | 7 | | | | | 3 |
| | | 5 | 6 | | | | | |
| 2 | | | | | 8 | | | 9 |
| 4 | | | 9 | 8 | | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| 7 | | 9 | | | | | 8 | |

### खराब मौसम के कारण दिल्ली में पांच उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर मंगलवार शाम खराब मौसम के कारण पांच उड़ानों का मार्ग बदल दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश हुई।

एक अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने वाली पांच उड़ानों का मार्ग बदल दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी में स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआई) देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है और यहां प्रतिदिन 1,300 से अधिक उड़ानों का आवागमन होता है।

**नई पहल** जयशंकर की यात्रा के दौरान हुए कई समझौते, कुशल पेशेवरों का आवागमन बढ़ाने पर भी दोनों देश राजी

# भारत-जमैका व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर सहमत

**किंग्सटन, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और जमैका व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने के साथ स्वास्थ्यकर्मियों और शिक्षकों सहित कुशल पेशेवरों की भर्ती और दोनों देशों में उनके आवागमन को बढ़ावा देने के लिए सहयोग की संभावनाओं को तलाशने पर सहमत हुए हैं। जमैका की अपनी समकक्ष कामिना जे स्मिथ के साथ सोमवार को हुई बातचीत के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि व्यापक चर्चा में द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई, साथ ही साझेदारी को गहरा करने के नए रास्ते तलाशे गए।

जयशंकर ने कहा, भारत व्यापार और निवेश के लिए कैरेबियाई क्षेत्र के प्रवेश द्वार के रूप में और साजो सामान केंद्र के रूप में जमैका की बढ़ती भूमिका को मान्यता देता है। दोनों पक्षों ने रक्षा और सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, डिजिटलीकरण, कृषि, शिक्षा एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की।



जमैका में जयशंकर की मौजूदगी में हुए कई समझौते।

उन्होंने कहा, जमैका में कारीगर सशक्तीकरण केंद्र स्थापित करने की संभावना पर भी भारत चर्चा कर रहा है। उन्होंने तूफान मेलिसा के बाद देश को इससे उबरने में समर्थन दोहराया। भारत ने राहत सामग्री की आपूर्ति की है, एक चिकित्सा दल तैनात किया है और 30 डायलिसिस यूनिट उपलब्ध करा रहा है। इसके अलावा, भारत राहत कार्यों के लिए 40 नौकाएं और 200 जीपीएस यूनिट भी भेज रहा है। मंत्रियों ने बहुपक्षीय मंचों पर घनिष्ठ सहयोग की पुष्टि की और सुधारित बहुपक्षवाद, जलवायु न्याय तथा ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

### जमैका में 70,000 भारतीय प्रवासी, ज्यादातर यूपी-बिहार से

किंग्स्टन स्थित भारतीय उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार, जमैका में लगभग 70,000 भारतीय प्रवासी रहते हैं, जिनके पूर्वज मुख्यत : उत्तर प्रदेश और बिहार से 1845 से 1917 के बीच गिरमिटिया मजदूरों के रूप जमैका आए थे। कुछ दक्षिण भारत से भी आए थे। जमैका की आबादी का तीन प्रतिशत हिस्सा भारतीय प्रवासी हैं और वे भारतीय संस्कृति, संगीत, नृत्य एवं इतिहास में गहरी रुचि रखते हैं, जो दोनों देशों के बीच एक सांस्कृतिक सेतु का काम करता है। जमैका में 10 मई को भारतीय विरासत दिवस के रूप में मनाया जाता है। जयशंकर भारत के रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को कैरेबियन देशों के साथ और मजबूत करने के उद्देश्य से जमैका, सूरीनाम, त्रिनिदाद एवं टोबैगो के नौ दिवसीय दौरे पर हैं और शनिवार को जमैका की राजधानी किंग्स्टन पहुंचे।



> लखनऊ सुपर जायंटस की समस्या यह है कि जब उसकी गेंदबाजी अच्छी चलती है, तो बल्लेबाज उनका साथ नहीं देते और जब बल्लेबाज रन बनाते हैं, तो गेंदबाज जमकर रन लुटाते हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। –रवि शास्त्री, पूर्व मुख्य कोच, टीम इंडिया


# स्टेडियम

लखनऊ, बुधवार, 6 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

पंजाब किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप





- केएल राहुल दिल्ली–433 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –440 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–425 रन

### पर्पल कैप





- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई–17 विकेट
- कगिसो रबाडा गुजरात–16 विकेट

# कप्तानी करना आसान नहीं पंत पर काफी दबाव : लैंगर

**मुंबई, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि 27 करोड़ रुपये की कीमत हमेशा अच्छे प्रदर्शन की गारंटी नहीं देती, लेकिन ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम की कप्तानी करने से पड़ने वाले दबाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह बात तब कही जब उनकी टीम प्ले-ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मैच में पंत एलएसजी के उन बल्लेबाजों में शामिल थे जो निकोलस पूरन (63) और मिचेल मार्श (44) से मिली अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। एलएसजी का स्कोर आठ ओवर में एक विकेट पर 123 रन था लेकिन आखिर में उसकी टीम पांच विकेट पर 228 रन ही बना पाई और उसे छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा।



एलएसजी ने पंत को मोटी धनराशि में अपनी टीम से जोड़ा था लेकिन वह पिछले सत्र की तरह इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं

# योगी सरकार में दो नए स्पोर्ट्स कॉलेज का दिया तोहफा

- सहारनपुर और फतेहपुर में 2026-27 सत्र से होगी पढ़ाई
- खेल व शिक्षा साथ-साथ, ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए सहारनपुर और फतेहपुर में 80-80 सीटों वाले दो नए स्पोर्ट्स कॉलेज शुरू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों, समीक्षा और निरीक्षणों से वर्षों से लंबित इन परियोजनाओं को पूरा कर 2026-27 शैक्षिक सत्र से संचालन शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

यह पहल प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों के खिलाड़ियों के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है, क्योंकि अब उन्हें प्रशिक्षण के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। खेल और पढ़ाई के संतुलित मॉडल के तहत यहां छात्रों को आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रोफेशनल कोचिंग भी मिलेगी। फतेहपुर स्पोर्ट्स कॉलेज को वर्ष 2011 में स्वीकृति मिली थी और इसे 2018 तक पूरा किया जाना था, जबकि सहारनपुर परियोजना 2013 तक पूरी होनी थी, लेकिन विभिन्न कारणों से ये योजनाएं वर्षों तक अधर में रहीं। योगी सरकार ने इन्हें प्राथमिकता में लेकर पूरा कराया, जिससे अब इनका लाभ खिलाड़ियों को मिल सकेगा। इन दोनों कॉलेजों के शुरू होने के बाद उत्तर प्रदेश में स्पोर्ट्स कॉलेजों की संख्या बढ़कर पांच हो जाएगी। अभी तक लखनऊ स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, गोरखपुर का वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज और इटावा (सैफई) का मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स कॉलेज ही संचालित हैं। इसके अलावा बलिया में एक और स्पोर्ट्स कॉलेज का निर्माण कार्य जारी है।

### कक्षा 9 से प्रवेश, खेलों की विस्तृत व्यवस्था



- फतेहपुर और सहारनपुर दोनों स्पोर्ट्स कॉलेजों में कक्षा 9 से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। एथलेटिक्स रनर बालक के लिए 12, एथलेटिक्स जम्पर बालक के लिए 2, थ्रोवर बालक के लिए 4, हॉकी खिलाड़ी बालक के लिए 26, गोलकीपर बालक के लिए 4, कुश्ती बालक के लिए 10 और हैंडबॉल बालक के लिए 22 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसी तरह सहारनपुर कालेज में एथलेटिक्स रनर बालक के लिए 8, एथलेटिक्स जम्पर बालक के लिए 6, थ्रोवर बालक के लिए 6, हॉकी खिलाड़ी बालक के लिए 21, हॉकी गोलकीपर बालक के लिए 4, जूडो बालक के लिए 10, बॉक्सिंग बालक के लिए 15 और भारोत्तोलन बालक के लिए 10 सीटें तय की गई हैं। भारोत्तोलन अभी तक किसी भी स्पोर्ट्स कॉलेज में नहीं था। सहारनपुर स्पोर्ट्स कॉलेज से पहली बार शुरू हो रहा है। इन कॉलेजों में प्रवेश के लिए छात्र का उत्तर प्रदेश का निवासी होना अनिवार्य है।

### हर मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज का लक्ष्य

- खेल विभाग के सचिव सुहास एल.वाई. ने बताया कि प्रत्येक मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज और एक्सीलेंस सेंटर खोलने का लक्ष्य है। बंध समिति स्पोर्ट्स कॉलेज के सचिव व लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य अतुल सिन्हा ने कहा कि कुशल संचालन के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों को कोई व्यवधान ना उत्पन्न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# सीएसके ने डीसी को 155 रनों पर रोका

## आईपीएल 2026: दिल्ली कैपिटल्स की खराब शुरूबात के बाद ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी की 65 रनों साझेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 155 रन बनाये। दिल्ली के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने 38 और समीर रिजवी ने नाबाद 40 रन की पारी खेली। दोनों ने छठे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए नूर अहमद ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। अकील हुसैन, मुकेश चौधरी, गुरजपनीत सिंह और जैमी ओवरटन को एक-एक सफलता मिली।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। दिल्ली के लिए तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी की वापसी हुई है जो चोटिल होने के कारण पिछले कुछ मैच नहीं खेल सके थे। एनगिडी काइल जैमिसन की जगह प्लेइंग-11 में आए हैं। सीएसके टीम में अकील हुसैन और गुरजपनीत सिंह की वापसी हुई है।



दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज को आउट करने के बाद सीएसके के उत्साहित खिलाड़ी।

### दिल्ली कैपिटल्स पारी

**155/7** (20 ओवर)

| बल्लेबाज | रन |
|---|---|
| पथुम निसंका का ब्रेविस बो चौधरी | 19 |
| लोकेश राहुल का गायकवाड़ बो हुसैन | 12 |
| नीतिश राणा का कार्तिक बो नूर | 15 |
| करुण नायर का गुरजपनीत बो नूर | 13 |
| अक्षर पटेल का हुसैन बो गुरजपनीत | 02 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का चौधरी बो ओवरटन | 38 |
| समीर रिजवी नाबाद | 40 |
| आशुतोष शर्मा रन आउट | 14 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 00 |

- **अतिरिक्त:** 02 कुल योग: 20 ओवर में सात विकेट पर 155 रन, विकेट पतन: 1-29, 2-36, 3-52, 4-61, 5-69, 6-134, 7-149
- **गेंदबाजी:**

अकील हुसैन 4-0-19-1

मुकेश चौधरी 4-0-31-1

अंशुल कंबोज 4-0-49-1

नूर अहमद 3-0-22-2

गुरजपनीत सिंह 4-0-29-1

ओवरटन 1-0-5-0

### टीम के साथ नहीं नजर आए धोनी

- चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने कहा था कि दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल मैच के लिए टीम के साथ नहीं आए हैं, लेकिन उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। धोनी पिंडली की चोट के कारण इस सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 9 | 6 | 2 | 1 | 13 | 0.855 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | 1.420 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 6 | 3 | 0 | 12 | 0.644 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | 0.005 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | -0.895 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 9 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -1.076 |

## हाईलाइट

### विधायक के टिकट के लिए पांच करोड़ मांगे गए थे : मनोज तिवारी



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस के निवर्तमान विधायक मनोज तिवारी ने मंगलवार को कहा कि उनके लिए 'तृणमूल कांग्रेस का अध्याय अब खत्म हो गया है।' उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी ने उन्हें हावड़ा की शिबपुर सीट से टिकट देने से इसलिए मना कर दिया क्योंकि उन्होंने पांच करोड़ रुपये देने से इनकार कर दिया था। भारत के 40 वर्षीय पूर्व बल्लेबाज और बंगाल क्रिकेट के इतिहास में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी (10,195 प्रथम श्रेणी रन) ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार में खेल राज्य मंत्री थे। तिवारी ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि सिर्फ वही लोग टिकट खरीद पाए जो भारी-भरकम रकम दे सकते थे। इस बार कम से कम 70 से 72 उम्मीदवारों ने टिकट पाने के लिए करीब पांच करोड़ रुपये दिए। मेरे से भी पैसे मांगे गए थे लेकिन मैंने देने से मना कर दिया।

# हैदराबाद के खिलाफ पंजाब किंग्स को मजबूत करनी होगी बल्लेबाजी

**हैदराबाद, एजेंसी**

पिछले दो मैचों में बल्लेबाजों की नाकामी के कारण हार का सामना करने वाली पंजाब किंग्स की टीम को अगर अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो उसे बुधवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में फिर से अपनी आक्रामक लय हासिल करनी होगी। लगातार छह मैच जीतने वाली पंजाब की टीम पिछले दो मैचों में लड़खड़ा गई है। इन मैचों में हार ने उसकी उन कमजोरियों को उजागर किया है जिन्हें वह जल्द से जल्द दूर करना चाहेगी।

पंजाब किंग्स भले ही नौ मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है लेकिन अब गलतियों की गुंजाइश काफी कम हो गई है, क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स सभी उससे केवल एक अंक पीछे हैं। बल्लेबाजों की नाकामी के कारण पंजाब किंग्स को पिछले कुछ मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले के मैचों में उसके बल्लेबाजों ने अपने आक्रामक अंदाज का शानदार नमूना पेश किया था। बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के कारण इन मैचों में उसकी गेंदबाजी की कमियों पर किसी का खास ध्यान नहीं गया। शुरुआती दौर में लय बनाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज लड़खड़ा गए हैं।

### टीमें इस प्रकार हैं

- **सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), सलिल अरोड़ा (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, रविचंद्रन अश्विन, अनिकेत वर्मा, अभिषेक शर्मा, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, लियाम लिविंगस्टोन, कामिंडु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, शिवम मावी, शिवांग कुमार, अमित कुमार, गेराल्ड कोएत्ज़ी, प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन, दिलशान मदुशंका, ईशान मलिंगा, ओंकार तरनाले, जयदेव उनादकट, जीशान अंसारी।
- **पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद, पाइला अविनाश, विष्णु विनोद।

# सेमीफाइनल में लक्ष्य की गैरमौजूदगी ने पैदा किया बड़ा अंतर : एचएस प्रणय

**थॉमस कप**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने मंगलवार को कहा कि कोहनी की चोट के कारण लक्ष्य सेन की हाल में संपन्न थॉमस कप के सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ गैरमौजूदगी निर्णायक साबित हुई जिससे डेनमार्क में 2022 के चैंपियन भारत के फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को बड़ा झटका लगा। लक्ष्य को सेमीफाइनल से बाहर होना पड़ा क्योंकि उनकी दाहिनी कोहनी सूज गई थी। यह चोट उन्हें चीनी ताइपे के चो टिएन चेन के खिलाफ 90 मिनट तक चले कड़े और जोरदार क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान लगी थी। लक्ष्य की जगह युवा आयुष शेट्टी को टीम में शामिल किया गया जिन्होंने क्रिस्टो पोपोव का सामना किया लेकिन भारत को फ्रांस के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा और उसे डेनमार्क के हॉर्सेंस में कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) द्वारा आयोजित एक बातचीत के दौरान प्रणय ने कहा, ''मुझे लगता है कि सेमीफाइनल में लक्ष्य की गैरमौजूदगी ने हमारे लिए सबसे बड़ा अंतर पैदा किया। यह एक टीम प्रतियोगिता है जहां रैंकिंग मायने रखती है और शीर्ष खिलाड़ी आमतौर पर शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ ही खेलते हैं।'' उन्होंने कहा, ''बेशक लक्ष्य ने टिएन चेन के खिलाफ इतना बड़ा मैच जीता था... मुझे लगता है कि उनका आत्मविश्वास बढ़ रहा था और शायद पोपोव के खिलाफ मैच का नतीजा हमारे पक्ष में आ सकता था। मेरा मानना है कि लक्ष्य पोपोव को हरा देते और अगले मैच में आयुष निश्चित रूप से हमारे लिए एलेक्स (लैनियर) के खिलाफ जीत हासिल कर लेते।'' प्रणय 2022 में भारत की ऐतिहासिक पहली थॉमस कप जीत के मुख्य शिल्पकारों में से एक थे।

# आरआर की बोली हारना निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का प्रतिबिंब नहीं : सोमानी

**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित काल सोमानी की अगुवाई वाले समूह ने उद्योगपति लक्ष्मी एन मित्तल के नेतृत्व वाले समूह से राजस्थान रॉयल्स के स्वामित्व की बोली हारने पर 'गहरी निराशा' व्यक्त करते हुए मंगलवार को इस बात से इनकार किया कि उसने बोली प्रक्रिया से हाथ खींच लिया था। उन्होंने कहा कि अंतिम परिणाम 'निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा' को नहीं दर्शाता है। लक्ष्मी मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने वैक्सीन निर्माता अदार पूनावाला के साथ मिलकर राजस्थान रॉयल्स में 1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,600 करोड़ रुपये) में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर ली।

# मैनचेस्टर सिटी ने ड्रॉ खेला, आर्सेनल की संभावना बढ़ी

**प्रीमियर लीग फुटबॉल**

**लिवरपूल, एजेंसी**

जेरेमी डोकु के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के सातवें मिनट में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने एवर्टन के खिलाफ मैच 3-3 से ड्रॉ खेला जिससे प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल की स्थिति मजबूत हो गई। इस ड्रॉ के साथ सिटी का लगातार तीन जीत का सिलसिला टूट गया और वह अब आर्सेनल से पांच अंक पीछे हो गया है। आर्सेनल के 35 मैच में 76 और सिटी के 34 मैच में 71 अंक हैं।

डोकु ने मैच के बाद कहा,''यह परिणाम निराशाजनक है लेकिन अभी काफी मैच खेले जाने हैं और कुछ भी हो सकता है। आज हमने दो अंक गंवा दिए, लेकिन हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।'' डोकु ने 43वें मिनट में सिटी के लिए पहला गोल किया था जबकि एर्लिंग हॉलैंड ने 83वें मिनट में दूसरा गोल दागा। एवर्टन की तरफ से थिएर्नो बैरी ने दो (68वें और 81वें मिनट) और जैक ओब्रायन (73वें) ने एक गोल किया।

इससे पहले चेल्सी को प्रीमियर लीग में लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। नॉटिंघम फॉरेस्ट से 3-1 से हारने के बाद चैंपियंस लीग में क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं।



गेंद को काबू में करने को एक-दूसरे से जूझते मैनचेस्टर सिटी और एवर्टन के फुटबॉलर।

**राय**

क्रिकेट प्रेमियों और विशेषज्ञों ने यॉर्कर की उपयोगिता पर उठाए सवाल

# तेज गेंदबाजों का ब्रह्मास्त्र 'यॉर्कर' टी-20 में नहीं कर पा रही कमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- यॉर्कर डालने के लिए रखनी पड़ती है लाइन और लेंथ में बहुत अधिक निरंतरता: मदनलाल

एक समय था जब टी-20 मैच के आखिरी ओवरों की एक जानी पहचानी कहानी होती थी। जैसे-जैसे बल्लेबाजी करने वाली टीम दबाव बढ़ाती और मैच का समीकरण मुश्किल होता जाता था तब कप्तान उन खास गेंदबाजों की तरफ देखते थे जो क्रिकेट के सबसे बड़े दबाव हटाने वाले हथियार 'यॉर्कर' को फेंकने में माहिर होते थे।

लेकिन आईपीएल के इस दौर में जब 220 से अधिक के स्कोर आसान हो गए हैं। बल्लेबाज पहले से सोचे-समझे रैंप शॉट और रिवर्स स्कूप के अलावा क्रीज पर कहीं भी खड़े होकर खेलने को तैयार रहते हैं, ऐसे में कभी बल्लेबाजों में खौफ पैदा करने वाली यॉर्कर आज अपनी सबसे बड़ी परीक्षा से गुजर रही है। ड्रेसिंग रूम और प्रशंसकों के बीच होने वाली चर्चाओं में अब यह सवाल बार-बार पूछा जा रहा है कि क्या इस लीग में बल्लेबाजी में आए बड़े बदलावों ने यॉर्कर को खत्म कर दिया है? क्या यॉर्कर अब एक ऐसी जोखिम वाली गेंद बन गई है जिससे गेंदबाज दूर ही रहना पसंद करते हैं? ऐसा बिल्कुल नहीं है। जानकारों का कहना है कि हम अभी यॉर्कर के खत्म होने की बात नहीं कह सकते। वह गेंद जिसने कभी लसिथ मलिंगा के दौर को पहचान दी थी और जिसे बुमराह ने और भी बेहतरीन बनाया था, आज भी जिंदा है। बस अब बल्लेबाजों के दबदबे वाले इस दौर में क्रिकेट के सबसे बड़े 'फिनिशिंग हथियार' बने रहने के लिए इस गेंद को फेंकने में और भी अधिक हिम्मत और सटीकता की जरूरत होती है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर मदनलाल ने कहा, ''भले ही यह खेल अब बल्लेबाजों का खेल बन गया है लेकिन फिर भी यॉर्कर इसका एक अहम हिस्सा बनी हुई है।'' भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य ने कहा, ''यॉर्कर डालने के लिए आपको अपनी लाइन और लेंथ में बहुत अधिक निरंतरता रखनी पड़ती है। आपको बल्ले के निचले हिस्से पर गेंद मारनी होती है। अगर गेंद थोड़ी भी ऊपर लग जाए तो वह छक्का बन जाती है। वाइड यॉर्कर के मामले में भी यही बात लागू होती है। आपकी लेंथ ही सबसे अधिक मायने रखती है।''

उन्होंने कहा, ''इसके लिए आपको लगातार अभ्यास करते रहना पड़ता है। यॉर्कर और धीमी गेंदें इस खेल का एक बहुत ही जरूरी हिस्सा बनी हुई हैं।'' अन्य विशेषज्ञ भी मदनलाल की बात से सहमत हैं। आम राय यह है कि आईपीएल ने यॉर्कर को खत्म तो नहीं किया है लेकिन इसकी कमजोरियों को उजागर कर दिया है। थोड़ी सी भी चूक होने पर मिलने वाली सजा को बढ़ा दिया है और इसके सही इस्तेमाल को क्रिकेट के सबसे दुर्लभ कौशल वाले कामों में से एक बना दिया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि जो बदलाव आया है, वह यह है कि टी20 क्रिकेट ने यॉर्कर को डेथ ओवरों के एक आम विकल्प से बदलकर एक ऐसी खास कला बना दिया है जिसके लिए असाधारण सटीकता की जरूरत होती है। मुंबई इंडियन्स के लिए मलिंगा की पैर की अंगुलियों को कुचल देने वाली सटीक यॉर्कर से लेकर चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए ड्वेन ब्रावो की धीमी यॉर्कर में विविधताएं, और जसप्रीत बुमराह की मशीन जैसी अचूक यॉर्कर, वर्षों तक आईपीएल में डेथ ओवरों की गेंदबाजी की पहचान यॉर्कर ही रही है।



# भारतीय पुरुष टीम ने शीर्ष तीन में जगह बनाई

**विश्व कप तीरंदाजी**

**शंघाई, एजेंसी**

पूर्व विश्व चैंपियन ओजस देवताले ने भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम का नेतृत्व करते हुए मंगलवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण के क्वालीफाइंग राउंड में व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष 10 में जगह पक्की की। बर्लिन में 2023 विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप जीतकर भारत के पहले पुरुष विश्व चैंपियन बने देवताले ने यहां क्वालीफाइंग में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने 711 अंक हासिल करके कुल मिलाकर सातवां स्थान हासिल किया। इससे भारतीय टीम को भी फायदा हुआ और वह शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रही।

साहिल जाधव ने भी 711 अंक बनाए लेकिन केंद्र पर सर्वाधिक निशाना लगाने के कारण देवताले उनसे आगे रहे। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी कुशल दलाल ने कुल मिलाकर 18वें स्थान पर रहकर इस तिकड़ी को पूरा किया। इस तरह से भारत ने टीम स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया।

हालांकि एशियाई खेलों के पदक विजेता अभिषेक वर्मा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह 705 अंकों के साथ 25वें स्थान पर रहे, जिससे उन्हें टीम में जगह नहीं मिल पाई। लेकिन वह व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड में हिस्सा लेंगे। महिलाओं के कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन अदिति स्वामी 700 अंकों के साथ 13वें स्थान पर रहीं। वह क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली अमेरिका की एलेक्सिस रुइज़ से सात अंक पीछे रही।